हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं दुमका से प्रकाशित



Page 11

खेल

**कोहली ने पाकिस्तानी खिलाड़ी साहिबजादा फरहान समेत 4 बैटर का यह रिकॉर्ड तोड़ा...**



Page 09

देश

**मध्य प्रदेश में मंत्रिमंडल विस्तार के संकेत, मानसून सत्र के पहले हो सकता है विस्तार**

मूल्य ₹ 2.00

कृष्ण पक्ष, अश्विनी, विक्रम संवत् 2083

• औरंगाबाद • शुक्रवार • 15 मई 2026 • वर्ष 28 • अंक 162 • पृष्ठ 12

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 1,48,800 | ₹ 3,00,000 |



## आज का इतिहास

**1993 :** भारतीय क्रिकेट इतिहास में विनोद कांबली ने 227 रन बनाए। मैच जिम्बाब्वे के खिलाफ था। यह उनका लगातार दूसरा शतक था।

**2009 :** अंतर्राष्ट्रीय स्तर की महिला पहलवान अर्जुन अवार्डी गतिका जाखड़ ने लगातार सातवीं बार भारत केसरी ख़िताब जीतकर देश की सबसे ताकतवर महिला पहलवान बनने का गौरव प्राप्त किया।

## न्यूज बाइट्स

### कैबिनेट बैठक में अब अफसर नहीं बल्कि मंत्री खुद पेश कर रहे एजेंडा

**पटना (नि.सं.)** । मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार ने कैबिनेट बैठकों में एक नई व्यवस्था की शुरुआत की है। अब राज्य कैबिनेट की बैठक में विभागों के सचिव या वरिष्ठ अधिकारी नहीं, बल्कि संबंधित मंत्री स्वयं अपने विभाग का एजेंडा पेश कर रहे हैं। इस नई पहल की शुरुआत बुधवार को आयोजित सम्राट कैबिनेट की बैठक से की गई। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के निर्देश पर हुई इस पहल के तहत मंत्रियों ने पहली बार अपने-अपने विभागों के प्रस्ताव और योजनाएं सीधे कैबिनेट बैठक में प्रस्तुत कीं। बताया जा रहा है कि आने वाली बैठकों में भी यही व्यवस्था जारी रहेगी।

### बिहार में 16 से 20 मई तक बदला रहेगा मौसम का मिजाज

**पटना (नि.सं.)** । टना मौसम विज्ञान केंद्र ने 16 मई से 20 मई तक बिहार के मौसम को लेकर पूर्वानुमान जारी किया है। अलग-अलग दिनों में कई जिलों के लिए येलो, ऑरेंज और ग्रीन अलर्ट जारी किया गया है. 16 मई को पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, गोपालगंज, सीवान, सारण, बक्सर, भोजपुर, रोहतास, कैमूर, औरंगाबाद, अरवल, पटना, जहानाबाद, नालंदा, नवादा, गया, शेखपुरा, लखीसराय और बेगूसराय समेत कई जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है. सीतामढ़ी, शिवहर, मधुबनी, दरभंगा, समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर, वैशाली, खगड़िया, सहरसा, सुपौल, मधेपुरा, पूर्णिया, कटिहार, अररिया, किशनगंज, भागलपुर, बांका, मुंगेर और जमुई में येलो अलर्ट जारी किया गया है।

16 राज्यों और 3 केंद्र शासित प्रदेशों में शुरू होगा विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान

# एसआईआर के तीसरे चरण का विशेष गहन पुनरीक्षण शुरू

- 36.73 करोड़ मतदाताओं का होगा सत्यापन
- अभियान का लक्ष्य डुप्लीकेट, मृत और अपात्र मतदाताओं के नाम हटाना है।
- सभी पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में शामिल करने पर जोर।



GYANESH KUMAR
CHIEF ELECTION COMMISSIONER

**निज संवाददाता | नई दिल्ली**

भारत निर्वाचन आयोग ने गुरुवार को 16 राज्यों और तीन केंद्र शासित प्रदेशों में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तीसरे चरण की शुरुआत करने की घोषणा की है। आयोग ने इसे देशव्यापी स्तर पर चलाया जाने वाला बड़ा अभियान बताया है, जिसका उद्देश्य मतदाता सूचियों को अधिक सटीक, पारदर्शी और त्रुटिरहित बनाना है। निर्वाचन आयोग के अनुसार, तीसरे चरण का कार्यक्रम वर्तमान में चल रही जनगणना के मकान सूचीकरण कार्य में लगी साझा फील्ड मशीनरी की उपलब्धता को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। इस चरण की शुरुआत के साथ ही देश के अधिकांश हिस्सों में SIR प्रक्रिया लागू हो जाएगी। हालांकि हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख को फिलहाल इसमें शामिल नहीं किया गया है। आयोग ने कहा है कि इन क्षेत्रों के लिए कार्यक्रम बाद में घोषित किया जाएगा, क्योंकि वहां मौसम संबंधी चुनौतियां और हिमपात की स्थिति बनी रहती है। आयोग ने बताया कि इस अभियान के तहत 3.94 लाख से अधिक बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) घर-घर जाकर लगभग 36.73 करोड़ मतदाताओं का सत्यापन करेंगे। इस कार्य में विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त करीब 3.42 लाख बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) भी सहयोग करेंगे।

निर्वाचन आयोग ने एसआईआर को सहभागी और पारदर्शी प्रक्रिया बताते हुए कहा कि इसमें मतदाता, राजनीतिक दल और चुनाव अधिकारी सभी की महत्वपूर्ण भूमिका होगी।

### एसआईआर क्या है?

यह चुनाव आयोग की एक प्रक्रिया है। इसमें घर-घर जाकर लोगों से फॉर्म भरवाकर वोटर लिस्ट अपडेट की जाती है। 18 साल या उससे ज्यादा उम्र के नए लोगों को वोटर लिस्ट में जोड़ा जाता है। ऐसे लोग जिनकी मौत हो चुकी है या जो दूसरी जगह शिफ्ट हो चुके हैं, उनके नाम हटाए जाते हैं। नाम, पते में गलतियों को भी ठीक किया जाता है।

आयोग ने सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों से अपील की है कि वे प्रत्येक मतदान केंद्र पर बूथ लेवल एजेंट नियुक्त करें, ताकि पुनरीक्षण प्रक्रिया प्रभावी और निष्पक्ष तरीके से पूरी हो सके। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि एसआईआर का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि मतदाता सूची में केवल पात्र मतदाताओं के नाम शामिल हों और किसी भी अपात्र व्यक्ति का नाम सूची में न रहे। उन्होंने सभी मतदाताओं से अपील की कि वे तीसरे चरण में उत्साहपूर्वक भाग लें और अपने गणना फॉर्म भरें। निर्वाचन आयोग के अनुसार, पहले दो चरणों में 13 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में लगभग 59 करोड़ मतदाता इस प्रक्रिया के दायरे में आए थे। इन चरणों के दौरान 6.3 लाख से अधिक बूथ लेवल अधिकारी और 9.2 लाख बूथ लेवल एजेंट विभिन्न स्तरों पर तैनात किए गए थे।

अधिकारियों ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची से डुप्लीकेट, स्थानांतरित, मृत अथवा अयोग्य मतदाताओं के नाम हटाना और सभी पात्र नागरिकों को सूची में शामिल करना है, ताकि चुनाव प्रक्रिया अधिक निष्पक्ष और विश्वसनीय बन सके। निर्वाचन आयोग के अनुसार, तीसरे चरण में दिल्ली, ओडिशा, मिजोरम, सिक्किम, मणिपुर, उत्तराखंड, आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, हरियाणा, चंडीगढ़, तेलंगाना, पंजाब, कर्नाटक, मेघालय, महाराष्ट्र, झारखंड, नागालैंड, त्रिपुरा तथा दादर और नगर हवेली एवं दमन और दीव में एसआईआर अभियान चलाया जाएगा।

आयोग ने बताया कि बिहार, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल, पुडुचेरी, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात, छत्तीसगढ़, गोवा, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह तथा लक्षद्वीप में SIR प्रक्रिया पहले ही पूरी की जा चुकी है। वहीं असम में विशेष पुनरीक्षण अभियान अलग से संचालित किया गया था।

# जैविक खेती करने वाले युवा किसान होंगे सम्मानित, सरकार देगी प्रोत्साहन : विजय

- बायोगैस इकाइयों पर 50 प्रतिशत तक, अधिकतम 22,500 रुपये अनुदान मिलेगा।
- वित्तीय वर्ष 2026-27 में 7500 पक्का वर्मी कम्पोस्ट इकाइयों की स्थापना का लक्ष्य।



**निज संवाददाता | पटना**

बिहार सरकार राज्य में जैविक और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने की दिशा में बड़े स्तर पर काम करने जा रही है। कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि कृषि के भविष्य और लोगों के बेहतर स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए सरकार जैविक खेती को प्रोत्साहित करेगी। साथ ही इस क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले युवा किसानों को सम्मानित और प्रोत्साहित भी किया जाएगा।

गुरुवार को मीठापुर स्थित कृषि भवन में विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक के दौरान कृषि मंत्री ने कहा कि रासायनिक खेती के बढ़ते दुष्प्रभावों को देखते हुए अब प्राकृतिक और जैविक खेती की ओर तेजी से बढ़ना आवश्यक हो गया है। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों को इस दिशा में प्रोत्साहन देने के लिए कई योजनाएं चला रही है। कृषि मंत्री ने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष में गोबर गैस और बायोगैस इकाइयों को बढ़ावा देने के लिए 100 इकाइयों की स्थापना का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए किसानों को 50 प्रतिशत तक अनुदान दिया जाएगा। एक इकाई पर अधिकतम 22 हजार 500 रुपये तक की सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

उन्होंने कहा कि सरकार पक्का वर्मी कम्पोस्ट और व्यावसायिक वर्मी कम्पोस्ट इकाइयों की स्थापना पर भी अनुदान दे रही है। वित्तीय वर्ष 2026-27 में राज्यभर में 7500 पक्का वर्मी कम्पोस्ट इकाइयों की स्थापना का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। विजय कुमार सिन्हा ने बताया कि इस वर्ष 5700 हेक्टेयर क्षेत्र में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने की योजना है। इस योजना में शामिल किसानों को प्रति एकड़ 4000 रुपये की दर से अनुदान दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि रासायनिक खेती के कारण मानव शरीर की प्रतिरोधक क्षमता पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। ऐसे में जैविक खेती न केवल मिट्टी की उर्वरता को पुनर्जीवित करेगी, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और लोगों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में भी अहम भूमिका निभाएगी। कृषि मंत्री ने कहा कि सरकार का उद्देश्य आने वाली पीढ़ियों की इम्यूनिटी को मजबूत बनाना, पर्यावरण को प्रदूषण से बचाना और किसानों की आय में वृद्धि करना है।

## पूरे बिहार में चलेगा पांच करोड़ पौधे लगाने का अभियान

**पटना (नि.सं.)।** बिहार में पर्यावरण संरक्षण और हरित क्षेत्र बढ़ाने के उद्देश्य से इस वर्ष बड़े स्तर पर पौधारोपण अभियान चलाया जाएगा। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग ने वर्षा ऋतु के दौरान पूरे राज्य में पांच करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। चालू वित्तीय वर्ष में इस महत्वाकांक्षी अभियान को सफल बनाने के लिए राज्यभर में व्यापक तैयारी शुरू कर दी गई है। विभाग की ओर से ग्रामीण विकास विभाग, कृषि विभाग, मनरेगा योजना और जीविका दीदियों के सहयोग से विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई है। जानकारी के अनुसार, पौधारोपण अभियान जुलाई महीने के पहले सप्ताह से शुरू होगा और पूरे वर्षाकाल तक जारी रहेगा। अभियान के तहत सड़कों के किनारे, सरकारी संस्थानों, पंचायत क्षेत्रों, खेतों और सार्वजनिक स्थलों पर बड़े पैमाने पर पौधे लगाए जाएंगे। सरकार का उद्देश्य राज्य में हरित आवरण बढ़ाने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण, जलवायु संतुलन और लोगों को स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराना है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि अभियान में आम लोगों की भागीदारी भी सुनिश्चित की जाएगी, ताकि अधिक से अधिक पौधों का संरक्षण हो सके।

# नीट फर्जीवाड़ा मामले में आरजेडी के राष्ट्रीय सचिव समेत चार गिरफ्तार

**निज संवाददाता | पटना**



दिल्ली पुलिस ने नीट परीक्षा में कथित फर्जीवाड़ा और मेडिकल कॉलेजों में एडमिशन दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले एक बड़े गिरोह का खुलासा किया है। इस मामले में आरजेडी के राष्ट्रीय सचिव संतोष कुमार जायसवाल, एक डॉक्टर समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार, गिरोह अभ्यर्थियों और उनके अभिभावकों को एमबीबीएस में दाखिला दिलाने का झांसा देकर लाखों रुपये वसूलता था। गिरफ्तार संतोष कुमार जायसवाल बिहार के मोतिहारी जिले के घोड़हसन का रहने वाला है और दिल्ली में दवा का कारोबार करता है। बताया जा रहा है कि वह रक्सौल विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने की तैयारी भी कर रहा था। पुलिस का दावा है कि वह पूरे नेटवर्क का मुख्य संचालक था।

दिल्ली पुलिस के अनुसार, 3 मई को नीट यूजी 2026 परीक्षा से पहले कुछ नाबालिग छात्रों समेत 18 विद्यार्थियों को इस गिरोह के चंगुल से मुक्त कराया गया। आरोप है कि गिरोह छात्रों को प्रश्न पत्र उपलब्ध कराने और मेडिकल कॉलेज में एडमिशन की गारंटी देने के बहाने अलग-अलग स्थानों पर ले जाता था। कथित फर्जी प्रश्न पत्र पिछले वर्षों के अध्ययन सामग्री और कोचिंग संस्थानों के नोट्स के आधार पर तैयार किए गए थे।

# पटाखा फैक्ट्री में ब्लास्ट, तीन मजदूरों की मौत, 25 घायल

- यूपी-बिहार के हैं मजदूर, फैक्ट्री मालिक हिरासत में

**एजेंसी | देवास (मध्य प्रदेश)**



मध्य प्रदेश के देवास जिले के टोंक कलां क्षेत्र में गुरुवार सुबह एक पटाखा फैक्ट्री में हुए भीषण विस्फोट में 3 मजदूरों की मौत हो गई, जबकि 25 लोग घायल हो गए। मृतकों की पहचान धीरज, सनी और सुमित के रूप में हुई है। हादसे में कई मजदूर गंभीर रूप से झुलस गए हैं। फैक्ट्री में काम करने वाले मजदूर उत्तर प्रदेश, बिहार और मध्य प्रदेश के निवासी बताए जा रहे हैं। सुबह करीब 11:30 बजे हुए इस धमाके की आवाज दूर-दूर तक सुनाई दी। विस्फोट इतना तेज था कि मृतकों के शवों के टुकड़े 20 से 25 फीट दूर तक जा गिरे। धमाके से फैक्ट्री की दीवारें भी क्षतिग्रस्त हो गईं और पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। घटना के तुरंत बाद प्रशासन और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। घायलों को अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया। जिला प्रशासन के अनुसार 12 घायलों का इलाज देवास जिला अस्पताल में चल रहा है, जबकि कई अन्य को अमलतास अस्पताल तथा इंदौर के एमवाई और चोइथराम अस्पताल रेफर किया गया है। प्रशासन ने हादसे के बाद फैक्ट्री को सील कर दिया है। पुलिस ने फैक्ट्री मालिक अनिल मालवीय को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि दो केमिकल मिलाकर बारूद तैयार किया जा रहा था। इसी दौरान केमिकल का अनुपात बिगड़ने से जोरदार विस्फोट हो गया। स्थानीय लोगों के अनुसार, हादसे के समय फैक्ट्री में 15 से 20 मजदूर मौजूद थे। ब्लास्ट लंच से कुछ मिनट पहले हुआ, जिससे कई मजदूर जान बचाकर भागे। ग्रामीणों ने प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि फैक्ट्री के खिलाफ पहले भी शिकायतें की गई थीं, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। हादसे के बाद सोशल मीडिया पर बीजेपी सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी और फैक्ट्री मालिक की तस्वीर वायरल होने लगी। हालांकि सांसद ने कहा कि फैक्ट्री मालिक उनके परिचित हैं, लेकिन कार्यकर्ता नहीं हैं। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने घटना पर दुख जताते हुए जांच के निर्देश दिए हैं। सरकार ने मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता तथा घायलों के मुफ्त इलाज की घोषणा की है। बताया जा रहा है कि मार्च 2026 में भी इसी फैक्ट्री में विस्फोट की घटना हुई थी। स्थानीय लोगों ने सुरक्षा मानकों की अनदेखी और अवैध गतिविधियों को लेकर पहले भी प्रशासन से शिकायत की थी।

# बिहार में कोचिंग संस्थानों पर सख्ती की तैयारी

**निज संवाददाता | पटना**



बिहार सरकार राज्य में संचालित कोचिंग संस्थानों को नियंत्रित करने के लिए नया कानून लाने की तैयारी में है। शिक्षा विभाग ने इसके लिए ड्राफ्ट तैयार कर लिया है। प्रस्तावित नियम उन सभी कोचिंग संस्थानों पर लागू होंगे, जहां 25 से अधिक छात्र पढ़ाई करते हैं। सरकार का उद्देश्य छात्रों और अभिभावकों को मनमानी फीस, भ्रामक विज्ञापन और अव्यवस्थित व्यवस्था से राहत दिलाना है। सरकार ने छात्रों की पढ़ाई के माहौल और मानसिक स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए कई महत्वपूर्ण प्रावधान शामिल किए हैं। प्रत्येक छात्र के लिए न्यूनतम दो वर्ग फीट जगह सुनिश्चित करनी होगी। कोचिंग में पढ़ाने वाले शिक्षकों का स्नातक होना जरूरी होगा। इसके अलावा, एक बैच में कितने छात्र होंगे इसकी जानकारी पहले से देनी होगी और बाद में संख्या नहीं बढ़ाई जा सकेगी। छात्रों के मानसिक तनाव को कम करने के लिए संस्थानों में काउंसलर रखने का भी प्रावधान किया गया है। कोचिंग संस्थान स्टडी मटेरियल और नोट्स के नाम पर अलग से अतिरिक्त शुल्क नहीं वसूल सकेंगे। यदि कोई छात्र बीच में कोर्स छोड़ता है, तो बची हुई फीस वापस करनी होगी।

ड्राफ्ट में यह भी प्रस्ताव है कि कोचिंग संस्थान छात्रों के रिजल्ट का सार्वजनिक प्रदर्शन या प्रचार नहीं कर सकेंगे। सरकार का मानना है कि इससे छात्रों पर अनावश्यक मानसिक दबाव कम होगा और प्रतिस्पर्धा का नकारात्मक असर घटेगा।

### रजिस्ट्रेशन होगा अनिवार्य

नए नियमों के तहत सभी कोचिंग संस्थानों के लिए रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य होगा। बिना रजिस्ट्रेशन के कोचिंग संचालित करने पर एक लाख रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकेगा। वहीं नियमों के उल्लंघन पर 50 हजार से 2 लाख रुपये तक का जुर्माना और संस्थान का रजिस्ट्रेशन रद्द करने का प्रावधान भी रखा गया है। रजिस्ट्रेशन के लिए संस्थानों को 15 हजार रुपये शुल्क देना होगा। यदि किसी कोचिंग संस्थान की कई शाखाएं हैं, तो प्रत्येक शाखा के लिए अलग-अलग रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य होगा।

BAYC Institute स्थापित 1972

बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज

गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7

नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स

भारत का पहला कॉलेज

डॉक्टर बनें

एक्युप्रेशर, योग, नेचुरोपैथी, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन




DIPLOMA COURSE

DAT Acupressure Therapy | DY Yoga | DEMS Electrohomeopathy Medicine
DAYS Acupressure Yoga | DHMS Herbal Medicine | DNYS Naturopathy Yoga
अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : 10th | अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : 10th

BACHELOR DEGREE COURSE

MBBA Acupressure & Magnet | BTMS Traditional Medicine | BEMS Electrohomeopathy Medicine
BAYS Acupressure Yoga | BAcu. Acupuncture | MBAS Medicine in ALT Science
अवधि: 3 वर्ष | योग्यता : 10+2 | अवधि: 4½ वर्ष | योग्यता : 10+2

MASTER DEGREE COURSE

MD (Acu Yoga) MD (TM) | MD (EH)
अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : मेडिकल ग्रेजएट | अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : BEMS

PROFESSIONAL COURSE

BLIS | MLIS | BBA | MBA

TRADITIONAL COURSE

MA (Yoga) | Yoga Teacher Course | BA | MA

100% रिजल्ट एवं रोजगार

Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised

DIRECT ADMISSION | REGULAR CLASSES | ONLINE CLASSES | EXPERIENCED FACULTIES

एक्युप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि।

कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं।



डा. सर्वदेव प्रसाद गुप्त
अध्यक्ष



डा. अजय प्रकाश
सचिव

9572607696, 9304942855, 9334278279 Apply Online: www.bayc.in

Email: baycpatna@gmail.com | Website: www.indianacupressure.com

बिहार में राजस्व कर्मचारियों का बढ़ा कार्यभार

# कर्मचारियों को अब सुबह-शाम करना होगा अतिरिक्त काम

**एजेंसी | पटना**



बिहार में राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने लंबित मामलों के तेजी से निष्पादन और फार्मर रजिस्ट्री सत्यापन कार्य में तेजी लाने के लिए बड़ा कदम उठाया है। विभाग ने सभी राजस्व कर्मचारियों और अधिकारियों को अतिरिक्त समय तक काम करने का निर्देश दिया है। अब कर्मचारियों को नियमित ड्यूटी के अलावा सुबह और रात में भी अतिरिक्त कार्य करना होगा। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के सचिव जय सिंह ने गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य के सभी जिलों के राजस्व अपर समाहर्ताओं के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में फार्मर रजिस्ट्री सत्यापन, लंबित राजस्व मामलों, वेतन भुगतान और तकनीकी व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई।

बैठक के दौरान सचिव ने कहा कि हाल के दिनों में हड़ताल और अन्य कारणों से बड़ी संख्या में मामले लंबित हो गए हैं। इन मामलों के निष्पादन में तेजी लाना सरकार की प्राथमिकता है। इसी को ध्यान में रखते हुए सभी जिलों को विशेष अभियान चलाकर लंबित मामलों का निपटारा करने का निर्देश दिया गया है। विभाग ने स्पष्ट रूप से कहा है कि सभी राजस्व कर्मचारियों को अब सुबह 6 बजे से 9 बजे तक और शाम 7 बजे से रात 10 बजे तक अतिरिक्त कार्य करना होगा। यानी कर्मचारियों को प्रतिदिन लगभग छह घंटे अतिरिक्त काम कर लंबित मामलों का निष्पादन करना होगा। विभाग का मानना है कि इससे किसानों और आम लोगों से जुड़े मामलों के निपटारे में तेजी आएगी।

समीक्षा बैठक में फार्मर रजिस्ट्री सत्यापन कार्य को भी प्राथमिकता देने पर जोर दिया गया। विभागीय अधिकारियों ने कहा कि किसानों से संबंधित आंकड़ों का सही और समय पर सत्यापन सरकार की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जरूरी है। इसलिए सभी जिलों को सत्यापन प्रक्रिया तेज करने का निर्देश दिया गया है। इसके अलावा सचिव जय सिंह ने राजस्व कर्मचारियों के स्थापना संबंधी मामलों को शीघ्र निपटाने और अंचल अधिकारियों के लंबित वेतन भुगतान को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की प्रशासनिक समस्याओं का समय पर समाधान होना भी आवश्यक है। बैठक में राजस्व न्यायालयों को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने पर भी चर्चा हुई।

## संक्षिप्त समाचार

### वज्रपात से वृद्ध की मौत, गांव में शोक

**कौआकोल।** कौआकोल प्रखंड के खड़सारी पंचायत अंतर्गत करमाटांड़ गांव में बुधवार की रात्रि वज्रपात की चपेट में आने से एक वृद्ध की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार 65 वर्षीय विष्णुदेव यादव (पिता-स्वर्गीय जगदीश यादव) रात में शौच के लिए घर से बाहर गए थे। इसी दौरान अचानक हुई तेज बारिश और वज्रपात की चपेट में आने से उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही स्वजनों एवं ग्रामीणों में शोक की लहर दौड़ गई। बताया जाता है कि स्वजनों द्वारा शव का पोस्टमार्टम नहीं कराया गया तथा गुरुवार को गांव में ही अंतिम संस्कार कर दिया गया। घटना के बाद पूरे गांव में मातमी माहौल बना हुआ है।

### जोरावरडीह में श्रीहनुमान जी की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न

**कौआकोल।** थाना क्षेत्र के जोरावरडीह गांव में चल रहे तीन दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान के तहत गुरुवार को श्रीहनुमान जी की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा विधिवत संपन्न कराई गई। वैदिक मंत्रोच्चारण एवं धार्मिक रीति-रिवाजों के बीच आचार्य पंडित कुंदन पराशर के देखरेख में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम आयोजित हुआ। प्राण प्रतिष्ठा के उपरांत हवन एवं पूर्णाहुति संपन्न कर श्रद्धालुओं ने क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं शांति की कामना की। इस अवसर पर गांव में भक्तिमय वातावरण बना रहा और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होकर पूजा-अर्चना में शामिल हुए। कार्यक्रम के समापन पर श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया गया तथा भंडारा का आयोजन कर सभीनको महाप्रसाद ग्रहण कराया गया। गांव के स्थानीय ग्रामीणों एवं आयोजन समिति के सदस्यों का आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### संत जॉन्स पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने 12वीं में गाड़े सफलता के झंडे, वारिसलीगंज का मान बढ़ाया










**वारिसलीगंज (नवादा):** नगर परिषद क्षेत्र स्थित संत जॉन्स पब्लिक स्कूल ने एक बार फिर शैक्षणिक उत्कृष्टता साबित करते हुए 12वीं की परीक्षा में शत-प्रतिशत परिणाम हासिल किया है। परीक्षा परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर में खुशी का माहौल छा गया। छात्र-छात्राओं ने अपनी कड़ी मेहनत से न केवल अपने माता-पिता, बल्कि पूरे जिले का नाम रोशन किया विद्यालय के सत्यम राज ने 83.2% अंक प्राप्त कर स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वहीं प्रतिक राज ने 81.8% के साथ द्वितीय और खुशी कुमारी ने 74.6% अंक पाकर तृतीय स्थान हासिल किया। विज्ञान और वाणिज्य (Science & Commerce) संकाय के अधिकांश छात्र प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए हैं।

**शिक्षकों और प्रबंधन ने दी बधाई:** इस शानदार उपलब्धि पर विद्यालय के निदेशक ने खुशी जाहिर करते हुए कहा, "यह सफलता हमारे छात्रों की एकाग्रता और शिक्षकों के सही मार्गदर्शन का परिणाम है। ग्रामीण क्षेत्र में प्रतिभा की कमी नहीं है, बस उन्हें सही मंच की जरूरत है।" प्राचार्य संतोष कुमार ने छात्रों को मिठाई खिलाकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# मेसकौर के प्रखंड प्रमुख बनी प्रभावती देवी, अधिकारियों ने सौंपा प्रमाण पत्र

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

- **14 पंचायत समितियों में से 10 का मिला सहयोग, लगातार डेढ़ वर्षों के संघर्ष के बाद मिली सफलता**
- **अनुमंडल सभागार में चुनाव प्रक्रिया निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न**

**रजौली।** रजौली अनुमंडल सभागार में गुरुवार को मेसकौर प्रखंड के प्रमुख के लिए चुनाव प्रक्रिया का आयोजन निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। इस दौरान ऑब्जर्वर के रूप में एडीएम नवादा अनिल कुमार तिवारी एवं निर्वाचक सह एसडीएम रजौली स्वतंत्र कुमार सुमन भी मौजूद रहे। चुनावी प्रकिया के दौरान रजौली के बीडीओ संजीव झा एवं सीओ मो. गुफरान मजहरी के अलावे सुरक्षा व्यवस्था हेतु अनुमंडल कार्यालय के मुख्य द्वार पर मजिस्ट्रेट के रूप कनीय अभियंता सिंचाई विभाग रजौली तसनीम अख्तर व एएसआई वीरेंद्र ओझा के अलावे कार्यालय द्वार मजिस्ट्रेट के रूप में कृषि समन्वयक धनंजय कुमार पर्याप्त संख्या में पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

गौरतलब हो कि बीते 18 अप्रैल को प्रखंड कार्यालय सभागार में एडीएम सह पर्यवेक्षक शम्भू शरण पाण्डेय की मौजूदगी में निवर्तमान प्रमुख संतोष कुमार के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था। इस दौरान प्रखंड के 14 पंचायत समितियों में से 10 सदस्य उपस्थित हुए थे एवं सभी ने एकमत होकर संतोष कुमार के विरुद्ध मतदान किया था,जिसके बाद उन्हें प्रमुख पद से हटना पड़ा था। प्रमुख पद खाली होने के बाद राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा 14 मई को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से मतदान का निर्देश दिया गया था।

अनुमंडल सभागार में गुरुवार को हुए मतदान के दौरान मेसकौर प्रखंड के सभी 14 पंचायत समितियां उपस्थित थे। प्रमुख के लिए रसलपुरा पंचायत समिति प्रभावती देवी ने अपना नामांकन किया। मतदान के दौरान 14 में से 10 पंचायत समितियों का मत प्रभावती देवी को प्राप्त हुआ। मतदान प्रक्रिया समाप्त होने के बाद निर्वाची पदाधिकारी ने ऑब्जर्वर के समक्ष मेसकौर प्रखंड के नवनिर्वाचित प्रमुख प्रभावती देवी को प्रमाण पत्र सौंप दिया। मतदान के बाद अनुमंडल कार्यालय के बाहर सैकड़ों समर्थकों ने नवनिर्वाचित प्रखंड प्रमुख को फूलों की माला पहनाकर गर्मजोशी से स्वागत किया एवं जिंदाबाद के नारे लगाए।


फूलों की माला पहने अपने समर्थकों में साथ प्रमुख

नवनिर्वाचित प्रखंड प्रमुख प्रभावती देवी ने अपनी जीत का श्रेय सभी 10 पंचायत समितियों को दी। साथ ही कही कि वह पूरी तरह से जनता हित में विकास कार्य करेंगी। वहीं प्रमुख प्रतिनिधि मुकेश यादव ने कहा कि पूर्व प्रमुख संतोष कुमार अपने व्यवहार और खराब कार्यशैली से अपनी कुर्सी गवाई है। बीते डेढ़ वर्षों से निवर्तमान प्रमुख को हटाने के लिए संघर्ष किया जा रहा था,जो आज सफल हुआ। उन्होंने कहा कि प्रमुख कार्यालय के बचे तीन महीनों में प्रखंड में ऐसा कार्य किया जाएगा,जिसे देखकर जनता काफी खुश होगी।

## वामपंथी उग्रवादियों हेतु आत्मसमर्पण सह पुनर्वास नीति को लेकर जंगली इलाकों में पुलिस का जागरूकता अभियान



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**कौआकोल।** कौआकोल थाना क्षेत्र के महुडर पंचायत अंतर्गत जंगली एवं दुर्गम इलाकों में वामपंथी उग्रवादियों हेतु सरकार द्वारा संचालित आत्मसमर्पण सह पुनर्वास नीति को लेकर पुलिस ने बुधवार को विशेष जागरूकता अभियान चलाया। यह अभियान कौआकोल के अपर थानाध्यक्ष एसआई अविनाश कुमार के नेतृत्व में महुडर के दनियाँ, रानीगदर,करमाटांड़,झरनवां,लालपुर आदि गांवों में चलाया गया। अभियान के दौरान पुलिस टीम ने ग्रामीणों के बीच पहुंचकर सरकार की समर्पण एवं पुनर्वास नीति की जानकारी दी तथा उग्रवाद का रास्ता छोड़ मुख्यधारा से जुड़ने की अपील की। पुलिस पदाधिकारियों ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले उग्रवादियों को सरकार द्वारा आर्थिक सहायता,पुनर्वास सुविधा,कौशल प्रशिक्षण एवं रोजगार के अवसर प्रदान किए जाते हैं। टीम ने ग्रामीणों से उग्रवादी गतिविधियों की सूचना गोपनीय रूप से पुलिस को देने का आग्रह किया। अभियान के दौरान चौपाल लगाकर लोगों से संवाद किया गया तथा युवाओं को भटकाव से दूर रहने और विकास कार्यों में सहयोग करने का संदेश दिया गया। पुलिस ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिकता है।पुलिस अधिकारियों ने कहा कि उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में आगे भी इस तरह के जनजागरण अभियान लगातार चलाए जाएंगे। मौके पर एएसआई रिंकू कुमार समेत एसटीएफ जवान एवं ग्रामीण आदि मौजूद थे।

# मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाइट योजना सहित पंचायत योजनाओं की प्रगति की हुई समीक्षा

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नवादा।** जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश के निर्देश के आलोक में जिला पंचायत राज पदाधिकारी नवीण कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में पंचायती राज विभाग, नवादा की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में पंचायती राज विभाग द्वारा संचालित विभिन्न महत्वपूर्ण योजनाओं एवं कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा की गई। सर्वप्रथम मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाइट योजना के अंतर्गत नवादा जिले के चयनित ग्राम पंचायतों में सोलर स्ट्रीट लाइट अधिष्ठापन कार्य की प्रगति की समीक्षा की गई। जिला पंचायत राज पदाधिकारी ने अधिष्ठापन उपरांत उत्पन्न हो रही समस्याओं के त्वरित समाधान एवं लंबित कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश संबंधित एजेंसियों को दिया। साथ ही कार्य पूर्ण होने के उपरांत नियमानुसार भुगतान की प्रक्रिया सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया गया।



बैठक में प्रथम फेज-1 के अंतर्गत जिले की चयनित 52 ग्राम पंचायतों में आधार सेवा संचालन केंद्र की प्रगति की भी समीक्षा की गई। बताया गया कि सभी ग्राम पंचायतों के ऑपरेटरों का प्रशिक्षण पूर्ण हो चुका है तथा प्रशिक्षण उपरांत सभी ऑपरेटर एलएमएस प्रमाण पत्र प्राप्त कर परीक्षा हेतु नामांकन कर चुके हैं। जिला पंचायत राज पदाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को यूआईडीएआई पोर्टल पर आवश्यक प्रक्रियाओं को शीघ्र पूर्ण कराने का निर्देश दिया।

इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायत सरकार भवन निर्माण कार्यों की प्रगति एवं भुगतान, ग्राम पंचायतों के वार्ड स्तरीय अनुरक्षकों के मानदेय भुगतान, आरटीपीएस केंद्रों पर प्राप्त आवेदनों के निष्पादन, मोक्षधाम, शवदाह गृह, श्मशान घाट एवं कब्रिस्तान से संबंधित व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। जिला पंचायत राज पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि अंत्येष्टि उपरांत ग्राम पंचायत स्तर पर रजिस्ट्रार द्वारा मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत करने की प्रक्रिया को समयबद्ध एवं सुचारु रूप से सुनिश्चित किया जाए।

बैठक में पंचायती राज संस्थाओं के 15वीं एवं षष्ठम वित्त आयोग मद की राशि के भुगतान, त्रि-स्तरीय पंचायतों के अंकेक्षण कार्य, जल संचयन जनभागीदारी पोर्टल पर जल संरचनाओं की प्रविष्टि तथा "RTPS" पोर्टल पर पंचायतों से संबंधित प्राप्त आवेदनों के समयबद्ध निष्पादन की भी समीक्षा की गई। जिला पंचायत राज पदाधिकारी ने सभी प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारियों एवं अंकेक्षकों को निर्देश दिया कि सरकार की योजनाओं का क्रियान्वयन पारदर्शी, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को योजनाओं का अधिकतम लाभ प्राप्त हो सके। आज की बैठक में सभी प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी, सोलर स्ट्रीट लाइट एजेंसियों के प्रतिनिधि एवं अंकेक्षक उपस्थित थे।

## जिलाधिकारी द्वारा किसान पंजीकरण शिविर, जलाशय एवं इंटर विद्यालय नारदीगंज का निरीक्षण



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नवादा** जिला पदाधिकारी, नवादा रवि प्रकाश द्वारा नारदीगंज प्रखंड अंतर्गत ग्राम ओड़ो में आयोजित किसान पंजीकरण शिविर का निरीक्षण किया गया। सरकार के निर्देशानुसार जिले के विभिन्न पंचायतों एवं गांवों में विशेष शिविर आयोजित कर किसानों का पंजीकरण किया जा रहा है।

ज्ञातव्य हो कि बिहार में एग्री-स्टैक (AgriStack) फार्मर रजिस्ट्री का द्वितीय चरण 12 मई 2026 से प्रारंभ होकर 30 जून 2026 तक संचालित किया जाएगा। इस अभियान का उद्देश्य किसानों को डिजिटल पहचान (Farmer ID) उपलब्ध कराना है, ताकि उन्हें विभिन्न सरकारी योजनाओं, उर्वरक, बीज, फसल बीमा एवं अन्य कृषि संबंधी सुविधाओं का लाभ पारदर्शी एवं सुगम तरीके से प्राप्त हो सके।

निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी ने शिविर में चल रहे पंजीकरण कार्यों की समीक्षा की तथा कार्य में आ रही तकनीकी एवं अन्य समस्याओं के त्वरित निष्पादन हेतु संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने किसानों एवं आमजनों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं एवं सुझावों की जानकारी प्राप्त की तथा संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के शीघ्र समाधान हेतु निर्देशित किया। साथ ही किसानों को पंजीकरण से प्राप्त होने वाले लाभों एवं कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी भी दी गई।

निरीक्षण क्रम में जिला पदाधिकारी द्वारा ग्राम ओड़ो स्थित सार्वजनिक जलाशय/तालाब का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान तालाब के सौंदर्यीकरण, स्वच्छता एवं आमजनों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए तालाब के चारों ओर वॉक-वे निर्माण, पौधारोपण, बैठने की व्यवस्था एवं आकर्षक वातावरण विकसित करने हेतु संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि जलाशय का विकास इस प्रकार किया जाए कि यह ग्रामीणों के लिए उपयोगी होने के साथ-साथ आकर्षण का केंद्र भी बने। साथ ही जिला पदाधिकारी द्वारा इंटर विद्यालय, नारदीगंज का निरीक्षण किया गया, जिसे मॉडल स्कूल के रूप में चयनित किया गया है। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में उपलब्ध आधारभूत संरचना, शैक्षणिक व्यवस्था, छात्र-छात्राओं की क्षमता, कक्षाओं, प्रयोगशालाओं एवं अन्य सुविधाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी ने मॉडल विद्यालय के संचालन, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व्यवस्था एवं विद्यालय के समग्र विकास से संबंधित आवश्यक जानकारियां प्राप्त की तथा संबंधित अधिकारियों एवं विद्यालय प्रबंधन को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मॉडल विद्यालय के माध्यम से विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण एवं आधुनिक शिक्षा उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। इस अवसर पर गोपनीय शाखा प्रभारी, जिला कृषि पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी नारदीगंज, अंचलाधिकारी नारदीगंज, अन्य संबंधित पदाधिकारी, विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

# शहीद जवान मनीष कुमार चन्द्रवंशी की पहली पुण्यतिथि पर प्रतिमा का अनावरण, गांव में उमड़ा जनसैलाब

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**कौआकोल।** कौआकोल प्रखंड क्षेत्र के पांडेयगंगौट गांव निवासी शहीद जवान मनीष कुमार चन्द्रवंशी की पहली पुण्यतिथि गुरुवार को श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर गांव में स्थापित उनकी प्रतिमा का विधिवत अनावरण किया गया। आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों,जनप्रतिनिधियों,सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुरुआत शहीद जवान की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं दो मिनट का मौन रखकर की गई। कार्यक्रम में मौजूद क्षेत्र के कर्मठ समाजसेवी योगी त्यागनाथ ने शहीद मनीष कुमार चन्द्रवंशी के अदम्य साहस,कर्तव्यनिष्ठा एवं देशभक्ति को याद करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि शहीद जवान ने देश की रक्षा करते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया,जिसे क्षेत्रवासी कभी भुला नहीं पाएंगे। बता दें कि विगत वर्ष ड्यूटी के दौरान कारगिल क्षेत्र में तैनाती के समय जवान मनीष कुमार चन्द्रवंशी वीरगति को प्राप्त हो गए थे। उनके शहादत के बाद पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई थी। शहीद की स्मृति को चिरस्थायी बनाने के उद्देश्य से ग्रामीणों एवं शुभचिंतकों के सहयोग से गांव में उनकी प्रतिमा का निर्माण कराया गया,जिसका अनावरण गुरुवार को किया गया। इस मौके पर उपस्थित गोविंदपुर विधायक श्री मति विनीता मेहता एवं मुखिया दीपक कुमार ने कहा कि शहीदों के सम्मान से ही नई पीढ़ी में देशभक्ति की भावना मजबूत होती है। कार्यक्रम के दौरान देशभक्ति गीत,श्रद्धांजलि सभा एवं शहीद परिवार के सम्मान का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला-पुरुष एवं युवाओं की सहभागिता देखने को मिली। मौके पर समाजसेवी योगी त्यागनाथ,अनूप प्रसाद यादव,केपी सिंह,मोहन सिंह, जदयू जिलाध्यक्ष राजकिशोर दांगी,अजित यादव आदि मौजूद थे।



# बुंदेला बस से 82 बोतल शराब और बियर के साथ बस चालक, खलासी व कंडक्टर गिरफ्तार

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**रजौली।** बिहार-झारखंड के सीमावर्ती क्षेत्र के चितरकोली स्थित समेकित जांच चौकी पर उत्पाद बलों ने एक बस की डिक्की में छुपाकर ले जा रहे 10 बोतल शराब और 72 केन बियर को बरामद किया है। साथ ही बस को जब्त करते हुए चालक,खलासी और कंडक्टर को भी गिरफ्तार किया गया है।

उत्पाद अधीक्षक अरुण कुमार मिश्र ने बताया कि बिहार मद्यनिषेध को लेकर समेकित जांच चौकी पर झारखंड की ओर से आनेवाली प्रत्येक वाहनों की सघन जांच उत्पाद बलों के द्वारा की जाती है। इस जांच अभियान का नेतृत्व उत्पाद इंस्पेक्टर अमृत कुमार गुप्ता कर रहे हैं। गुरुवार की अहले सुबह झारखंड की ओर से बुंदेला बस संख्या बीआर24पीए2838 की जांच उत्पाद एएसआई विश्वजीत कुमार सिंह के द्वारा किया गया। जांच के क्रम में बस की डिक्की से रॉयल स्टैग के 750 एमएल वाले 5 बोतल व 375 एमएल वाले 5 बोतल के अलावे किंगफिशर नामक 500 एमएल वाले कुल 72 केन बरामद किया गया है। जब्त शराब को लेकर बस चालक,खलासी एवं कंडक्टर को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार बस चालक की पहचान नालंदा जिले के नूरसराय थाना क्षेत्र के जलालपुर गांव निवासी लालो राय के पुत्र मनीष कुमार, बस खलासी गिरियक जिले के भोजपुर गांव निवासी स्व. रामचंद्र यादव के पुत्र संजय यादव एवं बस कंडक्टर नवादा के वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के कठोकरी गांव निवासी स्व. इंद्रदेव यादव के पुत्र अनिल यादव के रूप में हुई है। उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि जब्त शराब,बियर और बस के अलावे गिरफ्तार लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। गिरफ्तार लोगों को गुरुवार को मेडिकल जांच के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।



जब्त शराब व बस के साथ गिरफ्तार बस कर्मी

## चौकीदार हत्या मामले को लेकर धमौल पहुंचे मंत्री

### पीड़ित परिजन को न्याय दिलाने का दिया भरोसा



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पकरीबरावां।** बिहार सरकार के गन्ना उद्योग मंत्री संजय पासवान गुरुवार को नवादा जिले के धमौल थाना क्षेत्र अंतर्गत तुर्कबन गांव पहुंचे। यहां उन्होंने अपराधियों के हमले में जान गंवाने वाले धमौल थाना के चौकीदार जितेंद्र पासवान के शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया। इस दौरान उन्होंने घटना की पूरी जानकारी ली तथा अब तक हुई पुलिस कार्रवाई के संबंध में अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की। मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को पीड़ित परिवार को तत्काल मुआवजा एवं सुरक्षा उपलब्ध कराने तथा 24 घंटे के भीतर अभियुक्तों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा और कानून के तहत कड़ी कार्रवाई होगी।

मीडिया से बातचीत में मंत्री संजय पासवान ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में बिहार सरकार अपराध और अपराधियों के खिलाफ सख्त रुख अपनाए हुए है। उन्होंने कहा, "जो भी अपराधी होंगे, वे सलाखों के पीछे होंगे। हमारे नेता चिराग पासवान ने हमलोगों को यहां भेजा है। पीड़ित परिवार से पूरी जानकारी ली गई है। हम इस मामले से उन्हें अवगत कराएंगे तथा मुख्यमंत्री से भी मुलाकात करेंगे।" उन्होंने कहा कि यदि किसी अधिकारी की लापरवाही सामने आती है तो उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। दोषी अधिकारियों को निलंबित किया जाएगा। मंत्री ने कहा कि पीड़ित परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करना जिला प्रशासन की जिम्मेदारी है तथा भविष्य में इस तरह की अप्रिय घटना दोबारा न हो, यह भी प्रशासन को देखना होगा। इस मौके पर दरौली विधायक विष्णु देव पासवान, लोजपा (रामविलास) के प्रदेश सचिव डॉ. विशुनदेव पासवान, प्रखंड अध्यक्ष उत्तम पासवान, आशो पासवान सहित कई लोग मौजूद थे। इधर, इससे पूर्व राज्य अनुसूचित जाति आयोग के सदस्य संजय कुमार भी मृतक चौकीदार जितेंद्र पासवान के घर पहुंचे और शोकाकुल परिजनों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने घटना से लेकर अब तक हुई कार्रवाई की जानकारी ली। साथ ही पीड़ित परिवार को मिलने वाले मुआवजा तथा सरकार की ओर से उपलब्ध अन्य सहायता एवं योजनाओं के संबंध में भी परिजनों से चर्चा की। उन्होंने परिजनों को भरोसा दिलाया कि सरकार पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है और उन्हें हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। आयोग सदस्य ने अधिकारियों से मामले में त्वरित कार्रवाई करने तथा दोषियों की जल्द गिरफ्तारी सुनिश्चित करने की बात कही। इस अवसर पर जदयू जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ज्योति, लोजपा (रामविलास) प्रखंड अध्यक्ष उत्तम पासवान, वारिसलीगंज के पूर्व प्रमुख नरेश पासवान, वारिसलीगंज प्रखंड अध्यक्ष श्रवण पासवान सहित अन्य लोग मौजूद थे।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### बाराचट्टी में इश्तेहार वारंटी की गिरफ्तारी, धनगाई पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर की कार्रवाई

**गयाजी**। बाराचट्टी प्रखंड के धनगाई थाना क्षेत्र में पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे एक इश्तेहार वारंटी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। यह कार्रवाई गुरुवार को ग्राम बेरी में गुप्त सूचना के आधार पर की गई, जिसमें आरोपी को धर दबोचा गया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान राजू दास के रूप में हुई है, जो गोविंद दास का पुत्र है और ग्राम बेरी, थाना धनगाई का निवासी बताया जाता है। पुलिस के अनुसार, आरोपी के खिलाफ न्यायालय द्वारा पहले ही इश्तेहार जारी किया गया था और वह काफी समय से फरार चल रहा था। थाना प्रभारी श्रवण कुमार राम ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस को आरोपी की मौजूदगी की सूचना मिली थी, जिसके बाद टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी की और उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की गई और आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजते हुए न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है।

### प्रख्यात होम्योपैथी चिकित्सक डॉ. मुंद्रिका तिवारी का निधन, लंबे समय से अस्वस्थ थे

**गयाजी**। बिहार और झारखंड के प्रख्यात होम्योपैथी चिकित्सक डॉ. मुंद्रिका तिवारी का गुरुवार सुबह 11 बजे निधन हो गया। वे लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे। उनके निधन से कोंच प्रखंड, गया जिले और झारखंड के चिकित्सा जगत में शोक की लहर दौड़ गई है। डॉ. तिवारी का जन्म 8 जनवरी 1941 को टिकारी विधानसभा क्षेत्र के सिमरा पंचायत अंतर्गत अमरा गांव में हुआ था। उन्होंने पटना के प्रतिष्ठित डी.एम.एस. संस्थान से होम्योपैथी चिकित्सा की शिक्षा प्राप्त की थी। शिक्षा पूरी करने के बाद डॉ. तिवारी का चयन सरकारी सेवा में हुआ। उन्होंने झारखंड की राजधानी रांची में लंबे समय तक सरकारी चिकित्सक के रूप में सेवाएं दीं। इसके बाद उन्होंने चाईबासा को अपनी कर्मभूमि बनाया, जहाँ उन्होंने एक कुशल होम्योपैथी चिकित्सक के रूप में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई। सरकारी सेवा से निवृत्त होने के बाद, पिछले लगभग 30 वर्षों से वे कोंच प्रखंड के ग्राम पंचायत उतरेन में स्थायी रूप से निवास कर रहे थे। यहाँ उन्होंने अपना निजी क्लिनिक संचालित किया और स्थानीय गरीब तथा जरूरतमंद लोगों का बेहद कम खर्च में इलाज किया। वे क्षेत्र में अपने मृदुभाषी व्यवहार और अचूक इलाज के लिए जाने जाते थे। चिकित्सा सेवा के अतिरिक्त, डॉ. तिवारी की धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों में गहरी आस्था थी। वे इलाके में होने वाले सामाजिक आयोजनों और धार्मिक अनुष्ठानों में सक्रिय भूमिका निभाते थे। इलाके के प्रबुद्ध नागरिकों, जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने डॉ. मुंद्रिका तिवारी के निधन को चिकित्सा और सामाजिक क्षेत्र के लिए एक अपूरणीय क्षति बताया।

### 17 साल से फरार चल रहा आरोपी गिरफ्तार, बोधि बिगहा पुलिस ने एसएसबी डुमरिया के सहयोग से पकड़ा

**गयाजी**। गया जिले के डुमरिया प्रखंड अंतर्गत बोधि बिगहा थाना पुलिस ने वर्ष 2007 से फरार चल रहे एक गंभीर आपराधिक मामले के आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने संयुक्त छापेमारी अभियान चलाकर वांछित अभियुक्त गणेश यादव उर्फ विमल यादव उर्फ विमल जी को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान गणेश यादव, पिता स्वर्गीय मुसाफिर यादव, निवासी जमुनियां थाना मदनपुर तथा वर्तमान पता आंजन थाना, जिला औरंगाबाद के रूप में हुई है। वह बोधि बिगहा थाना कांड संख्या 45/07, दिनांक 2 दिसंबर 2007 में लंबे समय से फरार चल रहा था। पुलिस के अनुसार, आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 147, 148, 149, 324, 342, 332, 333, 341, 427, 379 और 307 के अलावा 27 आर्म्स एक्ट एवं 17 सीएलए एक्ट के तहत मामला दर्ज है। पुलिस को कई वर्षों से उसकी तलाश थी। थाना प्रभारी प्रियनंद आलोक ने बताया कि आरोपी लगातार अपना ठिकाना बदल रहा था। इसी बीच पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि वह अपने घर पर मौजूद है। सूचना के आधार पर बोधि बिगहा थाना पुलिस ने एसएसबी डुमरिया के सहयोग से संयुक्त छापेमारी अभियान चलाया और घर को चारों ओर से घेरकर बिना किसी विरोध के उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपी पर गंभीर धाराओं में मामला दर्ज है और वह लंबे समय से कानून से बचता फिर रहा था। उसकी गिरफ्तारी को पुलिस बड़ी उपलब्धि मान रही है। पूछताछ के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। थाना प्रभारी ने कहा कि जिले में फरार अपराधियों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है और किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने लोगों से अपराधियों के संबंध में पुलिस को सूचना देने की अपील की, ताकि क्षेत्र में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखी जा सके।

### भदवर पुलिस ने 3 फरार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया, एनडीपीएस, अलग-अलग मामलों में हुईं कार्रवाई

**गयाजी**। गया जिले के भदवर थाना पुलिस ने गुरुवार को एक विशेष अभियान चलाकर तीन वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। ये गिरफ्तारियां एनडीपीएस एक्ट, बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम और बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज मामलों से संबंधित हैं। पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। थाना अध्यक्ष सचिन कुमार के अनुसार, एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज कांड संख्या 41/22 (दिनांक 29 दिसंबर 2022, धारा 8(b)/18/29) में वांछित पंकज कुमार उर्फ पंकज सिंह भोक्ता (लगभग 30 वर्ष) को गिरफ्तार किया गया है। पंकज नवीगढ़, थाना भदवर, जिला गया का निवासी है और लंबे समय से फरार चल रहा था। इसी अभियान के तहत, बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम 2022 की धारा 30(ए) से संबंधित कांड संख्या 32/26 की नामजद अभियुक्त उषा देवी (लगभग 40 वर्ष) को भी गिरफ्तार किया गया। उषा देवी रामदोहर, थाना भदवर, जिला गया की निवासी हैं और उनकी गिरफ्तारी महिला पुलिस बल की सहायता से हुई। इसके अतिरिक्त, भदवर थाना कांड संख्या 1/26 (दिनांक 8 जनवरी 2026, धारा 126(2)/115(2)/118(1)/109/74/352/351(2)/3(5) बीएनएस) के प्राथमिकी अभियुक्त धनंजय कुमार (लगभग 24 वर्ष) को भी पकड़ा गया है। धनंजय भी रामदोहर, थाना भदवर, जिला गया का रहने वाला है। थाना अध्यक्ष सचिन कुमार ने बताया कि अपराध और अवैध गतिविधियों के खिलाफ भदवर थाना पुलिस का अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने यह भी कहा कि फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीमें गठित कर लगातार छापेमारी की जा रही है।

### कोरमथु नहर के पास पुलिस की छापेमारी, शराब बरामद



**गया**। गया जिले के मेन थाना क्षेत्र में कोरमथु नहर के पास पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई की है। इस दौरान पुलिस ने विभिन्न ब्रांडों की कुल 17.250 लीटर विदेशी शराब बरामद की। शराब कारोबार में इस्तेमाल की जा रही एक मोटर साइकिल भी जब्त की गई है। मेन थाना प्रभारी उज्जवल कुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि कोरमथु नहर के पास अवैध विदेशी शराब की खेप लाई गई है और उसकी बिक्री की तैयारी चल रही है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तत्काल छापेमारी अभियान चलाया। पुलिस को देखते ही शराब कारोबार से जुड़े लोग मौके से फरार हो गए। हालांकि, पुलिस ने घटनास्थल से विभिन्न ब्रांडों की 17.250 लीटर विदेशी शराब और शराब ढोने में इस्तेमाल की जा रही एक बाइक जब्त कर ली। मेन थाना पुलिस ने जब्त की गई शराब और बाइक को थाने ले आई है। पुलिस फरार शराब कारोबारियों की पहचान कर रही है और उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि शराबबंदी कानून को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए क्षेत्र में लगातार अभियान चलाया जा रहा है। अवैध शराब कारोबार में शामिल लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

# नवविवाहिता की हत्या, ससुराल वाले बाइक-10 हजार रुपए मांग रहे थे, न देने पर कहा था, बेटी जिंदा नहीं रहेगी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गयाजी**। गयाजी में बुधवार रात शादी के 13 दिन बाद ही नवविवाहिता की हत्या कर दी गई है। गला दबाकर उसे मार डाला गया। मृतका के मायके वालों का कहना है कि ससुराल वालों ने दहेज के लिए हत्या की है। वारदात के बाद ससुराल वाले घर छोड़कर फरार हो गए हैं। मृतका परैया थाना के राजपुर गांव निवासी शिवा पासवान की बेटी गीता कुमारी (19) है। ससुराल वाले 10 हजार रुपए और अपाची बाइक की डिमांड कर रहे थे। मायके वालों के मना करने के बाद मृतका की सास ने कहा था कि आपकी बेटी जिंदा नहीं रहेगी। मृतका की मामी कहती हैं कि गीता के गर्दन को लाठी से दबाया गया है। बेरहमी से उसकी हत्या हुई है। गीता की मां की मौत गीता के जन्म के एक महीने में ही हो गई थी। गीता का पालन-पोषण और शादी उसके मामा ने किया था। घटना कोंच थाना क्षएत्र के मंझिगांव की है।

**गीता ने बताया था कि ससुराल वाले गाली-गलौज करते हैं**: गीता की मामी सुषमा देवी के अनुसार गाती की शादी 30 अप्रैल को कोंच थाना क्षेत्र के मंझिआवा ग्राम पंचायत निवासी पुकार पासवान के बेटे अमित कुमार (22) से हुई थी। अमित बिहार से बाहर काम करता है। दहेज में डेढ़ लाख नगद और 2 चौका-बर्तन दिया था। शादी के अगले दिन 1 अप्रैल को बेटी की विदाई की थी। 4 मई को मायका आई थी। 6 मई को गौना कर दिया गया। गीता ने बताया था कि ससुराल वाले नशेड़ी हैं। अमित नशे में धुत्त होकर घर आता है।





गाली-गलौज करता है। ये सब जानने के बाद भी उसे समझाकर ससुराल भेज दिया गया।

**बाइक देने से मना करने पर फोन काट दिया था**: गीता की मामी सुषमा ने कहा कि 8 मई को अमित की मां का फोन आया। 10 हजार नगद और बाइक की डिमांड की थी। हमने मना कर दिया था। दामाद अमित का भी फोन आया कि गीता ने मंगल सूत्र खो दिया है। मैंने कहा कि कैसे हो सकता है। मायके से तो वह पहन कर गई थी। देखिए आपके ही घर में होगा, लेकिन वह बात नहीं माना। इस पर हम लोगों ने कहा कि यदि गीता से मंगल सूत्र खो गया है तो हम लोग इसकी भरपाई करेंगे। नगद और बाइक की डिमांड पर हमने कहा था कि गीता के पिता राजमिस्त्री हैं। वे कहां से इतना दे पाएंगे। इसके बाद अमित ने फोन काट दिया।

**शादी कराने वाले शख्स ने मौत की दी सूचना**: सुषमा ने बताया कि 13 मई की रात 11 बजे गीता की शादी कराने वाले अगुआ कपिल पासवान का फोन आया। उन्होंने कहा कि गीता की मोत हो गई है। हम सभी परिवार और गांव के लोग राजपुर से मझियावां पहुंचे तो देखा कि गीता एक कमरे में मृत पड़ी है। उसके गले और ठुड्डी पर काला निशान है। ससुराल वाले हमलोगों के आने की खबर मिलते ही गांव छोड़कर फरार हो गए। गांव वालों ने बताया कि गीता को उसके ससुराल वालों ने शाम में ही मार दिया था। लाश ठिकाने लगाने के लिए हमलोगों से गुहार लगा रहे थे। हमलोगों ने इनकार कर दिया था। सुषमा ने बताया कि जहां पर बॉडी रखी पड़ी थी, वहां पर भुस्से वाली बोरी पड़ी थी। गीता की आधा पैर उसमें घुसा था। अमित को फांसी होनी चाहिए।

**जल्दी गिरफ्तारी की जाएगी**: थानाध्यक्ष सुदेव कुमार ने बताया कि मृतका के पिता शिवा पासवान ने लिखित आवेदन देकर पति समेत ससुराल पक्ष के लोगों पर दहेज हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए मगध मेडिकल कॉलेज भेज दिया है। साथ ही आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दी गई है। फिलहाल शव का पोस्टमॉर्टम कराया जा रहा है। दोषियों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## गांजा जब्त, एक तस्कर गिरफ्तार, 2.8 किलो गांजा व 3.61 लाख नकद बरामद

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गयाजी**। गया जिले के चाकंद थाना क्षेत्र में पुलिस ने गुरुवार को एक गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के घर और दुकान से कुल 2 किलो 825 ग्राम गांजा और 3 लाख 61 हजार 170 रुपये नकद बरामद किए हैं। चाकंद थाना अध्यक्ष शिवम कुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि चाकंद गढ़ निवासी केस कुमार उर्फ केस शर्मा अपने घर और दुकान से गांजा बेच रहा है। सूचना मिलते ही वरीय अधिकारियों को इसकी जानकारी दी गई। इसके बाद नगर अंचलाधिकारी की मौजूदगी में एक पुलिस टीम का गठन किया गया और छापेमारी शुरू की गई।



पुलिस टीम जैसे ही आरोपी केस कुमार के घर पहुंची, उसने भागने की कोशिश की, लेकिन जवानों ने उसे तुरंत पकड़ लिया। इसके बाद कानूनी प्रक्रिया का पालन करते हुए तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान आरोपी के घर से लगभग 2 किलो 700 ग्राम गांजा बरामद हुआ। उसकी दुकान से भी करीब 125 ग्राम गांजा मिला। इस प्रकार, कुल 2 किलो 825 ग्राम गांजा जब्त किया गया। छापेमारी के दौरान पुलिस ने बड़ी मात्रा में नकदी भी बरामद की। घर से 3 लाख 51 हजार 530 रुपये और दुकान से 9 हजार 640 रुपये नकद मिले, जिनका कुल योग 3 लाख 61 हजार 170 रुपये है। पुलिस का मानना है कि यह रकम मादक पदार्थों के अवैध कारोबार से जुड़ी हो सकती है। सभी बरामद सामानों को जब्त कर सील कर दिया गया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान केस कुमार उर्फ केस शर्मा, पिता उपेंद्र शर्मा, निवासी चाकंद गढ़, थाना चाकंद, जिला गया के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

## “सात फेरों का मजाक बनता रिश्ता! अग्नि के सामने खाई कसमें आखिर कुछ दिनों में क्यों हो जाती हैं राख?”

वरिष्ठ संवाददाता रजनीकांत पांडेय

**काराकाट /रोहतास**। आज समाज एक ऐसे मोड़ पर खड़ा है, जहां विवाह जैसा पवित्र संस्कार भी स्वार्थ, अहंकार और दिखावे की भेंट चढ़ता दिखाई दे रहा है। अग्नि को साक्षी मानकर वर-वधु सात फेरे लेते हैं, जीवनभर साथ निभाने, हर सुख-दुख में एक-दूसरे का सहारा बनने और हर परिस्थिति में रिश्ते को बचाए रखने का संकल्प लेते हैं। लेकिन विडंबना देखिए कि वही रिश्ते कुछ ही दिनों या महीनों में टूटकर बिखर जाते हैं।

कभी परिवारों की नींव माने जाने वाले रिश्ते आज छोटी-छोटी बातों पर दरकने लगे हैं। जरा सी अनबन, थोड़ी सी नाराजगी और मामूली मतभेद अब रिश्तों को खत्म करने का कारण बन रहे हैं। ऐसा प्रतीत होता है मानो विवाह अब संस्कार नहीं, बल्कि कुछ दिनों का समझौता बनकर रह गया हो।

समाज के प्रबुद्ध लोगों का कहना है कि आज की पीढ़ी रिश्तों को निभाने से ज्यादा अपनी शर्तों पर जीना चाहती है। त्याग, धैर्य, सहनशीलता और समर्पण जैसे संस्कार तेजी से खत्म होते जा रहे हैं। सोशल मीडिया की चमक, दिखावटी जीवनशैली और बढ़ती स्वार्थपरता ने पति-पत्नी के बीच विश्वास की नींव को कमजोर कर दिया है। लोग रिश्ते बचाने के बजाय उन्हें छोड़ देना आसान समझने लगे हैं।

स्थिति केवल वर-वधु तक सीमित नहीं है। कई बार स्वजन भी रिश्तों को संभालने के बजाय आग में घी डालने का काम करते हैं। समझाने और जोड़ने के बजाय अहंकार और विवाद को बढ़ावा दिया जाता है, जिसका परिणाम पूरे परिवार को भुगतना पड़ता है।

सवाल यह है कि जब सात फेरों के समय लिए गए वचन इतने पवित्र होते हैं, तो आखिर वे कुछ ही दिनों में कमजोर क्यों पड़ जाते हैं? क्यों अब रिश्तों में भरोसा और सहनशीलता खत्म होती जा रही है? क्यों आज “साथ निभाने” की जगह “अलग हो जाने” की सोच तेजी से बढ़ रही है?

सामाजिक चिंतकों ने इसे बेहद गंभीर विषय बताते हुए कहा कि यदि समय रहते लोग नहीं चेते, तो आने वाले समय में परिवार नाम की व्यवस्था केवल तस्वीरों और यादों तक सीमित होकर रह जाएगी। जरूरत इस बात की है कि वर-वधु विवाह को केवल एक रस्म नहीं, बल्कि जीवनभर का उत्तरदायित्व समझें। साथ ही स्वजन भी रिश्तों को बचाने और परिवारों को जोड़कर रखने की जिम्मेदारी निभाएं। क्योंकि जब एक रिश्ता टूटता है, तो केवल दो लोग अलग नहीं होते, बल्कि कई सपने, कई उम्मीदें और पूरे परिवार की खुशियां बिखर जाती हैं।

## अर्चिता ने 95% अंक लाकर गुरुकुल, शेरघाटी में टॉप किया

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गयाजी**। गुरुकुल, शेरघाटी के विद्यार्थियों ने सीबीएसई 12वीं परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया है। छात्रा अर्चिता कुमारी ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। कुल 26 छात्रों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। अर्चिता कुमारी ने अकाउंटेंसी विषय में 100 में से 100 अंक प्राप्त किए। उन्होंने कुल 95 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय में शीर्ष स्थान प्राप्त किया।

ऋषव कुमार ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान हासिल किया। इसके अतिरिक्त, रिचा राजलक्ष्मी, समृद्धि कुमारी, प्रियंका कुमारी, हर्षित राज, सैमी कुमार, अन्या प्रकाश, छाया कुमारी, शाम्भवी शर्मा, अभिनव रंजन और विक्की कुमार साव ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।



इस वर्ष गुरुकुल, मझनपुर, शेरघाटी से कुल 118 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया था। इनमें से 26 छात्रों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की। विद्यालय के निदेशक जितेंद्र सिंह ने सभी सफल विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों को बधाई दी। उन्होंने इस सफलता को कड़ी मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के उचित मार्गदर्शन का परिणाम बताया। सिंह ने विद्यार्थियों को भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए अपने लक्ष्यों के प्रति समर्पित रहने का आह्वान किया।

## दुकानों पर गिरी पेड़ की बड़ी टहनी, बिजली के तार टूटे, शॉप में रखा कीमती सामान बर्बाद

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गयाजी**। बोधगया में बुधवार की रात महाबोधि मंदिर जाने वाले मुख्य मार्ग पर जयप्रकाश उद्यान स्थित एक विशाल बरगद के पेड़ की भारी भरकम टहनी टूटकर दुकानों पर गिर गई। उस समय न आंधी थी और न बारिश हो रही थी। फिर भी अचानक से आवाज के साथ टहनी कुछ ही सेकंड में गिर पड़ी। हादसा इतना अचानक हुआ कि वहां मौजूद दुकानदारों और पर्यटकों को संभलने तक का मौका नहीं मिला।

गनीमत रही कि इस हादसे में किसी की जान नहीं गई। लेकिन कुछ सेकेंड की देरी बड़ी अनहोनी में बदल सकती थी। देर शाम के वक्त महाबोधि मंदिर में दर्शन के बाद लौटते वक्त आसपास की दुकानों में खरीदारी के लिए बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंचे थे। दुकानदार अपनी दुकान छोड़कर मौके से जान बचाने के लिए भागे। पर्यटकों के बीच भी अफरा-तफरी का माहौल हो गया। टहनी गिरने से कई दुकानों के ऊपर रखे सामान बर्बाद हो गए। दुकान संचालकों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। साथ ही बिजली के तार भी टूट गए।



**हादसे के बाद अधिकारी नहीं पहुंचे**: स्थानीय लोगों ने बताया कि न तो आंधी थी और न ही तूफान, इसके बावजूद इतनी बड़ी टहनी का गिर जाना वन विभाग और प्रशासन की लापरवाही को दर्शाता है। सबसे बड़ा सवाल यह कि घटना स्थल से महज कुछ दूरी पर पुलिस चौकी और मंदिर सुरक्षा में जवानों की तैनाती होने के बावजूद काफी देर तक कोई अधिकारी या पुलिसकर्मी मौके पर नहीं पहुंचा।

**इससे स्थानीय दुकानदारों में नाराजगी देखी गई**: घटना के घंटों बाद तक सड़क पर विशाल टहनी पड़ी रही, जिससे आवागमन भी प्रभावित हुआ। दुकानदारों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द टहनी हटाई जाए और महाबोधि मंदिर मार्ग के पुराने पेड़ों की जांच कराई जाए। ताकि भविष्य में किसी बड़े हादसे से बचा जा सके।

# गया केंद्रीय कारा के नामकरण की मांग, लोग बोले- शहीद बैकुंठ शुक्ल के नाम पर रखा जाए, 14 मई 1934 को अंग्रेजो ने दी थी फांसी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गयाजी**। गया केंद्रीय कारा का नाम शहीद बैकुंठ शुक्ल के नाम पर रखने की मांग की गई है। गुरुवार को शुक्ल के 92वें बलिदान दिवस पर शहर में विशाल पदयात्रा निकाली गई। पदयात्रा में सभी राष्ट्रीय और क्षेत्रीय राजनीतिक दलों के पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं के साथ-साथ शहर के आम लोग भी शामिल हुए। लोगों ने शहीद बैकुंठ शुक्ल के सम्मान में संकल्प सभा कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत पदयात्रा की शुरुआत गया केंद्रीय कारा से हुई। यहां से रामपुर थाना, गया कॉलेज, अनुग्रहपुरी कॉलोनी, आशा सिंह मोड़ और चाणक्यपुरी स्थित बैकुंठ शुक्ल नगर होते हुए यात्रा शहीद बैकुंठ शुक्ल पार्क पहुंची। पार्क में यह पदयात्रा संकल्प सभा में बदल गई। इस दौरान पूरे रास्ते “शहीद बैकुंठ शुक्ल अमर रहें”, “जब तक सूरज-चांद रहेगा, बैकुंठ शुक्ल का नाम रहेगा” जैसे नारों से माहौल गूंजता रहा।







सभा में वक्ताओं ने कहा कि गया केंद्रीय कारा के वार्ड नंबर 15 में आज भी वह कमरा मौजूद है, जहां शहीद बैकुंठ शुक्ल को रखा गया था। उस कमरे की नियमित साफ-सफाई होती है, लेकिन आज तक राज्य सरकार ने गया केंद्रीय कारा का नाम उनके नाम पर नहीं किया। वक्ताओं ने सवाल उठाया कि जब मुजफ्फरपुर और भागलपुर केंद्रीय कारा का नाम वहां शहीद हुए क्रांतिकारियों के नाम पर हो सकता है, तो गया केंद्रीय कारा का नाम शहीद बैकुंठ शुक्ल केंद्रीय कारा क्यों नहीं हो सकता। ऐसा नहीं किया जाना महान सपूत शहीद वैकुंठ शुक्ल की सीधे तौर पर अनदेखी है।

लोगों ने बैकुंठ शुक्ल पार्क में उनकी आदमकद कांस्य प्रतिमा स्थापित कराने के संकल्प को भी दोहराया। साथ ही आम लोगों से हर सम्भव सहयोग की अपील की गई। नेताओं ने राज्य सरकार से गया केंद्रीय कारा का नामकरण शहीद बैकुंठ शुक्ल के नाम पर करने और उनकी जीवनी को बिहार के पाठ्यक्रम में शामिल करने की मांग उठाई।

**कौन थे अमर वीर शहीद बैकुंठ शुक्ल**: बैकुंठ शुक्ल वही वीर सपूत थे जिन्होंने भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को फांसी दिलाने में अंग्रेजों का साथ देने वाले गद्दार फनीन्द्र नाथ घोष को मौत के घाट उतार दिया था। इस बात से तिलमिलाई अंग्रेजी हुकूमत ने 14 मई 1934 को गया केंद्रीय कारा में उन्हें फांसी दे दी थी। बैकुंठ शुक्ल का जन्म 1907 में पुराने मुजफ्फरपुर (वर्तमान वैशाली) जिले के जलालपुर ग्राम के एक किसान परिवार में हुआ था। गांव में ही प्रारम्भिक शिक्षा पूरी करने के बाद उन्होंने पड़ोस के मथुरापुर गांव के प्राथमिक स्कूल में शिक्षक बनकर समाज को सुधारना शुरू किया। 1930 के सविनय अवज्ञा आंदोलन में सक्रिय सहयोग दिया और पटना के कैम्प जेल गए। गांधी-इर्विन समझौता के बाद रिहा हुए। जेल प्रवास के दौरान वे हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन आर्मी के संपर्क में आए और क्रांतिकारी बने। 1931 में भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को लाहौर षडयंत्र कांड में सजा के एलान ने पूरे देश को हिला कर रख दिया।

फणीन्द्र नाथ घोष, जो खुद रेवोल्यूशनरी पार्टी का सदस्य था, अंग्रेजी हुकूमत के दबाव और लालच में आकर वादामाफ़ गवाह बन गया और उसकी गवाही पर तीनों वीर क्रांतिकारियों को फांसी की सजा सुनाई गई। घोष को विश्वासघात की सजा देने का बीड़ा बैकुंठ शुक्ल ने उठाया और 9 नवंबर 1932 को घोष को मारकर इसे पूरा किया। इसके बाद उन्हें कैद कर मुकदमा चलाया गया और 14 मई 1934 को मात्र 28 वर्ष की उम्र में उन्हें गया सेंट्रल जेल में फांसी दे दी गई।

# खुन की कमी वाले गर्भवती माताओं को दी जायेगी आयरन स्क्रोस एवं एफसीएम इंजेक्शन

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

- ♦ प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने बैठक करके कम्नियूकेबल डिजीज समेत सभी तरह के स्वास्थय सुविधाओं का किया समीक्षा
- ♦ लापरवाही बरतने वाले हेल्थ एण्ड वेलनेश सेंटर सीएचओ पर होगी कार्रवाई

**राजपुर।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अन्तर्गत संचालित ओपीडी, पंचायत अन्तर्गत कार्यरत हेल्थ एण्ड वेलनेश सेंटर पर ओपीडी की सेवा,प्रसव,टीकाकरण,गर्भवती माताओं की जांच, बन्ध्याकरण ऑपरेशन आदी स्वास्थ्य सुविधाओं की समीक्षा के लिए गुरूवार को प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डाक्टर सुमित कुमार के अध्यक्षता में बैठक की गई. बैठक के दौरान पंचायत मुख्यालय अन्तर्गत संचालित हेल्थ वेलनेश सेंटर के सीएचओ से ओपीडी की सेवा,दवाओं के प्रकार, रख रखाव,प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षा जांच के लिए उपलब्ध सुविधाओं,एक सप्ताह में हुए प्रसव,बंध्याकरण ऑपरेशन,जनसंख्या स्थिरीकरण के लिए सरकार की तरफ से संचालित सेवाओं की जानकारी लिया गया.

सभी सीएचओ को निर्देशित करते हुए प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक संदीप कुमार ने कहा कि लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी.समय से अपने सेंटर को संचालित किजिये.सरकार के स्वास्थ्य सुविधाओं से सभी परिवार को लाभान्वित किजिये. जानकारी देते हुए प्रखंड आशा प्रबन्धक विकास कुमार ने बताया कि गांव देहात क्षेत्र अंतर्गत समान्य तौर पर गर्भवती माताओं में खुन की कमी पाया जाता है.जिसको मेंटेने करने हेतु सरकार द्वारा उचित कदम उठाया गया है. स्वास्थ्य विभाग के तरफ से आयरन स्क्रोस एवं एफसीएम इंजेक्शन को खुन की कमी को दूर करने के लिए डेवलप किया गया है.यह इंजेक्शन प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व जांच को आने वाली खुन सम्बन्धित कमी वाले माताओं को लगाया जायेगा.



सीएचओ को निर्देशित करते हुए प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने कहा कि मुख्यालय स्थित स्वास्थ्य केंद्र सभी पंचायत मुख्यालयों के सभी हेल्थ एण्ड वेलनेश सेंटर के जरूरतों को प्राथमिकता दिये हुए है.सरकार की स्वास्थ्य सुविधाएं जनता के दरवाजे तक पहुंचाने में आप सभी मददगार हो.एक्सरे मशीन, ईसीजी,खुन पेशाब आदि की जांच के लिए लेबोरेटरी,आंख की जांच की सुविधाएं,नवजात शिशुओं को माताओं द्वारा स्तनपान कराने का प्रशिक्षण सेंटर अस्पताल में स्थापित है.जल्द हीं अल्ट्रासाउंड मशीन भी मिलेगा. सरकार के महत्वाकांक्षी योजना जनसंख्या स्थिरीकरण के लिए अनचाहे गर्भ से मुक्ति के सुरक्षा उपायों को प्रतिदिन आशा के माध्यम से सभी घरों में पहुंचाने का कार्य किजिये. मौके पर एकाउंटेंट बिनोद द्विवेदी,प्रखंड एमई अभय कुमार जीएनएम रविशंकर कुमार सिंह, लिपिक मुकेश कुमार गुप्ता, ड्रग स्टोर डाटा अपरेटर धीरज कुमार, कर्मी नवीन कुमार, बडा बाबु मनोज कुमार, एएनएम माधवीलता, सीएचओ घोरडिही कुमारी अर्चना, तरांव सीएचओ कुमारी मधु प्रसाद, वैशाली शर्मा, अंननत मिश्रा,सुषमा कुमारी,सुमन कुमारी समेत अन्य उपस्थित थे.

# निःशुल्क प्याऊ व्यवस्था बदहाली उजागर, प्याऊ से पानी गायब

## बूंद बूंद पानी को तरस रहे राहगीर, नगर प्रशासन मौन

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**कोचस (रोहतास)** कोचस नगर पंचायत में सार्वजनिक प्याऊ व्यवस्था की बदहाली उजागर हुई है। जहां सार्वजनिक जगहों पर लगाए गए प्याऊ मटके से पानी ही गायब देखे गए है, शहर के विभिन्न चौक चौराहा पर प्याऊ लगाकर नगर प्रशासन के द्वारा खानापूर्ति की गई है। आपको बता दे कि इस चिलचिलाती धूप और उमश भरी गर्मी के बीच राहगीरों के प्यास बुझाने के लिए कोचस नगर पंचायत क्षेत्र में लगाए गए प्याऊ से पिछले कई दिनों से पानी गायब हो गया है जिससे राजगीरों को प्यास बुझाने के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है, मिली जानकारी के अनुसार नगर विकास एवं आवास विभाग और जिला प्रशासन के निर्देश पर अप्रैल महीने के अंतिम सप्ताह में नगर क्षेत्र के महात्मा गांधी चौक बस पढ़ाओ आश्रय स्थल सहित अन्य स्तरों पर हागीरो की प्यास बुझाने के लिए प्याऊ की व्यवस्था की गई थी लेकिन नगर प्रशासन की और दूरदर्शिता के कारण पिछले चार-पांच दिनों से प्याऊ से पानी गायब है, स्थानीय समाजसेवी डॉक्टर मुन्ना पासवान ने बताया कि नगर प्रशासन शहर



के विभिन्न स्थलों पर प्याऊ लगाकर खाना पूर्ति की है, इसके लिए सरकार के द्वारा मिलने वाली राशि को ले बंदर बाट कर रहे हैं, जैसे ठंड के मौसम में अलाव के लिए सरकार के द्वारा नगर को राशि प्रदान कराई जाती है वैसे ही प्याऊ के लिए सरकार के द्वारा नगर प्रशासन को राशि उपलब्ध कराई जाती है, लेकिन प्रशासन के द्वारा खानापूर्ति तक ही सिमट कर रह जाती है। वहीं नगर दफ्तर मे आराम फरमा रहे नगर ईओ के पास फोन लगाने पर फोन उठाना मुनासिब नहीं समझते, फिलहाल इस संबंध में नगर प्रशासन कुछ भी बताने से परहेज कर रही है।

# एनएचआई 119 ए ग्रीन फिल्ड परियोजना के लिए धोबडिहा व तरांव के रैयतों का भूमी होगा अधिग्रहित

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**राजपुर।** अंचल अंतर्गत एनएचएआई 119 ए ग्रीन फिल्ड परियोजना क्रियान्वयन के लिए जमीन अधिग्रहण हेतु गुरूवार को अंचलाधिकारी पिंटू कुमार के मौजूदगी में जिला एनएचएआई टीम द्वारा धोबडिहा एवं तरांव गांव के बधार में स्थल चिन्हित करते हुए निरीक्षण किया गया. जानकारी देते हुए अंचलाधिकारी ने बताया कि एनएचएआई 119 ए ग्रीन फिल्ड परियोजना के लिए राजपुर अंचल अंतर्गत मात्र धोबडिहा एवं तरांव गांव में एक किलोमीटर भूमि का अधिग्रहण किया जाना है.जिसके लिए उक्त गांव के बधार स्थित जमीन पर राजमार्ग के लिए मिडिल प्वाईंट को हीट करते हुए जेसीबी चलवाकर निशानदेही तय कर दी गई है. उन्होंने कहा कि राजमार्ग के दोनों छोर स्थित भूमि के



मालिकाना हक रखने वाले रैयत अंचल कार्यालय से सम्पर्क करके अपने भूमि का एलपीसी बनवा लेंगे.जल्द हीं भूअर्जन विभाग के अमीन सम्बन्धित सभी रैयतों के रकबा का विवरणी अंचल कार्यालय को उपलब्ध करायेंगे.सभी रैयत अपने भूमि का मुआवजा के लिए अनुमंडल भूअर्जन कार्यालय को आवश्यक डॉक्यूमेंट समेत आवेदन प्रदान करेंगे. उन्होंने बताया कि यह परियोजना बिहार राज्य अन्तर्गत पटना भोजपुर एवं रोहतास के रैयतों की भूमि को हिट कर रहा है.

# कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की एक छात्रा की मौत संदिग्ध स्थिति में हो गई

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**चेनारी / रोहतास।** जिले के चेनारी थाना अंतर्गत कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की एक छात्रा की मौत संदिग्ध स्थिति में हो गई। छात्रा की मौत के बाद वहां के खौफ जैसे हालात हैं। मृतक छात्रा कैमूर जिला के अधौरा थाना इलाके के बांध गांव की तिलकधारी सिंह की पुत्री इंदु कुमारी बताई गई। इंदू कुमारी कक्षा 6 की छात्रा थी। मृतक छात्रा इंदु कुमारी के पिता तिलकधारी सिंह ने कशिश न्यूज़ को बताया कि चार दिन पहले वह अपने पुत्री को कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय खुरमाबाद चेनारी में पहुंचाया था। 2 साल से इस विद्यालय में इंदु कुमारी पठन-पाठन करती थी। लेकिन आज उसे सुबह सूचना मिली कि उसकी पुत्री इंदु की तबीयत खराब है। उसने बताया कि उसकी पुत्री को पहले से बीमारी नहीं थी ऐसे में यह जांच का विषय है। जिलाधिकारी उदिता सिंह एसपी रौशन कुमार के नेतृत्व में जांच टीम गठित किया गया है।

कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की वार्डन शमीमा अंजुम ने बताई की सुबह में छात्रा ने अपनी तबीयत खराब की जानकारी देते हुए वह क्लास नहीं गई ।लेकिन वह लंच अच्छा से की थी। कुछ देर के बाद उसे दस्त होने लगा और तबियत बिगड़ गई । जहां प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल सासाराम में उसकी मौत हो गई । छात्रा की मौत के बाद परिजनों में कोहराम है मचा हुआ है वहीं दूसरी ओर कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में फिलहाल खौफ है। इधर छात्रा की मौत के बाद रोहतास प्रशासन पुलिस ने मेडिकल टीम के साथ ही एस एफ एल टीम इस मामले की जांच के लिए भेजा है।रोहतास एसपी रौशन कुमार ने कशिश न्यूज़ को बताया कि मामले के जांच के लिए एस एफ एल टीम को लगाया गया है। रोहतास जिला सीएस डॉक्टर मणिराज रंजन ने कशिश न्यूज़ को बताया कि कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय खुरमाबाद चेनारी की इंदू कुमारी की संदिग्ध स्थिति में मौत हुई है। गठित टीम जांच पड़ताल में जुटी हुई है। फिलहाल उसकी पोस्टमार्टम की प्रक्रिया भी जारी है। कसूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में छात्रा की मौत के बाद प्रशासन पुलिस प्रत्येक बिंदुओं पर जांच पड़ताल जारी रखी है। जिला शिक्षा पदाधिकारी मदन राय के अलावा प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी चेनारी राजेश सिंह भी मौजूद रहे। बहरहाल जांच के बाद ही यह स्पष्ट होगा की छात्रा की मौत कैसे हुई है। लेकिन फिलहाल मृतक छात्रा के पिता ने बताया की 2 साल से पहले वह अपने पुत्री इंदु कुमारी को कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में नामांकन कराया था जहां चार दिन पहले वह घर से उसे स्वस्थ हालत में विद्यालय पहुंचाया था। रोते बिलखते परिजन ने बताया कि कभी सोचा भी नहीं था कि जिस बच्ची को उड़ान भरने के लिए वह दिन-रात मेहनत कर रहा है आज इस उम्र की अंतिम पड़ाव के बीच उसे यह दिन देखने पड़ेंगे और यही कहकर उसके माता-पिता बिलख कर शव से लिपटकर अचेत हो जाते थे।

# मार्कण्डेय के प्राचार्य डॉ. सुधांशु शेखर भास्करम को पुष्पगुच्छ भेंट कर किया सम्मानित



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**काराकाट / रोहतास ।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय देव मार्कण्डेय में उस समय गौरवपूर्ण माहौल बन गया,जब विद्यालय के प्रधानाध्यापक गुंजेश कुमार सुमन ने राजकीय डिग्री महाविद्यालय देव मार्कण्डेय के प्राचार्य डॉ. सुधांशु शेखर भास्करम को पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया । सम्मान समारोह के दौरान शिक्षा के स्तर को और सुदृढ़ बनाने, विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य तथा शैक्षणिक वातावरण को बेहतर बनाने को लेकर सार्थक चर्चा हुई । प्रधानाध्यापक गुंजेश कुमार सुमन ने कहा कि विद्यालय और महाविद्यालय के बीच समन्वय विद्यार्थियों के लिए नई दिशा तय करता है । वहीं राजकीय डिग्री महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुधांशु शेखर भास्करम ने विद्यालय परिवार के इस सम्मान को शिक्षा जगत के प्रति विश्वास और अपनापन का प्रतीक बताया ।कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिवार के सदस्य,शिक्षक एवं अन्य कर्मी उपस्थित रहे । पूरे समारोह में आत्मीयता,सम्मान और शिक्षा के प्रति समर्पण की झलक साफ दिखाई दी ।

# नारायण वर्ल्ड स्कूल, जमुहार की विज्ञान की छात्रा सुश्री आकृति ने रसायन विज्ञान में सौ प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय के साथ ही रोहतास जिले को भी गौरवान्वित किया

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**डेहरी/ रोहतास।** सी बी एस ई बारहवीं कक्षा के लिए हुई परीक्षा के परिणाम में नारायण वर्ल्ड स्कूल, जमुहार की विज्ञान की छात्रा सुश्री आकृति ने रसायन विज्ञान में सौ प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय के साथ ही रोहतास जिले को भी गौरवान्वित किया है। इसके अलावा अंग्रेजी एवं जीव विज्ञान में निन्यानबे प्रतिशत तथा भौतिकी व पेंटिंग में आकृति ने अंठानबे प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। उल्लेखनीय है कि बारहवीं में कक्षा में 98.8 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली आकृति ने दो वर्ष पूर्व दसवीं की परीक्षा में भी 98.2 प्रतिशत लाकर टॉपर होने का गौरव प्राप्त किया था। नारायण वर्ल्ड स्कूल, जमुहार की होनहार छात्रा ने नीट की परीक्षा में भी अच्छे अंक की संभावना व्यक्त की थी लेकिन दुर्भाग्यवश परीक्षा रद्द कर दी गई है। विद्यालय की निदेशक मोनिका नारायण ने उपरोक्त जानकारी देते हुए बताया कि आकृति शुरू से ही मेधावी रही है और हमेशा ही उसने विद्यालय का नाम रौशन किया है। आकृति के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर विद्यालय के प्रबंधन के गोविंद नारायण सिंह, औरंगाबाद के विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह सहित सभी शिक्षकों और कर्मचारियों ने बधाई दी है और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



# तुफानों से क्षतिग्रस्त पोल एसडीओ के पहल से मरम्मती का कार्य हुआ पूरा

## क्षतिग्रस्त पोल मे कुल कोचस मे 25 और करगहर मे 40 का मरम्मती कार्य पूरा

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**कोचस (रोहतास)।** कोचस प्रखंड क्षेत्र में खराब मौसम व आंधी बारिश तूफान के दौरान कई गांव का विद्युत आपूर्ति मे बाधा या तकनीकी समस्या उत्पन्न हुई है, इसको लेकर विद्युत कर्मी निरंतर फॉल्ट सुधार एवं आपूर्ति बहाली के कार्य में लगे हुए हैं ताकि लोगों को विद्युत उपयोग करने में कोई समस्या उत्पन्न ना हो सके, विद्युत कर्मी लगातार फॉल्ट को चेक कर क्षतिग्रस्त पोल का मरम्मती का कार्य जोरों पर कर रहे हैं।

वहीं कोचस विद्युत विभाग एसडीओ अमन कुमार ने बताया कि लगातार हो रही बारिश आंधी तूफान में क्षतिग्रस्त पोल और तारों के सुधार करने में विद्युत विभाग के कर्मी लगे हुए हैं, कोचस जेई राहुल रंजन और करगहर जेई पंकज कुमार के देख रेख मे मरम्मती के साथ मेंटेनेंस का भी कार्य पूरा कर लिया गया है।

**विद्युत विभाग जेई ने कहा कि** कोचस जेई राहुल रंजन ने बताया कि प्रखंड मे लगभग 25 पोल के साथ एलटी और ग्यारह हजार तार को मरम्मती के साथ मेंटनेश का कार्य पूरा कर लिया गया है। बीती रात आई आंधी तूफान मे कोई विद्युत पोल या तार क्षतिग्रस्त नही हुआ है इस को लेकर विद्युत विभाग सजग है।

वही करगहर जेई पंकज कुमार ने बताया कि प्रखंड के कल्याणपुर फिडर में एलटी लाइन और 11 केवी में टूटा हुआ पोल,डुमरा पोखरा के पास,बड़की खराड़ी, सोनवर्षा,बिलारी,मोमिन पुर,मनियारी,गोगहरा,सीढ़ी,गोपाल पुर, कपटीया,नीमडीहरा,सुकुलपुर,खैरही, के साथ अन्य जगहों मे मरम्मती का कार्य पूरा कर लिया गया है। फिलहाल पूरी तरह से विद्युत बहाल कराया गया है ताकि लोगों को परेशानी ना हो।

**एसडीओ ने उपभोक्ताओं से की अपीलः** एसडीओ अमन कुमार ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि ऐसे स्थिति में सभी उपभोक्ता धैर्य बनाए रखे, विद्युत संबंधी कोई भी समस्या उत्पन्न हो रही है तो इसकी सूचना जल्द विद्युत विभाग खोलें विद्युत विभाग के द्वारा की समस्या का जल निराकरण किया जाएगा।



# संक्षिप्त समाचार

## कार्यालय प्रकोष्ठ में दैनिक साक्षात्कार किया गया

**सासाराम /रोहतास।** जिला पदाधिकारी, रोहतास के द्वारा जिला पदाधिकारी के कार्यालय प्रकोष्ठ में दैनिक साक्षात्कार किया गया। उक्त दैनिक साक्षात्कार के क्रम में आठ व्यक्तियों के द्वारा आवेदन पत्र / शिकायत पत्र दिया गया। जिसमें आवेदक राजेश्वर प्रसाद शर्मा, ग्राम/पो०-मुड़ियार, थाना - अकोढ़ीगोला के द्वारा अनाश्यक रूप से लगे गेट को हटाने के संबंध में आवेदन पत्र दिया गया। जिसे शीघ्र निष्पादन कराने हेतु जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, रोहतास को अग्रसारित किया गया। आवेदक उमाशंकर साह, ग्राम- गंगाढ़ी, प्रखंड-दिनारा के द्वारा अतिक्रमण हटाने हेतु आवेदन पत्र दिया गया। जिसे जांच कर अविलंब कार्रवाई करने हेतु अनुमंडल पदाधिकारी, बिक्रमगंज को निदेशित किया गया। आवेदिका अनिता, एएनएम, अहरॉव स्वास्थ्य उपकेंद्र दिनारा के द्वारा स्थानान्तरण करने हेतु निवेदन पत्र दिया गया। जिसे जांच कर नियमानुसार कार्रवाई हेतु सिविल सर्जन, रोहतास को निदेशित किया गया। इसी प्रकार शेष शेष आवेदन पत्र को संबंधित कार्यालय / पदाधिकारी को शीघ्र निष्पादन हेतु अग्रसारित किया गया। जिला पदाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि आम जनता से जुड़े मामलों का समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से निष्पादन सुनिश्चित किया जाए।

## पुलिस ने 15 लीटर देसी शराब के साथ एक अपराधी को किया गिरफ्तार भेजा जेल

**काराकाट /रोहतास।** थाना क्षेत्र के अमरथा गांव से पुलिस ने बुधवार को एक शराब कारोबारी को गिरफ्तार किया। उसके पास से 15 लीटर अवैध देसी शराब बरामद की गई। गिरफ्तार आरोपी की पहचान अमरथा गांव निवासी रासबिहारी राम के रूप में हुई है, जो स्व. भगवान दास राम का पुत्र है। पुलिस ने उसके कब्जे से नीले रंग के गैलन में पैक 15 लीटर महुआ निर्मित देसी शराब जब्त की। यह कार्रवाई थानाध्यक्ष विवेक कुमार के नेतृत्व में गुप्त सूचना के आधार पर की गई। आरोपी के खिलाफ शराबबंदी कानून के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। उसे गुरुवार को न्यायालय में पेश किया गया। थानाध्यक्ष विवेक कुमार ने बताया कि अवैध शराब के खिलाफ लगातार छापेमारी जारी रहेगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि अवैध शराब के धंधेबाजों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने जनता से ऐसी गतिविधियों की सूचना पुलिस को देने की अपील भी की। यह कार्रवाई बिहार में शराबबंदी को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। जिले में ऐसी कार्रवाइयों से अवैध शराब कारोबार पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी।

## भाजपा को बदनाम करने वाले नेताओं पर सख्त करवाई हो-जे पी पांडेय

**काराकाट/ रोहतास।** भाजपा शिक्षा प्रकोष्ठ बिहार प्रदेश के नेता सह झारखंड राज्य समाज कल्याण आंगनवाड़ी कर्मचारी संघ के संयोजक जय प्रकाश पांडेय ने भाजपा के वैसे नेताओं जो भाजपा को बदनाम करने का कार्य कर रहे उन नेताओं पर सख्त करवाई करते हुए संगठन से बाहर का रास्ता दिखाया जाए ताकि आने वाले समय में कोई दूसरा भाजपा नेता भाजपा की बदनाम करने के प्रयास नहीं कर सके,क्यों कि आज लगातार भाजपा सरकार देश के 22 राज्यों में शासन इस लिए कर रहा है कि कांग्रेस और अन्यादलों के नेताओं से अधिक बेहतरीन और स्वक्ष छवि भाजपाकी बनी हुई है,वैसे नेताओं को भाजपा में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा जो नेता भाजपा की बदनाम करने के लिए लगातार प्रयास कर रहे है,भाजपा के स्वच्छ छवि के कारण ही जनता भाजपा को वोट देकर राज्यों और केंद्र में सरकार बनाई है और विपक्ष मूकदर्शक बनकर टुकुर टुकुर ताक रहा है,की कब मौका मिले की गद्दी को पकड़ लिया जाए और जनता विपक्षियों को सत्ता दे नहीं दे रही है,जिसके कारण विरोधी दलों में रोष व्याप्त है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नितिन नवीन जी से मांग की गई है कि भाजपा हित में भाजपा की नुकसान पहुंचाने वाले नेताओं को पार्टी लाइन से बाहर किया जाय,ताकि बार बार NEET परीक्षा सहित कई और अन्य क्षेत्रों में बढ़ रही घपलेबाज भाजपा नेताओं द्वारा किए जा रहे गड़बड़ी को रोका जा सके ताकि जनता में विश्वास कायम रह सके,बहुत कष्ट और वर्षों अपनी पीढ़ियां खपाने के बाद आज भाजपा सत्ता में कायम है और विरोधी दलों का मुंह बंद हो चुका है और माननीय यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में वर्तमान के कठोर चुनौतियों का मुकाबला करते हुए भारत अपने विकसित राष्ट्र बनने के लक्ष्य की ओर लगातार कदम बढ़ा रहा है,यदि छवि इसी तरह बनी रही तो वह दिन दूर नहीं जब भारत 2047 तक विश्व शक्ति राष्ट्र बनकर दुनिया का नेतृत्व करे।

## तिलौथू के निमियाडीह टेढ़का मोड़ पर दर्दनाक सड़क हादसा, एक किशोर की मौत, दो गंभीर घायल

**तिलौथू।** तिलौथू /रोहतास । थाना क्षेत्र अंतर्गत निमियाडीह स्थित टेढ़का मोड़ के समीप शनिवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार एक किशोर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य किशोर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा बाइक के अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे बिजली के खंभे से टकरा जाने के कारण हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार तिलौथू थाना क्षेत्र के कोईडीह गांव निवासी उदय कुमार का 12 वर्षीय पुत्र पिंटू कुमार, किशन कुमार का पुत्र मंझिला कुमार तथा अमझोर थाना क्षेत्र के रामडिहरा गांव निवासी बिहारी राम का 12 वर्षीय पुत्र छोटू कुमार उर्फ गुटला एक ही बाइक पर सवार होकर किसी शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। इसी दौरान निमियाडीह से आगे टेढ़का मोड़ के पास बाइक अचानक अनियंत्रित हो गई और सीधे बिजली के खंभे से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि रामडिहरा गांव निवासी छोटू कुमार उर्फ गुटला की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि पिंटू कुमार और मंझिला कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय ग्रामीणों एवं पुलिस की मदद से दोनों घायलों को तत्काल तिलौथू प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सासाराम सदर अस्पताल रेफर कर दिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि मृतक किशोर के शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया शुरू कर दी है। वहीं दुर्घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि निमियाडीह का टेढ़का मोड़ काफी खतरनाक है और यहां आए दिन सड़क दुर्घटनाएं होती रहती हैं। बावजूद इसके पथ निर्माण विभाग द्वारा अब तक कोई चेतावनी बोर्ड, सांकेतिक चिन्ह अथवा सुरक्षा व्यवस्था नहीं की गई है। ग्रामीणों ने विभाग से अविलंब सुरक्षा संकेतक लगाने एवं सड़क सुरक्षा उपाय करने की मांग की

## अनियंत्रित स्कॉर्पियो ने ऑटो में मारी टक्कर, महिला की मौत, पांच घायल

**नोखा / रोहतास।** थाना क्षेत्र के न्यू एरिया के पास गुरुवार को एक तेज रफ्तार और अनियंत्रित स्कॉर्पियो ने ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में ऑटो सवार एक महिला की मौत हो गई, जबकि पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। इसमें एक महिला की मौत हो गई। मृतक महिला की पहचान औराई गांव निवासी कलपती देवी (लगभग 50 वर्ष) के रूप में की गई है। बताया जा रहा है कि सभी लोग बुधवार को पटना-सासाराम ट्रेन से उतरकर रेलवे स्टेशन सांझौली से ऑटो के जरिए अपने गांव औराई लौट रहे थे। इसी दौरान न्यू एरिया के पास सामने से तेज गति में आ रही अनियंत्रित स्कॉर्पियो ने ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ऑटो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सवार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में उर्मिला देवी, करण कुमार, अमित कुमार, विजय राम और मनोज राम गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को स्थानीय लोगों की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सासाराम सदर अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं सासाराम से भी दो घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उच्च चिकित्सा केंद्र बनारस के लिए रेफर किए जाने की जानकारी मिली है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि मृतक महिला अपने परिवार के साथ एक शादी समारोह से लौट रही थी। हादसे के बाद स्कॉर्पियो चालक वाहन छोड़कर भागने की कोशिश करने लगा, लेकिन स्थानीय लोगों ने उसे पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सासाराम भेज दिया। साथ ही दुर्घटनाग्रस्त स्कॉर्पियो को जब्त कर लिया गया है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# पंचायत भवन सोलर लाइट की रिव्यु, नियमित जांच के दिए निर्देश

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**अररिया।** अररिया जिला पदाधिकारी विनोद दूहन ने निर्माणाधीन पंचायत सरकार भवनों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक में जिले में पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत करने और विकास कार्यों को गति देने पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में बताया गया कि अररिया जिले में कुल 94 पंचायत सरकार भवन निर्माणाधीन हैं। इनमें से 54 भवन पूरी तरह से क्रियाशील हो चुके हैं। हालांकि, शेष भवनों के निर्माण में कुछ चुनौतियाँ आ रही हैं। 9 पंचायतों में सरकारी भूमि उपलब्ध नहीं है, जबकि 4 पंचायतों में भूमि विवाद के कारण कार्य लंबित है।

**लगभग 30,000 लाइटें पहले ही स्थापित कीः** इन समस्याओं पर सख्त रुख अपनाते हुए, डीएम विनोद दूहन ने निर्देश दिया कि जहां सरकारी भूमि उपलब्ध नहीं है, वहां जनप्रतिनिधियों, स्थानीय गणमान्य व्यक्तियों और दानदाताओं के समन्वय से भूमि दान के माध्यम से भूमि उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने सभी प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारियों (BPRO) को इस दिशा में तत्काल कार्रवाई शुरू करने का आदेश दिया। बैठक में सोलर लाइट अधिष्ठापन की प्रगति की भी समीक्षा की गई। जिले में 30,980 सोलर लाइटें लगाने का लक्ष्य था, जिनमें से लगभग 30,000 लाइटें पहले से स्थापित की जा चुकी हैं। जिलाधिकारी ने सभी BPROs को निर्देश दिया कि वे नियमित रूप से पंचायतों का दौरा करें, सोलर लाइटों की कार्यशीलता की जाँच करें और खराब पाए जाने पर तत्काल मरम्मत सुनिश्चित करें।

**पारदर्शिता और जन भागीदारी बढ़ाने पर भी जोर दियाः** डीएम दूहन ने ग्रामीण स्तर पर पारदर्शिता और जन भागीदारी बढ़ाने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में हर महीने कम से कम एक बार ग्राम सभा आयोजित की जानी चाहिए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि अगले माह से BPRO की नियमित समीक्षा बैठकें होंगी, जहां पंचायतों के विभिन्न विकास सूचकांकों के आधार पर उनकी रैंकिंग की जाएगी। अच्छा प्रदर्शन करने वाले अधिकारियों को प्रोत्साहित किया जाएगा। बैठक में जिला पंचायत राज पदाधिकारी, संबंधित कार्यपालक अभियंता और सभी प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी उपस्थित रहे। यह बैठक जिले में पंचायती राज संस्थाओं को मजबूत बनाने और विकास योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। स्थानीय स्तर पर बेहतर सुविधाएं और पारदर्शी प्रशासन सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन की यह पहल सराहनीय है।

# ट्रक ने शिक्षिका को रौंदा, मौत

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**भागलपुर।** भागलपुर में सड़क हादसे में बांका की शिक्षिका सितारा खातून (37) की मौत हो गई है। हरियाणा नंबर के ट्रक ने स्कूटी में टक्कर मार दी। स्कूटी चला रहे पति अब्दुल बारी बाल-बाल बच गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने सड़क जाम कर दिया और पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। घटना के बारे में पति अब्दुल बारी ने बताया कि सितारा स्कूल से छूटने के बाद बस से या टोटो से आती थी। कभी हम लेने जाते थे, आज हम लाने गए थे। पत्नी को धोरैया प्रखंड के एनपीएस प्राइमरी स्कूल खगडा अस्सी से लेकर अपने घर धनकुंड स्थित बबुरा जा रहे थे। इसी दौरान भुढ़िया गांव के पास मेरे बगल से ट्रक गुजरा। ट्रक में मेरा कुर्ता फंस गया। जिसके बाद मेरा बैलेंस बिगड़ गया और हम दोनों सड़क पर गिर गए। ट्रक पत्नी को कुचलते हुए चला गया। घटना सन्हौला थाना क्षेत्र के घोघा पंजवारा स्टेट हाईवे-84 भुड़िया गांव के पास की है।

**मृतका की 2 साल की बेटी भी हैः** घायल पति ने बताया कि 2 साल की एक बेटी अइरानाज है, अब उसे दूध कौन पिलाएगा। पत्नी सितारा खातून रोज सुबह स्कूल जाने से पहले मेरी 2 साल की बेटी को दूध पिलाकर जाती थी। वे जाने से पहले दूध गर्म कर बोतल में रख देती थी। उस दूध को परिवार अन्य सदस्य जब जब मेरी बेटी को भूख लगता पिलाते थे। स्कूल से जब मेरी पत्नी वापस आती तो सबसे पहले बच्ची को दूध पिलाती थी। फिर मेरी 13 साल की बेटी सूफियानाज और हम सभी मिलकर खाना खाते थे। आज अचानक से मेरा परिवार उजड़ गया। सोफियानाज को कौन सुबह-सुबह स्कूल जाने से पहले नाश्ता बना कर देगा। सूफियानाज नौवीं क्लास में एक निजी स्कूलों में पढ़ती है। 18 साल का एक बेटा जीशान उमर भी है, वो मधेपुरा में एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### जोकीहाट पुलिस ने कार से किया विदेशी शराब की बरामदगी

**अररिया।** जोकीहाट पुलिस ने बीती देर रात्रि रानी चौक के निकट गुप्त सूचना पर लगाए गए वाहन चेकिंग अभियान के दौरान एक कार से 21.780 लीटर विदेशी शराब का खेप बरामद किया।जानकारी बुधवार को थानाध्यक्ष राजीव कुमार झा ने देते हुए बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि पश्चिम बंगाल से शराब का खेप जोकीहाट थाना क्षेत्र से होकर गुजरने वाला है। सूचना पर रानी चौक के निकट पुलिस के द्वारा वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया और इसी क्रम में एक सफेद रंग की कार संख्या बीआर-01 एवी-5583 तेज गति से आता दिखाई दिया।जिसे पुलिस ने रुकने का इशारा किया तो वे तेजी से भागने के फिराक में थे।लेकिन पुलिस ने कार की घेराबंदी कर कार को जब्त किया और तलाशी ली तो कार से भारी मात्रा में बीयर और विदेशी शराब बरामद किया गया। कार पश्चिम बंगाल से आ रही थी।तलाशी के दौरान पुलिस ने कार से कुल 21.780 लीटर अवैध विदेशी शराब जब्त किया। जोकीहाट थानाध्यक्ष ने बताया कि हालांकि कार की घेराबंदी के बाद कार चालक गाड़ी को खड़ाकर अंधेरे का फायदा उठाते हुए मौके से फरार हो गया।पुलिस ने कार भी जब्त कर लिया है।मामले को लेकर जोकीहाट थाना में मद्य निषेध कानून के तहत कांड दर्ज कर तस्करी के फॉरवर्ड और बैकवर्ड लंकेज खंगालने में जुट गई है।

### फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर स्वास्थ्य विभाग का विशेष अभियान शुरू

**अररिया।** फाइलेरिया अर्थात हाथीपांव जैसी गंभीर बीमारी को जड़ से खत्म करने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने अभियान शुरू किया है। गुरुवार को बिहार स्वास्थ्य विभाग की ओर से टॉस-01 कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अभियान के तहत 14 मई से 29 मई तक सरकारी और गैर सरकारी विद्यालयों में कक्षा एक और दो में पढ़ने वाले छह वर्ष आयु के बच्चों की विशेष जांच की जाएगी। कार्यक्रम का उद्घाटन रेफरल अस्पताल मोड़ स्थित पुरानी पीएचसी परिसर में किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम को जांच कार्य के लिए रवाना किया गया। अधिकारियों ने कहा कि समय रहते बीमारी की पहचान होने पर बच्चों को गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं से बचाया जा सकता है।

**स्कूलों में जाकर होगी बच्चों की स्वास्थ्य जांचः** कार्यक्रम के दौरान डॉ. अजय कुमार सिंह, डॉ. राजीव कुमार बसाक और बीएचएम हाजी सईद उज्जमा ने संयुक्त रूप से अभियान की शुरुआत की। पीएचसी प्रभारी ने बताया कि इस विशेष अभियान के तहत बच्चों की स्वास्थ्य जांच कर फाइलेरिया के संभावित लक्षणों की पहचान की जाएगी। इसके बाद जरूरत पड़ने पर उपचार और रोकथाम की दिशा में आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। स्वास्थ्य विभाग ने अभिभावकों और विद्यालय प्रबंधन से भी इस अभियान में सहयोग की अपील की है।

**हर दिन पांच टीम करेंगी जांचः** बीएचएम हाजी सईद उज्जमा ने बताया कि टॉस-01 कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रतिदिन पांच टीमों को अलग-अलग विद्यालयों में भेजा जाएगा। हर टीम में पांच स्वास्थ्यकर्मी शामिल रहेंगे, जो बच्चों की जांच करेंगे। अभियान के पहले दिन से ही शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के चिन्हित पांच विद्यालयों में छह वर्ष आयु के बच्चों की स्क्रीनिंग शुरू की गई। अधिकारियों के अनुसार इस अभियान का मुख्य उद्देश्य बच्चों में फाइलेरिया के शुरुआती लक्षणों की पहचान कर बीमारी को फैलने से रोकना है। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में स्वास्थ्यकर्मी और विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

### शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान से राजद ने की इस्तीफे की मांग

**अररिया।** नीट-यूजी 2026 परीक्षा रद्द होने पर राजद जिलाध्यक्ष ने केंद्र के शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के खिलाफ मुखर होते हुए गुरुवार को उनके इस्तीफे की मांग की। पेपर लीक मामले को प्रशासनिक और केन्द्र सरकार की विफलता बताते हुए राजद जिलाध्यक्ष मंडल अविनाश आनंद ने शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से इस्तीफे की मांग की। राजद नेता ने कहा कि लाखों छात्र कड़ी मेहनत कर परीक्षा देते हैं और अभिभावक कर्ज लेकर बच्चों को कोचिंग भेजते हैं, लेकिन पेपर लीक से उनका भविष्य प्रभावित होता है। उन्होंने एनटीए के कामकाज पर सवाल उठाते हुए दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। उल्लेखनीय है कि पेपर लीक के आरोपों के बीच एनटीए ने 3 मई को आयोजित नीट-यूजी 2026 परीक्षा रद्द कर दी है।उन्होंने कहा कि बीपीएससी से लेकर केंद्रीय स्तर की नीट यूजी की परीक्षा का प्रश्न पत्र लीक होनहार छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है और इसके लिए मंत्री को जिम्मेवारी लेनी चाहिए।वहीं कुछ भाजपा सांसद द्वारा शिक्षा मंत्री के पक्ष में बयान देने वाले नेताओं और सांसदों को भी राजद जिलाध्यक्ष ने आड़े हाथ लिया।

### 20 किलोमीटर लंबा जाम विक्रमशिला पुल बंद होने का असर

**मुंगेर।** मुंगेर में राष्ट्रीय राजमार्गों पर इन दिनों लगातार जाम की स्थिति बनी हुई है। इसका मुख्य कारण भागलपुर के विक्रमशिला पुल के क्षतिग्रस्त होने के बाद सीमांचल क्षेत्र की ओर जाने वाले वाहनों का मुंगेर से होकर गुजरना है। भागलपुर जिले के अलावा झारखंड, बंगाल और अन्य क्षेत्रों से आने वाले सभी छोटे-बड़े वाहन मुंगेर के श्रीकृष्ण सेतु से होकर गुजर रहे हैं। मुंगेर के राष्ट्रीय राजमार्गों पर वाहनों का अत्यधिक दबाव होने के कारण जिले में लगातार जाम लग रहा है। गुरुवार को बरियारपुर के तीन बटिया चौक से लेकर मुंगेर के बांक मोड़ तक लगभग 20 किलोमीटर लंबा महाजाम देखा गया।जाम के बीच बरियारपुर थाना, यातायात नया रामनगर और मुफस्सिल थाने की पुलिस अलग-अलग स्थानों पर फंसे वाहनों को निकालने का प्रयास कर रही है। सुबह 10 बजे से यह स्थिति बनी हुई है, जिससे सड़कें वाहनों से अटी पड़ी हैं। इस जाम में 22 चक्के वाले ट्रकों सहित कई बड़े और छोटे वाहन फंसे हुए हैं। अनुमान है कि इस 20 किलोमीटर लंबे जाम में एक हजार से अधिक वाहन चालक फंसे हुए हैं।

## विक्रमशिला सेतु के टूटे हिस्से पर बेली ब्रिज बनना शुरू

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**भागलपुर।** भागलपुर में विक्रमशिला सेतु के टूटे हिस्से पर अस्थायी बेली ब्रिज बनाने का काम शुरू हो गया है। काम की जिम्मेदारी बॉर्डर रोज ऑर्गेनाइजेशन (बीआरओ) की टीम को दी गई है। भागलपुर पहुंचने के बाद बीआरओ की टीम ने काम शुरू कर दिया है। बुधवार को बीआरओ के एक वरीय अधिकारी ने घटनास्थल पहुंचकर निर्माण कार्य का जायजा लिया। इस दौरान पुल निगम के अभियंता, एसडीएम और सिटी एसपी ने भी सेतु के विभिन्न हिस्सों का निरीक्षण किया। प्रशासन के अनुसार अस्थायी पुल निर्माण के लिए जरूरी सामान कोलकाता से मंगाया जा रहा है। बेली ब्रिज निर्माण के लिए कुल 12 ट्रकों से सामग्री पहुंचनी है। बुधवार देर शाम तक तीन ट्रक भागलपुर पहुंच चुका है, जबकि बाकी ट्रकों के गुरुवार शाम तक पहुंचने की संभावना है। जिलाधिकारी ने बताया कि सभी सामग्री पहुंचने के बाद बीआरओ की टीम स्ट्रक्चर को असेंबल करने और अन्य तकनीकी कार्य शुरू करेगी। पुल को लॉन्च करने में करीब आठ से दस दिन का समय लग सकता है।

**आज से गंगा पार करने के लिए देना होगा किरायाः** भागलपुर और नवगछिया के बीच गंगा नदी में चल रही मुफ्त फेरी सेवा गुरुवार से बंद हो जाएगी। इसके बाद नाव और जहाज से जाने के लिए शुल्क देना होगा। प्रशासन की ओर से इसके लिए किराया सूची भी जारी कर दी गई है। जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी ने स्पष्ट किया है कि नवगछिया की ओर से सुबह भागलपुर आने वाले दूध, सब्जी और फल विक्रेताओं से फेरी सेवा का कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। जिलाधिकारी ने बताया कि आम लोगों को महंगाई से राहत देने और दूध, सब्जी और फलों की कीमतों में बढ़ोतरी रोकने के उद्देश्य से यह व्यवस्था लागू की गई है। प्रशासन के अनुसार इसके अलावा फेरी सेवा में यात्रा करने वाले यात्रियों और अन्य सभी प्रकार के सामानों की ढुलाई के लिए निर्धारित शुल्क देना होगा।

## सिविल कोर्ट साइकिल से पहुंचे जज और कर्मी

**बांका।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ईंधन बचाने की अपील से प्रेरित होकर बांका सिविल कोर्ट में एक अनूठी पहल की गई। गुरुवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सत्य भूषण आर्य सहित अन्य न्यायिक अधिकारी और न्यायालय कर्मी साइकिल से कोर्ट पहुंचे। इस पहल का उद्देश्य स्वस्थ जीवनशैली और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देना था। प्रधान जिला न्यायाधीश सत्य भूषण आर्य के साथ फैमिली जज धर्मेंद्र झा, अन्य न्यायिक पदाधिकारी, न्यायालय कर्मी और उनके अंगरक्षक भी साइकिल पर सवार होकर कोर्ट पहुंचे।

बिहार सरकार

**समाहरणालय, औरंगाबाद**
(जिला आपदा प्रबंधन शाखा)
अल्पकालीन पूर्ननिविदा
निविदा संख्या—02 / 2026—27

वर्ष—2026 में संभावित बाढ़ / सुखाड़ के समय प्रभावित परिवारों एवं विस्थापित परिवारों को राहत सामग्री उपलब्ध कराने हेतु वस्तुओं की आवश्यकता पर्याप्त मात्रा में होगी, इस हेतु सामग्रियों जिसकी पूर्ण विवरणी निम्न प्रकार अंकित है, उनके दर निर्धारिता एवं आपूर्ति के लिये इच्छुक आपूर्तिकर्त्ताओं से एतद् द्वारा सीलबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है।

उल्लेखनीय है कि अल्पकालीन निविदा संख्या—01 / 2026—27 पूर्व में आमंत्रित की गई थी जिसकी अंकित तिथि—02.05.2026 निर्धारित थी। दिनांक—23.04.2026 को नवबिहार टाइम्स, पेपर, औरंगाबाद में सूचना प्रकाशित की गई थी लेकिन एक भी निविदादाताओं द्वारा निविदा दाखिल नहीं किए जाने की स्थिति में अल्पकालीन पुर्न निविदा संख्या—02 / 2026—27 प्रकाशित की जा रही है। निविदा संख्या—01 / 2026—27 का PR No-001667 (Disaster) 2026-27

निविदादाताओं को मो0—20,000.00 (बीस हजार) रूपये मात्र निविदा डालने हेतु जमानत की राशि किसी अनुसूचित बैंक से निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में जिला पदाधिकारी, औरंगाबाद के नाम से निर्गत हो तथा निविदा दस्तावेज हाथो—हाथ या डाक के माध्यम से जिला आपदा प्रबंधन शाखा, औरंगाबाद में जमा करना होगा। निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि—29.05.2026 के अप0—03:00 बजे तक होगी। प्राप्त निविदाएँ उसी दिन अप0—03:30 बजे समाहरणालय सभाकक्ष में जिला क्रय समिति के समक्ष खोली जाएगी, जिसमें स्वयं निविदादाता या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं।

विशेष जानकारी के लिये जिला आपदा प्रबंधन शाखा, औरंगाबाद से सम्पर्क कर सकते है एवं विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाइट aurangabad.bih.nic.in पर भी देखा जा सकता है।

जिला पदाधिकारी
औरंगाबाद

PR- 003162 (Disaster) 2026-27

विस्तृत सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

## सीबीएसई 12वीं की परीक्षा में फारबिसगंज के श्री रानी सरस्वती विद्या मंदिर का रहा शानदार प्रदर्शन




**अररिया।** फारबिसगंज के श्री रानी सरस्वती विद्या मंदिर का सीबीएसई बोर्ड की 12वीं की परीक्षा में भैया बहनों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय सहित पूरे क्षेत्र का मान बढ़ाया है। परीक्षा परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर में खुशी और उत्साह का माहौल देखने को मिला। सफल विद्यार्थियों को शिक्षकों एवं अभिभावकों ने मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं। विज्ञान संकाय में प्रखर प्रत्यूष ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉपर बनने का गौरव हासिल किया। वहीं सौरभ कुमार ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। हर्ष रंजन को 86 प्रतिशत, लक्ष्मी कुमारी को 85 प्रतिशत, तेजस कुमार एवं शाश्वत नयन को 83-83 प्रतिशत, अंकित कुमार एवं रंजीता कुमारी को 80-80 प्रतिशत, जबकि अभिमन्यु कुमार एवं आदर्श कुमार को 78-78 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए। वहीं वाणिज्य संकाय में सृष्टि कुमारी ने 89 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सर्वोच्च स्थान हासिल किया। अभिनव मिश्रा को 86 प्रतिशत तथा अंकित कुमार को 80 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए। विद्यालय के प्रधानाचार्य आशुतोष कुमार मिश्र ने विद्यार्थियों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के समर्पण एवं विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तथा अनुशासित वातावरण का प्रतिफल है। उन्होंने सभी सफल विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर लोक शिक्षा समिति बिहार के संरक्षक रामकुमार केसरी, प्रदेश सचिव रामलाल सिंह, पूर्णिया विभाग के प्रवासी कार्यकर्ता गणेश प्रसाद मौर्य, विद्यालय प्रबंध कारिणी समिति के संरक्षक डॉ. विमलकान्त ठाकुर, अध्यक्ष सच्चिदानंद मेहता, आचार्य जगन्नाथ झा, लक्ष्मीकांत झा एवं श्री प्रसाद राय सहित अन्य गणमान्य लोगों ने सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

पूर्व रेलवे

**खुली निविदा सूचना सं.: 15–एसडीएसटीई–एएसएन–2026–27, दिनांक 13.05.2026,** वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन–713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती हैः **कार्य का नाम/स्थानः** ''आसनसोल मंडल : सीतारामपुर–झाझा मेन लाइन, मधुपुर–गिरिडीह और जसीडीह–बैद्यनाथधाम शाखा लाइन में लेवल क्रॉसिंग की सड़क सतह में सुधार के साथ पुराने, जीर्ण–शीर्ण गेट लॉज के प्रतिस्थापन सहित एसओडी अतिक्रमण से बचाव के लिए नए गेट लॉज के निर्माण द्वारा गेट लॉज का स्थानांतरण''। **निविदा मूल्यः** रु. 1,29,85,681.59, **बयाना राशिः** रु. 2,59,700/–, **कार्य की समापन अवधिः** एलओए जारी करने की तिथि से 18 माह। **निविदा बंद होने की तिथि और समयः** 09.06.2026 को 14.00 बजे। **वेबसाइट का विवरणः** http://www. ireps.gov.in/

ASN-80/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइटः www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

हावड़ा-राजगीर-हावड़ा स्पेशल ट्रेन

संशोधनी

03029/03030 हावड़ा-राजगीर-हावड़ा स्पेशल ट्रेन के परिचालन के संबंध में पूर्व प्रकाशित उपर्युक्त शीर्षक वाले विज्ञापन के संदर्भ में, निम्नलिखित संशोधन किए गए हैं: ● **03030 राजगीर-हावड़ा स्पेशल ट्रेन** का **साहिबगंज** स्टेशन पर समय इस प्रकार पढ़ा जाए: **आगमन 21.20 बजे** और **प्रस्थान 21.22 बजे**। ● **03029 हावड़ा-राजगीर स्पेशल ट्रेन** का **किऊल** स्टेशन पर समय इस प्रकार पढ़ा जाए: **आगमन 09.20 बजे** और **प्रस्थान 09.25 बजे**। ● **03029/03030 हावड़ा-राजगीर-हावड़ा स्पेशल ट्रेन** दोनों दिशाओं में सरायगढ़ स्टेशन के बदले **सरसा जमालपुर** स्टेशन पर रुकेगी। अन्य सभी विवरण अपरिवर्तित रहेंगे।

मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक

पूर्व रेलवे

## फोरलेन रोड पर ट्रांसमिशन टावर ऊंचे किए गए

**मुंगेर।** मुंगेर-मिर्जाचौकी के बीच निर्माणाधीन फोरलेन सड़क परियोजना में बाधा बन रही 400 केवी ट्रांसमिशन लाइन को आखिरकार ऊंचा कर दिया गया है। सड़क के ऊपर से गुजर रही यह हाई वोल्टेज लाइन पहले काफी नीचे थी, जिससे भविष्य में बड़े वाहनों के लिए खतरा पैदा हो सकता था। इसी सुरक्षा चिंता को ध्यान में रखते हुए, निर्माण एजेंसी ने ट्रांसमिशन टावर को हटाकर लाइन को लगभग 15 फीट ऊपर उठाकर सुरक्षित कर दिया है। अब इस मार्ग पर भारी वाहनों के आवागमन के दौरान दुर्घटना की आशंका काफी कम हो जाएगी। निर्माण कार्य में जुटी एजेंसी के इंजीनियर मो. अरशद खान ने बताया कि तारों को मजबूती से 15 फीट ऊपर उठाया गया है।

परियोजना को समय पर पूरा करने में मदद मिलेगीः अधिकारियों ने आम लोगों से अपील की है कि जब तक सड़क का निर्माण कार्य पूरी तरह समाप्त नहीं हो जाता, तब तक वे सहयोग करें और कार्य में लगे मजदूरों एवं अधिकारियों को बाधित न करें।

बिहार सरकार

कार्यालय, अनुमंडल पदाधिकारी, औरंगाबाद
प्रपत्र – घ
अन्तिम मतदाता सूची के प्रकाशन की सूचना
जिला औरंगाबाद नगरपालिका नगर पंचायत, मदनपुर वार्ड संख्या 1 से 10

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वार्ड की अन्तिम मतदाता सूची को निम्नांकित स्थानों पर सर्व साधारण के निरीक्षण हेतु प्रकाशित किया जाता है :–

(1) जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) का कार्यालय
(2) अनुमंडल कार्यालय, औरंगाबाद सदर
(3) नगर पंचायत, मदनपुर
(4) अंचल कार्यालय, मदनपुर
(5) प्रखंड कार्यालय, मदनपुर
(6) वार्ड क्षेत्र अन्तर्गत स्थित थाना
(7) वार्ड क्षेत्र अन्तर्गत स्थित डाकघर

स्थान :– औरंगाबाद
दिनांक :– 13.05.2026

निबंधन पदाधिकारी, औरंगाबाद

उक्त सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

PR. No. 003228 (Election) 2026-27

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।

पूर्व रेलवे

**बिड संख्याः जीईएम/2026/बी/7527270, दिनांकः 12.05.2026,** उप मुख्य यांत्रिक अभियंता/एलएचबी, सी एंड डब्ल्यू वर्कशॉप, पूर्व रेलवे, लिलुआ, हावड़ा, पिन–711204 द्वारा खुली निविदा के आधार पर निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती हैः **बिड का विवरणः वस्तु श्रेणी**ः सेवाओं के लिए कस्टम बिड–सी एंड डब्ल्यू वर्कशॉप, लिलुआ में सफाई एवं देखरेख कार्य। **समान श्रेणी**ः सफाई, स्वच्छता और रोगाणुरोधी सेवा–परिणाम आधारित। **अनुमानित निविदा मूल्य (सभी करों सहित) भारतीय रुपये में**ः रु.11,06,97,830.60, **ईएमडी विवरणः एडवाइजरी बैंक**ः स्टेट बैंक ऑफ इंडिया। **ईएमडी राशि** : रु.7,03,490/–, **ईपीबीजी विवरणः एडवाइजरी बैंक**ः स्टेट बैंक ऑफ इंडिया। **ईपीबीजी प्रतिशत(%)** : 5.00, **अनुबंध अवधिः** 2 वर्ष। **बिड पेशकश वैधता (बंद होने की तारीख से):** 120 दिन। **बिड बंद होने की तारीख/समयः** 02.06.2026 को 17.00 बजे। **बिड खुलने की तारीख/समयः** 02.06.2026 को 17.30 बजे। **बिडर का न्यूनतम औसत वार्षिक टर्नओवर (3 वर्षों का)**ः रु.554 लाख। **उन्हीं/समान सेवाओं के लिए अपेक्षित विगत अनुभव के वर्ष**ः 1 वर्ष। **इसी तरह की सेवाओं का पिछला आवश्यक अनुभव है**ः हाँ। **एमएसएमई के लिए अनुभव के वर्षों और टर्नओवर से छूट प्रदान की गई है**ः नहीं। **स्टार्टअप के लिए अनुभव के वर्षों और टर्नओवर से छूट प्रदान की गई है**ः नहीं। **क्या आप निविदाकारों द्वारा अपलोड किए गए दस्तावेज़ों को निविदा में भाग लेने वाले सभी निविदाकारों को दिखाना चाहते हैं?:** हाँ (निविदा/बोली प्रक्रिया के दौरान स्पष्टीकरण/प्रतिनिधित्व के अंश के तौर पर जमा किए गए दस्तावेज़ लॉगिन के बाद भाग लेने वाले अन्य निविदाकारों को भी प्रदर्शित किए जाएंगे)। **बिड लगाने की समय–सीमा स्वतः नहीं बढ़ाने के लिए आवश्यक बिड की की संख्या**ः 1, **दिनों की संख्या, जिनके लिए बिड लगाने की समय–सीमा बढ़ाई जाएगी**ः 3 दिन। **ऑटो एक्सटेंशन अधिकतम कितनी बार किया जाना है**ः 1, **बिड से रिवर्स नीलामी सक्रिय कियाः** नहीं। **विक्रेता से मांगे गए दस्तावेज़** : अनुभव मापदंड, बिडर टर्नओवर, प्रमाणपत्र (एटीसी में अनुरोध किया गया), *यदि कोई बिडर अनुभव/टर्नओवर के मानदंड से छूट चाहता है, तो ऐसी छूट के लिए उनकी पात्रता को प्रमाणित करने वाले समर्थित दस्तावेज क्रेता द्वारा अवश्य ही मूल्यांकन के लिए अपलोड किए जाएं। **बिड का प्रकार**ः दो पैकेट बिड। **मूल्यांकन पद्धति**ः कुल मूल्य–वार मूल्यांकन। **मूल्य दर्शाने वाला वित्तीय दस्तावेज़ ब्रेकअप आवश्यक है**ः हाँ। **तकनीकी मूल्यांकन के दौरान तकनीकी स्पष्टीकरण हेतु अनुमत समयः** 2 दिन। **मध्यस्थता खंड** : नहीं। **सुलह खंड** : नहीं।

MISC-40/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

पूर्व रेलवे

**निविदा सूचना सं. एसजी.निविदा/डीएसटीई/एसडीएएच/615, दिनांक 13.05.2026,** वरिष्ठ डीएसटीई, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, कंट्रोल बिल्डिंग, डीआरएम बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता–700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती हैः **ई–निविदा सं. : एसडीएसटीई/एसआईजी/टी/06/26–27/आरआरएसके। कार्य का नाम एवं इसका स्थानः** उम्र–सह स्थिति के आधार पर नए आरडीएसओ स्पेसिफिकेशन (2023) से पुराने आरडीएसओ स्पेसिफिकेशन (2004) के आईपीएस का प्रतिस्थापन। **निविदा मूल्य :** रु.7,44,25,962.10, **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति जमा की जाएगी:** रु.14,88,500/– **निविदा कागजात का मूल्यः** शून्य। **कार्य की समापन अवधिः** 12 माह। **निविदा जमा देने की प्रारंभिक तिथिः** 28.05.2026, **निविदा जमा देने की अंतिम तिथिः** 11.06.2026 को 14.00 बजे तक। **निविदा बोली के खोलने की तिथिः** 11.06.2026 को 14.30 बजे। **विवरण यहाँ से देखा जा सकता हैः www.ireps.gov.in तकनीकी पात्रता मानदंड:** निविदाकार ने निविदा आमंत्रण से पूर्व महीने के अंतिम दिन को समाप्त, पिछले 07 (सात) वर्षों के दौरान, निम्नलिखित श्रेणियों में से किसी एक कार्य का सफलतापूर्वक पूरा या पर्याप्त रूप से निष्पादन किया हैः (i) तीन समरूप कार्य जिनमें से प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 30% की समान राशि से कम न हो, या (ii) दो समरूप कार्य जिनमें से प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 40% की समान राशि से कम न हो, या (iii) एक समरूप कार्य जिसकी लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 60% की समान राशि से कम न हो। **वित्तीय पात्रता मानदंड:** निविदाकार का न्यूनतम औसत वार्षिक ठेकाजनित कारोबार V/N या 'V' होना चाहिए, जो भी कम हो, जहाँ V = निविदा का विज्ञापित मूल्य करोड़ रुपये में, N = कार्य पूरा करने के लिए निर्धारित वर्षों की संख्या जिसके लिए बोलियाँ आमंत्रित की गई हैं। औसत वार्षिक ठेकाजनित कारोबार की गणना लेखापरीक्षित तुलन पत्र के अनुसार पिछले तीन वित्तीय वर्षों में "कुल ठेकाजनित भुगतान" के औसत के रूप में की जाएगी। तथापि, यदि पिछले वर्ष का तुलन–पत्र अभी तैयार किया जाना है/लेखापरीक्षित नहीं है, तो औसत वार्षिक ठेकाजनित कारोबार की गणना के लिए चौथे पिछले वर्ष के लेखापरीक्षित तुलन–पत्र को विचार में लिया जाएगा। निविदाकार जीसीसी 2022 के अनेक्सर–VIबी (मौजूदा निविदा कागजात का फॉर्म–6) के अनुसार आवश्यक जानकारी के साथ सनदी लेखापाल द्वारा यथा प्रमाणित लेखापरीक्षित तुलन पत्र की प्रतियाँ/लेखापरीक्षित तुलन पत्र द्वारा यथा समर्थित सनदी लेखापाल से प्रमाण पत्र प्रस्तुत करेंगे। **जमा किए जाने वाले अन्य कागजात:** निविदा कागजात में उल्लिखित अनुसार। **समरूप कार्य की प्रकृति:** डेटा लॉगर या आरटीयू की आपूर्ति, स्थापना और आरंभ या कोई सिग्नल इंटरलॉकिंग कार्य जिसमें शामिल है ईआई या आरआरआई या पीआई या आईबीएस या आईबीएच या एलसी गेट इंटरलॉकिंग या यार्ड रूपांतरण या यूएफएसबीआई या ट्रैक सर्किट (एएफटीसी या डीसी टीसी) या एक्सल काउंटर (एसएसडीएसी या एमएसडीएसी या एचए–एसएसडीएसी) या ऑटोमेटिक सिग्नलिंग। **टिप्पणी:** निविदाकार अपने निविदा प्रस्ताव के साथ निविदा कागजात में उल्लिखित पात्रता मानदंड को पूरा करने के अपने दावे के समर्थन में कागजात प्रस्तुत करेंगे। निविदाकार द्वारा प्रस्तुत किए गए प्रमाण पत्रों के समर्थन में कागजातों/प्रमाणपत्रों की प्रतिलिपि का प्रत्येक पृष्ठ निविदाकार या निविदाकारी फर्म के अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा स्व–सत्यापित/डिजिटल रूप से हस्ताक्षरित होगा। स्व–सत्यापन में हस्ताक्षर, मुहर और तिथि (प्रत्येक पृष्ठ पर) शामिल होंगे।

SDAH-40/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## संक्षिप्त समाचार

### शायरी और कवि गोष्ठी में बही साहित्यिक रसधारा

**आरा**| शहर के रमना पकड़ी रोड स्थित आनंद हॉस्पिटल में बुधवार को शायरी एवं कवि गोष्ठी सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन शहर के प्रसिद्ध फिजिशियन एवं भाजपा चिकित्सा मंच के जिलाध्यक्ष डॉ केएन सिन्हा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में साहित्य, संगीत और शायरी का सुंदर संगम देखने को मिला। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पटना से आए पूर्व डीआईजी अनिल सिंह थे। वहीं वाद्य यंत्रों पर चंद्र मोहन ओझा, रमेश कुमार बर्मन एवं राजीव कुमार ओझा ने अपनी मधुर प्रस्तुति से माहौल को और भी आकर्षक बना दिया। शायरों और कवियों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से सामाजिक, सांस्कृतिक एवं मानवीय संवेदनाओं को प्रस्तुत किया, जिसे उपस्थित लोगों ने खूब सराहा। इस मौके पर शहर के कई गणमान्य लोग, चिकित्सक एवं साहित्य प्रेमी मौजूद रहे। उपस्थित लोगों ने कहा कि इस तरह के साहित्यिक आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा और सांस्कृतिक चेतना को मजबूत करने का कार्य करते हैं।

### इंटर में शान्ति स्मृति सम्भावना आवासीय उच्च विद्यालय का रिजल्ट रहा शत प्रतिशत

**आरा**। केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने 12वीं का रिजल्ट बुधवार को जारी कर दिया है। शान्ति स्मृति सम्भावना आवासीय उच्च विद्यालय की छात्रा सृष्टि कुमारी ने कला संकाय में 94% अंक, विज्ञान संकाय में आयुष भारती 93.5% और वाणिज्य संकाय में सुरूधि जैन 85% अंक प्राप्त किया है। विद्यालय के निदेशक डॉ कुमार द्विजेन्द्र ने परीक्षाफल पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि 12वीं के बाद छात्र-छात्राओं के लिए आगे अध्ययन करने का रास्ता खुलता है। उन्होनें छात्र-छात्राओं और उनके अभिभावकों को बधाई और शुभकामनाएँ दी। प्राचार्या डॉ अर्चना सिंह ने कहा कि यह परीक्षाफल छात्र-छात्राओं तथा शिक्षकों के लगन और मेहनत का परिणाम है। उन्होंने ने बताया कि छात्रा जाह्नवी (89%), आलोक अतुल्य (89%), अस्मित शांडिल्य (88%), आयुष राज (87.5%), राजवर्धन त्रिपाठी (87%), प्राची कुमारी (87%), पियूष राज (86%) और रिया सिंह (86%) अंक हासिल किया हैं। विद्यालय के शेष परीक्षार्थीयों का अंक 60% से लेकर 85% के बीच रहा। जबकि सृष्टि कुमारी ने राजनीतिक विज्ञान में 100 में 100 अंक लाकर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। ज्योति आवासीय विद्यालय के विद्यार्थियों ने परीक्षा में प्राप्त की सफलता आरा। ज्ञान ज्योति आवासीय विद्यालय के सभी परीक्षार्थी शत प्रतिषत उत्तीर्ण रहे। कुल 54 परीक्षार्थियों में विज्ञान के 45 और वाणिज्य के कुल 9 विद्यार्थियों ने परीक्षा दिया था जिसमें विज्ञान संकाय में विद्यालय में सर्वाधिक 90 प्रतिशत अंकों के साथ हर्षित राज प्रथम स्थान पर रहे। साथ ही साथ विज्ञान संकाय में ही क्रमशः दूसरे तथा तीसरे स्थान पर 82.2 प्रतिशत अंकों के साथ ममता कुमारी तथा 80.6 प्रतिशत अंकों के साथ खुशी कुमारी रहीं। वहीं कॉमर्स अर्थात वाणिज्य संकाय में 72.4 प्रतिशत अंकों के साथ सूर्यांश ने विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि 71.8 प्रतिशत अंकों के साथ मनीष एवं 68.8 प्रतिशत अंकों के साथ यदुवीर उमेश तृतीय स्थान पर रहे। शेष सभी ने भी अच्छे प्रतिशत अंकों के साथ इस परीक्षा को उत्तीर्ण किया। प्राचार्या डॉ सीपी जैन ने विद्यालय के बच्चों की शत प्रतिशत सफलता पर खुशी जाहिर करते हुए सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि विद्यालय में सिखाये गये स्किल्स अब काम आएंगे। प्रबंध निदेशक डॉ. आदित्य बिजय जैन ने कहा कि अब बच्चों को संघर्ष के रास्तों पर चलते हुए सफलता प्राप्त कर आगे बढ़ते जाना है और अपने माता पिता और देश के लिए कुछ कर दिखाना है। विद्यालय के लिए यह परीक्षाफल शिक्षकों की मेहनत और छात्र-छात्राओं के लगन तथा उनके अनुशासन का परिणाम है।

### एसपी ने किया साइबर थाना का निरीक्षण किया

**आरा**। एसपी ने बुधवार को साइबर थाना के निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसपी राज ने थाने के विभिन्न अभिलेखों, तकनीकी संसाधनों और कार्यालय परिसर की कार्यप्रणाली का बारीकी से जायजा लिया। इस अवसर पर एसपी ने लंबित साइबर कांडों के त्वरित निष्पादन और तकनीकी अनुसंधान को और अधिक प्रभावी बनाने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के क्रम में साइबर थाना के थानाध्यक्ष सह डीएसपी स्नेह सेतु सहित सभी पुलिस कर्मी और पदाधिकारी मौजूद थे।

### 15 मई को सजेगी सुरों की महफिल

**बक्सर**| कला एवं साहित्य को समर्पित अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती की बक्सर जिला इकाई के तत्वावधान में 15 मई, शुक्रवार को "नाद अर्चना - संगीत बैठक" का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन की तैयारियां तेजी से चल रही हैं। इसी क्रम में जिलाध्यक्ष डॉ मेजर पी के पांडेय की अध्यक्षता में तैयारी समिति की बैठक आयोजित हुई। जिसमें कार्यक्रम की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। यह सांस्कृतिक आयोजन शहर के वीर कुंवर सिंह चौक स्थित गोयल धर्मशाला के वातानुकूलित सभागार में दोपहर 2:45 बजे से प्रारंभ होगा। इसमें बिहार एवं उत्तर प्रदेश के ख्यातिप्राप्त कलाकार अपनी प्रस्तुतियों से संगीत प्रेमियों को शास्त्रीय कला का अनुभव कराएंगे। कार्यक्रम में पटना की प्रसिद्ध भरतनाट्यम नृत्यांगना आद्या सिन्हा अपनी मनमोहक प्रस्तुति देंगी। वहीं बनारस घराने के सितार वादक कृष्णा मिश्रा एवं तबला वादक प्रशांत मिश्रा अपनी जुगलबंदी से शास्त्रीय संगीत की छटा बिखेरेंगे। इसके अलावा बिहार के चर्चित ग़ज़ल गायक राघवेंद्र पांडेय अपनी गायकी से समां बांधेंगे। जिलाध्यक्ष डॉ मेजर पी के पांडेय ने जिले के कला एवं संगीत प्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की। उन्होंने कहा कि संस्कार भारती का उद्देश्य शास्त्रीय नृत्य, संगीत एवं गायन जैसी भारतीय सांस्कृतिक परंपराओं को बढ़ावा देना और समाज को इससे जोड़ना है।

### सड़क हादसे में युवक की मौत

**आरा**। भोजपुर पिकअप ने बाइक सवार 2 दोस्तों को टक्कर मार दी। हादसे में एक की मौत हो गई है। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल ले जाया जा रहा था, पर रास्ते में ही दम तोड़ दिया। दूसरा घायल है। बताया जा रहा कि मृतक बिहिया थाना क्षेत्र के लहंग डुमरिया गांव वार्ड-12 निवासी कन्हैया राम का बेटा प्रवीण कुमार (26) है। जो बेंगलुरू में प्राइवेट कंपनी में काम करता था। वहीं, घायल इसी गांव के निवासी बहादुर राम का बेटा हिमांशु राज उर्फ भूषण (24) है। पड़ोसी अमर राम की पुत्री का मुंडन था। जिसको लेकर वे दोनों बाइक द्वारा बक्सर जिला के बिहार घाट पर मुंडन में शामिल होने के लिए गए थे। जब वह दोनों बाइक द्वारा वापस गांव लौट रहे थे। दोनों मुंडन कार्यक्रम में शामिल होने बक्सर के बिहार घाट गए थे। लौटने के दौरान हादसा हो गया। घटना आरा-बक्सर फोरलेन पर बिहिया मोड़ के पास हुई है।

**भाई-बहन में बड़े थेः** जख्मी दोस्त हिमांशु राज उर्फ भूषण कैलाश का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमॉर्टम सदर अस्पताल में करवाया। बताया जाता है कि मृतक अपने 2 भाई एक बहन में बड़े थे। उनके परिवार में मां दुर्गावती देवी व एक भाई आकाश कुमार एवं एक बहन प्रतिमा देवी है।

### ई रिक्शा पलटने से दो दिनों में 7 घायल

**ब्रह्मपुर**। ब्रह्मपुर नगर पंचायत क्षेत्र में जर्जर सड़क व्यवस्था एक बार फिर गंभीर चिंता का विषय बन गई है। महाजनटोला पोस्ट ऑफिस और अनुसूचित बस्ती के पास स्थित सड़क पर बुधवार को भी एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। यह लगातार तीसरा दिन है जब खराब सड़क की वजह से ई-रिक्शा दुर्घटनाग्रस्त होने से बाल-बाल बचा। सड़क की हालत इतनी खराब है कि ई-रिक्शा के असंतुलित होते ही उसमें सवार यात्रियों को जान बचाने के लिए कूदना पड़ा। घटना के दौरान एक बाइक सवार भी अपनी वृद्ध मां के साथ सड़क के गहरे गड्ढे में फंस गया। हालांकि स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, लेकिन इस घटना ने इलाके में डर का माहौल पैदा कर दिया है।

**सड़क अब पूरी तरह बनी दुर्घटना का कारणः** इससे पहले सोमवार और मंगलवार को भी इसी स्थान पर दो ई-रिक्शा पलट चुके हैं, जिनमें कुल सात लोग घायल हुए थे। लगातार हो रही इन घटनाओं से साफ है कि सड़क अब पूरी तरह दुर्घटना का कारण बन चुकी है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि सड़क की बदहाली कोई नई समस्या नहीं है। लंबे समय से यहां गंदा पानी जमा है, जिससे सड़क दलदल में तब्दील हो गई है।

# चेकपोस्ट से कोयला लदा ट्रक गायब, 15 हजार लेकर छोड़ने का ऑडियो वायरल

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बक्सर**। बक्सर के परिवहन चेकपोस्ट पर रिश्वतखोरी और विभागीय लापरवाही का एक बड़ा मामला सामने आया है। उत्तरप्रदेश सीमा से सटे इस चेकपोस्ट से देर रात कोयला लदी एक ट्रक गायब हो गई। इस घटना से जुड़ा एक ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें पैसे लेकर ट्रक छोड़ने की बात कही जा रही है।

**देर रात 3 बजे परिवहन विभाग ने रोकाः** जानकारी के अनुसार, देर रात करीब तीन बजे परिवहन विभाग के सिपाही सूरज कुमार ने बिहार से उत्तरप्रदेश जा रही कोयला लदी एक ट्रक को जांच के लिए रोका था। चेकपोस्ट पर तैनात होमगार्ड जवानों का कहना है कि उन्हें ट्रक की निगरानी करने को कहा गया था। होमगार्ड जवान जितेंद्र तिवारी के मुताबिक, उन्होंने ट्रक की चाबी और चालक का लाइसेंस रजिस्टर में दर्ज करने के लिए मांगा था, लेकिन सिपाही ने कोई कागजात या चाबी उनके हवाले नहीं की। होमगार्ड जवान जितेंद्र तिवारी ने आरोप लगाया कि सुबह जब वह ट्रक के पास पहुंचे तो वाहन वहां से गायब था। इसके बाद ट्रक नंबर के आधार पर चालक से संपर्क किया गया।

**"जुगाड़ चाबी" से वाहन को निकाला गयाः** चालक ने बातचीत में बताया कि 15 हजार रुपये लेकर ट्रक को जाने दिया गया था। चालक ने यह भी कहा कि "जुगाड़ चाबी" के जरिए वाहन को निकाला गया, ताकि भारी जुर्माना न लगे। इस बातचीत का ऑडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल है। घटना के बाद मामला और पेचीदा हो गया जब विभागीय कार्रवाई रिश्वत के आरोपों से हटकर ड्यूटी पर मौजूद होमगार्ड जवानों पर केंद्रित होती दिखी।

**शो-कॉज नोटिस जारी,निगरानी पर सवालः** जितेंद्र तिवारी का कहना है कि डीटीओ कार्यालय की ओर से उन पर ही गाड़ी छोड़ने का आरोप लगाते हुए शो-कॉज नोटिस जारी कर दिया गया है, जबकि उनकी जिम्मेदारी केवल निगरानी की थी। सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि यदि ट्रक ओवरलोडेड थी या नियमों का उल्लंघन कर रही थी तो उसे मौके पर जब्त क्यों नहीं किया गया? बिना जब्ती की प्रक्रिया पूरी किए वाहन कैसे निकल गया? वहीं दूसरी ओर, जिस ट्रक के मौके से भाग जाने की बात कही जा रही है।

**ओवरलोडिंग का आकलन किस आधार परः** उसी वाहन पर कई घंटे बाद 40 हजार रुपये का जुर्माना लगाए जाने की जानकारी सामने आई है। अब लोग पूछ रहे हैं कि जब ट्रक वहां मौजूद ही नहीं थी तो ओवरलोडिंग का आकलन किस आधार पर किया गया। इस मामले में जब बक्सर डीटीओ राजकुमार प्रसाद से बात की गई तो उन्होंने कहा कि भागने वाले ट्रक पर 40 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि ट्रक भगाने में होमगार्ड जवान की संलिप्तता की आशंका को लेकर उससे स्पष्टीकरण मांगा गया है। डीटीओ ने यह भी दावा किया कि संबंधित होमगार्ड जवान के खिलाफ पहले भी कई शिकायतें मिल चुकी हैं।

**पूरे मामले को दबाने की कोशिशः** हालांकि पूरे घटनाक्रम के बाद स्थानीय स्तर पर यह चर्चा तेज हो गई है कि कहीं पूरे मामले को दबाने की कोशिश तो नहीं की जा रही।

## बालू लदे ट्रक ने किसान को रौंदा, मौत



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**आरा**। भोजपुर जिले के कोईलवर थाना क्षेत्र के कोईलवर टीवी स्टोरीयन घाट के पास बुधवार को ट्रक ने टहलने निकले अधेड़ को रौंद दिया। हादसे में उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना के बाद चालक ट्रक छोड़ मौके से फरार हो गया। घटना को लेकर आसपास के इलाके में अफरा-तफरी का माहौल हो गया था। जानकारी के अनुसार मृतक कोईलवर थाना क्षेत्र के कोईलवर नगर वार्ड नंबर-10 निवासी स्व. झगरू राय के 55 वर्षीय बेटे श्रीनिवास राय उर्फ कर्पूरी राय है। वह पेशे से किसान थे।

**पत्नी छोड़कर चली गई थीः** मृतक के पोते रवि कुमार ने बताया कि वे रोज की तरह टीवी स्टोरीयम घाट की तरफ टहलने के लिए निकले थे। इसी दौरान बालू लदे बेलगाम ट्रक ने उन्हें रौंद दिया। जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगों से सूचना परिजनों को मिली। सूचना पाकर मृतक के परिजन और स्थानीय थाना घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर उसका पोस्टमॉर्टम सदर अस्पताल में करवाया। वही, पुलिस ने घटनास्थल से ट्रक को जब्त कर लिया है। बताया जाता है मृतक की शादी हुई थी, लेकिन किसी कारण उनकी पत्नी उन्हें छोड़कर चली गई थी और उन्हें कोई संतान भी नहीं था। वह अपने भाई-भतीजे के साथ ही रहते थे।

## महर्षि विश्वामित्र महाविद्यालय में पूर्व सीनेट सदस्य सम्मानित



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बक्सर**|बुधवार को महर्षि विश्वामित्र महाविद्यालय में आयोजित सेमिनार के दौरान पूर्व सीनेट सदस्य अजय कुमार तिवारी उर्फ मुनमुन तिवारी को सम्मानित किया गया। महाविद्यालय परिवार की ओर से उन्हें अंगवस्त्र और स्मृति चिह्न देकर सम्मान प्रदान किया गया। सम्मान मिलने के बाद अजय कुमार तिवारी ने कहा कि यह सम्मान उनके लिए गर्व की बात है। उन्होंने महाविद्यालय के प्राचार्य के.के. सिंह, सभी शिक्षकगण एवं कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संस्थान से मिला यह स्नेह और सम्मान उन्हें आगे भी शिक्षा एवं सामाजिक कार्यों में सक्रिय रहने की प्रेरणा देगा। सेमिनार में शिक्षा और सामाजिक विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। कार्यक्रम का माहौल उत्साहपूर्ण रहा और उपस्थित लोगों ने पूर्व सीनेट सदस्य के योगदान की सराहना की।

## भारतीय ज्ञान परंपरा पर अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी संपन्न

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**आरा**। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय की अंगीभूत इकाई महर्षि विश्वामित्र महाविद्यालय में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी "भारतीय ज्ञान परंपरा में मानवताः एक अनंत यात्रा" का बुधवार को समापन हुआ। संगोष्ठी के मुख्य संरक्षक कुलपति प्रो. शैलेंद्र कुमार चतुर्वेदी ने गुरु-शिष्य परंपरा और गुरु की महत्ता पर विशेष बल देते हुए कहा कि यदि समाज में गुरु को पुनः वही सम्मान और श्रद्धा प्राप्त हो जाए, जो भारतीय संस्कृति की परंपरा रही है, तो भारतीय ज्ञान परंपरा को समझाने के लिए इस प्रकार के सेमिनारों की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। उन्होंने कहा कि गुरु का सम्मान ही ज्ञान की वास्तविक नींव है। शस्त्र और शास्त्र दोनों ही शिक्षक सिखाता है। सम्मान वह दे सकता है जो सम्मानित हुआ है। छात्र जितना आगे जाएंगे उतना ही मेरा नाम होगा। मां बाप के अलावा केवल गुरु ही यह चाहता है कि उसका छात्र उससे भी आगे जाए। समय के साथ गुरु को नहीं बदलना चाहिए। विकसित देश ने भारत की गुरु शिष्य परंपरा को सीखा और आज वह आगे बढ़ रहे है। समापन सत्र की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. (डॉ.) कृष्ण कांत सिंह ने की। कहा कि दो दिनों के इस वैचारिक मंथन से निकले निष्कर्ष भविष्य में छात्रों और शोधार्थियों के लिए मील का पत्थर साबित होंगे। उन्होंने भारतीय ज्ञान पद्धति को जीवन में उतारने को मानवता की सच्ची सेवा बताया। मौके पर पूर्व सीनेटर अजय कुमार तिवारी मुनमुन, डॉ पंकज कुमार, डॉ आदित्य कुमार, डॉ मुकेश कुमार सहित कई मौजूद थे। तकनीकी सत्रों में मुख्य वक्ता प्रो. हरि प्रसाद अधिकारी तथा विशिष्ट वक्ता प्रो. सुधाकर मिश्र ने अपने विचार रखे। प्रो. अधिकारी ने संस्कृत साहित्य में निहित मानवतावाद पर प्रकाश डाला, जबकि प्रो. मिश्र ने भारतीय आयुर्विज्ञान एवं योग परंपरा को स्वस्थ समाज के लिए अनिवार्य बताया।

## फाउंडेशन स्कूल के बच्चों का सीबीएसई 12वीं बोर्ड की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बक्सर**। बुधवार को सीबीएसई द्वारा बारहवीं बोर्ड परीक्षा परिणाम घोषित किए गए, जिसमें एक बार फिर फाउंडेशन स्कूल के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय, अभिभावकों एवं क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया। विद्यालय की छात्रा अनुप्रिया ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में सर्वोच्च स्थान हासिल किया। इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार में हर्ष का वातावरण है। विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज त्रिगुण ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष विद्यालय से कुल 168 विद्यार्थी बारहवीं की परीक्षा में सम्मिलित हुए थे, जिनमें से 98 प्रतिशत विद्यार्थी सफल घोषित हुए। इनमें 20 विद्यार्थियों ने 85 प्रतिशत से अधिक तथा 40 विद्यार्थियों ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किया है। विषयवार उत्कृष्ट प्रदर्शन में पेंटिंग विषय में श्लोक तिवारी, एकता कुमारी, अनुप्रिया विजय सिंह, अनुप्रिया ओझा एवं राखी कुमारी को शत-प्रतिशत 100 अंक प्राप्त हुए। अंग्रेजी में श्रेया सिंह ने 98 अंक प्राप्त किए। अकाउंटेंसी में अनुप्रिया ओझा को 97 अंक तथा बिजनेस स्टडीज़ में 98 अंक प्राप्त हुए। इकोनॉमिक्स में अस्मित ने 98 अंक अर्जित किए। वहीं भौतिकी में सौरभ को 93, रसायन विज्ञान में युवराज को 95, जीवविज्ञान एवं शारीरिक शिक्षा में सौम्या को 94-94 तथा गणित में 95 अंक सर्वोच्च अंक प्राप्त हुआ है । परिणाम घोषित होने के बाद विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों के बीच उत्साह और खुशी का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर प्रधानाचार्य मनोज त्रिगुण ने बताया कि विद्यालय के कई विद्यार्थियों ने जेईई मेन्स परीक्षा भी उत्तीर्ण की है। ।

## एमएलसी उपचुनाव में राजद प्रत्याशी सोनू कुमार जीते



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**आरा**। भोजपुर-बक्सर स्थानीय प्राधिकारी निर्वाचन क्षेत्र के विधान परिषद उपचुनाव में महागठबंधन कैंडिडेट सोनू कुमार राय ने जीत हासिल की है। राजद प्रत्याशी सोनू कुमार राय ने जेडीयू प्रत्याशी कन्हैया कुमार प्रसाद को 354 मतों से पराजित कर एमएलसी सीट पर कब्जा जमा लिया। निर्वाची पदाधिकारी तनय सुल्तानिया ने जीत की औपचारिक घोषणा करते हुए सोनू राय को जीत का प्रमाण पत्र सौंपा। उधर, परिणाम घोषित होते ही काउंटिंग सेंटर के बाहर राजद समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। ढोल-नगाड़ों, अबीर-गुलाल और जोरदार नारेबाजी के बीच समर्थकों ने अपने नेता का भव्य स्वागत किया। जीत दर्ज करने के बाद पत्रकारों से बातचीत में सोनू राय ने कहा कि सभी का स्नेह और प्यार है। ये हमारी नहीं सभी अभिभावक, मतदाताओं की जीत है। महागठबंधन ने मुझ पर विश्वास जताया, इसके लिए लालू यादव, तेजस्वी यादव का बहुत-बहुत धन्यवाद। चुनाव के दौरान मैंने जो भी आश्वासन दिया था, सदन में जाने के बाद पहले सत्र में इन मांगों को उठाउंगा।

**सोनू राय को 2507, जेडीयू कैंडिडेट कन्हैया को 2153 वोट मिलेः** मतगणना में सोनू राय को कुल 2507 वोट मिले, जबकि जेडीयू उम्मीदवार कन्हैया कुमार प्रसाद को 2153 मत प्राप्त हुए। वहीं जेडीयू के बागी निर्दलीय प्रत्याशी मनोज उपाध्याय को 636 वोट मिलने से एनडीए का समीकरण बिगड़ गया और इसे हार की बड़ी वजह माना जा रहा है। पहली वरीयता मतों में भी राजद प्रत्याशी बढ़त बनाए हुए थे। उन्हें 2486 वोट मिले थे, जबकि कन्हैया प्रसाद को 2146 मत प्राप्त हुए थे। कुल 5956 मत पड़े, जिनमें 621 मत अमान्य घोषित किए गए। अन्य प्रत्याशियों में निर्दलीय लालू यादव को 30, कन्हैया प्रसाद-2 को 25 तथा निरंजन कुमार राय को 12 वोट मिले। राजनीतिक रूप से इस जीत को काफी अहम माना जा रहा है। नीतीश कुमार के हटने के बाद सम्राट चौधरी के नेतृत्व वाली सरकार बनने के बाद यह पहला

**13 टेबल पर 2 राउंड में हुई वोटों की गिनतीः** आरा शहर के राजकीय कन्या +2 उच्च विद्यालय में कड़ी सुरक्षा के बीच 13 टेबल पर 2 राउंड में वोटों की गिनती हुई। राजद की जीत के बाद समर्थक में जश्न का माहौल है। सभी ढोल बजाकर नाच-गाना कर रहे है। एक-दूसरे को अबीर-गुलाल भी लगा रहे हैं। मिठाई खिलाकर मुंह मिठा कर रहे हैं। काउंटरिंग के शुरुआत से ही सोनू कुमार राय लगातार आगे रहे। सम्राट सरकार बनने के बाद NDA की पहली बड़ी हार मानी जा रही है।

**राजद ने दी शुभकामनाएंः** राजद ने सोशल मीडिय पोस्ट कर लिखा है कि राष्ट्रीय जनता दल के उम्मीदवार सोनू कुमार राय को भोजपुर-बक्सर स्थानीय प्राधिकारी निर्वाचन क्षेत्र में शानदार जीत की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं। साथ ही राष्ट्रीय जनता दल के सभी कार्यकर्ताओं और समर्थकों को भी इस जीत के लिए बहुत-बहुत बधाई।

## एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान के तहत 114 आरएएफ का सांस्कृतिक कार्यक्रम

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता




**कोईलवर**। स्थानीय कोईलवर अवस्थित 114 आरएएफ एवं जीन पॉल पब्लिक स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान के अंतर्गत भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं युवाओं में राष्ट्रप्रेम, सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक सद्भाव तथा भारतीय संस्कृति के प्रति सम्मान की भावना को विकसित करना था। कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत गीत से हुई, जिसे विद्यालय के विद्यार्थियों ने प्रस्तुत कर अतिथियों एवं उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। इस दौरान मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों का पुष्पगुच्छ देकर पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने हिमाचली लोक नृत्य, असमिया सांस्कृतिक प्रस्तुति, बिहार की लोक संस्कृति तथा पंजाब के प्रसिद्ध लोक नृत्य गिद्धा की आकर्षक प्रस्तुति देकर दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। माध्यम से भारत की सांस्कृतिक विविधता, एकता एवं परंपराओं की जीवंत झलक देखने को मिली। विद्यार्थियों की प्रतिभा, अनुशासन एवं सांस्कृतिक समझ की उपस्थित लोगों ने सराहना की। इस अवसर पर कमांडेंट अश्विनी कुमार झा एवं विद्यालय की प्राचार्या पूनम सिन्हा ने अपने संबोधन में राष्ट्रीय एकता, सांस्कृतिक सद्भाव और युवाओं की सकारात्मक भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि "एक भारत श्रेष्ठ भारत" अभियान देश को एक सूत्र में जोड़ने का सशक्त माध्यम है। साथ ही विद्यार्थियों से भारतीय संस्कृति, संविधानिक मूल्यों एवं राष्ट्रीय एकता की भावना को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। विद्यालय प्रशासन ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को विभिन्न राज्यों की संस्कृति, भाषा, वेशभूषा एवं परंपराओं को जानने और समझने का अवसर प्रदान करते हैं, जिससे आपसी सम्मान, सहयोग एवं भाईचारे की भावना मजबूत होती है। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। मौके पर विद्यालय के शिक्षकगण, अभिभावक, आरएएफ के अधिकारी एवं जवानों के साथ बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# दरभंगा हवाई अड्डे की सुरक्षा अब सीआईएसएफ के हवाले, उत्तर बिहार में विमानन सुरक्षा होगी मजबूत

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता







**दरभंगा।** दरभंगा हवाई अड्डा की सुरक्षा व्यवस्था अब औपचारिक रूप से केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के जिम्मे आ गई है। हवाई अड्डा परिसर में आयोजित एक विशेष समारोह में सुरक्षा का दायित्व सीआईएसएफ को सौंपा गया। इस कदम को उत्तर बिहार में विमानन सुरक्षा और महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में अहम माना जा रहा है। सीआईएसएफ की तैनाती के साथ दरभंगा देश का 72वां हवाई अड्डा बन गया है, जहां इस केंद्रीय सुरक्षा बल की निगरानी रहेगी। वहीं पटना हवाई अड्डा और गया हवाई अड्डा के बाद यह बिहार का तीसरा हवाई अड्डा है, जिसे सीआईएसएफ की सुरक्षा प्राप्त हुई है।

कार्यक्रम में बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, सीआईएसएफ के महानिदेशक प्रवीर रंजन, जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी तथा नागरिक उड्डयन क्षेत्र से जुड़े वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। हवाई अड्डे की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए पहले चरण में 145 सीआईएसएफ जवानों की तैनाती की गई है। दरभंगा की भौगोलिक स्थिति को देखते हुए यह कदम रणनीतिक रूप से काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। यह क्षेत्र भारत-नेपाल सीमा के निकट स्थित है, जहां तस्करी, सीमा पार गतिविधियों और ड्रोन संबंधी खतरों को लेकर सुरक्षा एजेंसियां लगातार सतर्क रहती हैं।

दरभंगा हवाई अड्डा भारतीय वायुसेना स्टेशन परिसर में सिविल एन्क्लेव के रूप में संचालित होता है। ऐसे में यहां सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक तकनीकी एवं पेशेवर बनाने की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। सीआईएसएफ अब यहां यात्रियों और सामान की अत्याधुनिक जांच, निगरानी प्रणाली, प्रवेश नियंत्रण, संदिग्ध गतिविधियों पर नजर और त्वरित प्रतिक्रिया तंत्र जैसी बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था संभालेगा। आधुनिक सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए त्वरित प्रतिक्रिया दल, बम निरोधक दस्ता और विस्फोटक पहचान में प्रशिक्षित श्वान दस्ते की भी तैनाती की गई है। अधिकारियों के अनुसार इससे किसी भी आपात स्थिति में तेजी से कार्रवाई सुनिश्चित की जा सकेगी।

भारत सरकार की उड़ान योजना के तहत दरभंगा हवाई अड्डा पिछले कुछ वर्षों में तेजी से विकसित हुआ है। उत्तर बिहार के लोगों के लिए यह हवाई अड्डा प्रमुख संपर्क केंद्र बनकर उभरा है। यात्रियों की बढ़ती संख्या और क्षेत्रीय संपर्क में सुधार को देखते हुए यहां सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ करने का निर्णय लिया गया। समारोह को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि मिथिला क्षेत्र सुरक्षा की दृष्टि से संवेदनशील है और सीआईएसएफ की तैनाती से लोगों को मजबूत सुरक्षा कवच मिलेगा। वहीं महानिदेशक प्रवीर रंजन ने कहा कि सीआईएसएफ आधुनिक तकनीक और प्रशिक्षित बल के माध्यम से सुरक्षित एवं यात्री-अनुकूल माहौल उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। दरभंगा में नई तैनाती के बाद अब सीआईएसएफ बिहार में कुल 11 महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की सुरक्षा की जिम्मेदारी संभाल रहा है। इससे राज्य में राष्ट्रीय महत्व की परिसंपत्तियों की सुरक्षा व्यवस्था और अधिक मजबूत होने की उम्मीद है।

## संक्षिप्त समाचार

### हवाई हमले से बचाव का मॉकड्रिल, आज शाम 7 बजे से 15 मिनट तक रहेगा ब्लैक आउट

**हाजीपुर।** वैशाली में आज हवाई हमले से बचाव के लिए 'ब्लैक आउट मॉकड्रिल' का आयोजन किया जा रहा है। यह पूर्वाभ्यास असैनिक सुरक्षा निदेशालय, बिहार, पटना के निर्देशानुसार शाम 07:00 बजे से 07:15 बजे तक चलेगा। जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह ने इसकी जानकारी दी। मॉकड्रिल से ठीक पहले शाम 06:58 बजे दो मिनट के लिए सायरन बजेगा। इसके बाद, शाम 07:00 बजे से 07:15 बजे तक जिले के निर्धारित क्षेत्रों में पूर्ण ब्लैक आउट रहेगा। इस दौरान आम नागरिकों से सभी प्रकार की लाइटें बंद रखने का अनुरोध किया गया है। जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिए हैं कि मॉकड्रिल की अवधि में घरों, प्रतिष्ठानों और सार्वजनिक स्थलों पर बिजली, जनरेटर, इन्वर्टर, मोबाइल फ्लैशलाइट, टॉर्च या किसी भी अन्य प्रकाश उपकरण का उपयोग न किया जाए। सड़कों पर चलने वाले वाहनों को भी रोककर उनकी लाइटें बंद रखने को कहा गया है। महात्मा गांधी सेतु पर भी विशेष व्यवस्था की गई है। संबंधित प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे निर्धारित समय पर सेतु पर दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी और सुरक्षा बलों की तैनाती सुनिश्चित करें। इन अधिकारियों को वाहनों को रोककर उनकी लाइटें बंद करवाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### वैशाली नहीं पहुंचे चिराग पासवान, बाबा चौहरमल कार्यक्रम में राज्य सरकार के 3 मिनिस्टर पहुंचे

**हाजीपुर।** वैशाली जिले के महुआ में आयोजित बाबा चौहरमल कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान के नहीं पहुंचने पर लोगों ने नाराजगी व्यक्त की। इस दौरान बिहार सरकार के मंत्रियों को मंच पर ही खरी-खोटी सुनाई गई। यह कार्यक्रम केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान के इंतजार में एक महीने के लिए टाल दिया गया था। उनके न आने पर बिहार सरकार के तीन मंत्री लखिंदर पासवान, संजय पासवान और संजय सिंह कार्यक्रम में पहुंचे। हालांकि, दो मंत्री कार्यक्रम समाप्त होने से पहले ही वहां से चले गए, जबकि स्थानीय विधायक और मंत्री संजय सिंह मौजूद रहे। चिराग पासवान के न पहुंचने से नाराज कार्यकर्ताओं ने मंच पर मौजूद मंत्रियों को खरी-खोटी सुनाना शुरू कर दिया। लोगों का आरोप था कि चिराग पासवान के कारण ही कार्यक्रम एक महीने आगे बढ़ाया गया, जिस पर महुआ के गांधी मैदान में पंडाल लगाने में लाखों रुपये खर्च हुए। कार्यकर्ताओं का कहना था कि अगर उन्हें नहीं आना था, तो कार्यक्रम पहले ही कर लिया जाता। मंत्री संजय सिंह ने लोगों को समझाने का प्रयास किया और बताया कि केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान कैबिनेट की बैठक के कारण कार्यक्रम में शामिल नहीं हो सके। हालांकि, नाराज कार्यकर्ता उनकी बात सुनने को तैयार नहीं थे और लगातार सवाल कर रहे थे कि अगर चिराग पासवान को नहीं आना था, तो उन्होंने समय क्यों दिया। काफी देर तक समझाने के बाद भी जब लोग शांत नहीं हुए, तो मंत्री संजय सिंह कार्यक्रम स्थल से निकल गए। इसके बाद भी महुआ के गांधी मैदान में कार्यक्रम कुछ देर तक चला और फिर उसकी समाप्ति की घोषणा कर दी गई।

### सराय थाना के पास जब्त गाड़ी से ऑटो टकराया, 12 से अधिक लोग घायल, ड्राइवर बोला- आंख में गया था कीड़ा

**हाजीपुर।** वैशाली जिले में हाजीपुर-मुजफ्फरपुर राष्ट्रीय राजमार्ग 22 पर सराय थाना के पास एक सड़क दुर्घटना में एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। एक सीएनजी टेम्पो ने पुलिस द्वारा जब्त किए गए एक खड़े ट्रक में टक्कर मार दी, जिससे मौके पर अफरातफरी मच गई। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग और सराय थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। सभी घायलों को तुरंत इलाज के लिए सदर अस्पताल हाजीपुर ले जाया गया। जानकारी के अनुसार, सभी घायल मुजफ्फरपुर जिले के मनिहारी थाना क्षेत्र से हाजीपुर आ रहे थे। वे मोहम्मदपुर मुबारक गांव निवासी अनिल शाह की बेटी तुलसी कुमारी की शादी में शामिल होने के लिए पातालेश्वर मंदिर जा रहे थे। टक्कर में टेम्पो सवार किसुन साह, सूरज कुमार, सुशील शाह, कैलाश शाह, आदित्य कुमार, देव कुमार, प्रकाश कुमार, लक्ष्य कुमार और आनंद कुमार सहित एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। घायल प्रकाश कुमार ने बताया कि वे अपनी बहन तुलसी कुमारी की शादी में शामिल होने जा रहे थे। घायल किशन शाह ने बताया कि चालक ने बताया कि आंख में कीड़ा पड़ने के कारण यह हादसा हुआ। सराय थाना के प्रभारी थानाध्यक्ष दीपक कुमार ने बताया कि सड़क हादसे की सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और सभी घायलों को सदर अस्पताल पहुंचाया। उन्होंने पुष्टि की कि सभी घायल एक टेम्पो पर सवार होकर मुजफ्फरपुर से हाजीपुर शादी समारोह में जा रहे थे। टेम्पो को जब्त कर आगे की आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### प्राइवेट पार्ट में खून, 3 उंगलियां काटीं, पसलियां तोड़ीं, 2 बच्चियों की रेप के बाद मर्डर की आशंका

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर में 11 मई को लापता बहनों की लाश बुधवार(13 मई) को ईंट भट्ठे के पास मिली थी। मौत कैसे हुई इसको लेकर अभी जांच चल रही है। लेकिन परिवार वालों का दावा है कि बच्चियों के साथ रेप करने के बाद उनकी बेरहमी से हत्या की गई है। मृतकों की उम्र 7 और 12 साल है। वहीं, पोस्टमॉर्टम करने वाले डॉक्टर्स के मुताबिक हत्या 11 मई को ही की गई है। डॉक्टर्स रेप के बाद हत्या की ओर इशारा कर रहे हैं। दोनों बच्चियां मीनापुर थाना क्षेत्र से लापता हुई थीं और शव रामपुर हरि थाना इलाके से बरामद हुए। पोस्टमॉर्टम में शामिल डॉक्टर्स के मुताबिक, एक बच्ची, जिसकी उम्र 12 साल है। उसके प्राइवेट पार्ट पर खून मिला है। रेप की आशंका पर वेजाइनल स्वाब को सुरक्षित रखा गया है। बच्चियों का पहले गला दबाया गया, उसके बाद गला रेतकर उनकी हत्या की गई। डॉक्टर्स ने यह भी कहा कि, बच्ची के बाएं हाथ की 3 उंगलियां भी कटी मिली हैं। जबड़ा भी निकला था। सीने पर किसी भारी चीज से हमला हुआ है। जिसकी वजह से फेफड़े की चार हड्डियां टूटी गई हैं। चिकित्सकों ने खून से सने कपड़े पुलिस को हैंडओवर कर दिए हैं। बच्चियों के परिवार वालों का कहना है कि, रेप के बाद हत्या की गई है। पोस्टमॉर्टम करने वाले डॉक्टर्स भी रेप के बाद हत्या की ओर इशारा कर रहे हैं। वहीं पुलिस की थ्योरी अलग है। पुलिस का कहना है कि जहां दोनों बच्चियों की लाश मिली है। उस इलाके में 13 CCTV को खंगाला गया है। पुलिस का कहना है कि फुटेज में बच्चियां उस रास्ते पर जाते दिख रही हैं जहां आगे एक गड्ढा है। वो दोनों पानी भरे गड्ढे में गिर जाती हैं। पुलिस का कहना है कि गड्ढा करीब 5 फीट गहरा था और सोमवार को उसमें काफी पानी भरा हुआ था। आशंका है कि दोनों बच्चियां उसी में डूब गई। बड़ी बच्ची के शव पर मिले गहरे जख्म को लेकर पुलिस का कहना है कि पानी में डूबने के बाद लाश पानी के सतह पर आ गई होगी। इस दौरान किसी जानवर के नोंचने से ऐसे निशान बने होंगे। हालांकि, पुलिस का कहना है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद सही जानकारी सामने आ पाएगी। मृत बच्ची(12) की मां का कहना है, 'मेरी बेटी 5वीं क्लास में पढ़ती थी। हमारा गांव में किसी से कोई विवाद नहीं था। 11 मई को मेरी बेटी अपनी चचेरी छोटी बहन के साथ घर के बाहर खेल रही थी। उस दिन गांव में शादी भी थी। दोनों का शादी वाले घर के आस-पास आना-जाना भी लगा था। इसी दौरान उसे कोई उठा ले गया और मारकर ईंट भट्ठे के पास फेंक दिया। मेरी बेटी को बेरहमी से पीट-पीटकर मारा गया है।

### श्रीकृष्ण विज्ञान केंद्र में 24 मई से समर हॉबी कैंप

**पटना।** पटना के श्रीकृष्ण विज्ञान केंद्र में बच्चे साइंस का जादू देखेंगे। यहां 24 मई से समर वेकेशन हॉबी कैंप की शुरुआत हो रही है। क्लास 4 से लेकर 12वीं तक के बच्चों के लिए अलग-अलग वर्कशॉप कराए जाएंगे। इस हॉबी कैंप में ब्रह्मांड में छिपे राज से लेकर मानव जीवन की यात्रा के बारे में बताया जाएगा। कैंप का आयोजन दो सेशन में होगा। पहला मॉर्निंग सेशन होगा, जो सुबह 11:00 बजे से दोपहर 1:30 तक चलेगी। दूसरा इवनिंग सेशन होगा, जो दोपहर 2:00 बजे से शाम 4:30 बजे तक चलेगी। यह कैंप स्कूली बच्चों के लिए विशेष रूप से तैयार किया गया है, जिसमें विज्ञान और तकनीक से जुड़े विषयों पर प्रयोग आधारित प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस कैंप के दौरान कॉस्मिक वंडर्स, बायो क्वेस्ट, बिल्ड एंड लर्न, ग्रो विदाउट सॉयल, कोड एंड क्रिएट, फिजिक्स इन योर हैंड्स, केमिस्ट्री इन कलर्स और नंबर्स एंड बियॉन्ड जैसी वर्कशॉप आयोजित की जाएंगी। हर वर्कशॉप के लिए अलग-अलग तिथि, आयु सीमा और शुल्क निर्धारित किया गया है। इस कैंप में बच्चों को खगोल विज्ञान, जीवन विज्ञान, इलेक्ट्रॉनिक्स, गणित, रोबोटिक्स, रसायन विज्ञान और कंप्यूटर प्रोग्रामिंग जैसे विषयों की जानकारी सरल और रोचक तरीके से दी जाएगी।

## खैनी दुकान की आड़ में बेच रहा था गांजाः भगवानगंज में 80 पुड़िया गांजा के साथ आरोपी गिरफ्तार

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**मसौढ़ी!** भगवानगंज में पुलिस ने नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए भगवानगंज बाजार स्थित एक खैनी दुकान की आड़ में गांजा बेचने वाले कारोबारी को गिरफ्तार किया है। छापेमारी के दौरान पुलिस ने मौके से 80 पुड़िया गांजा बरामद किया।गिरफ्तार आरोपी की पहचान भगवानगंज थाना क्षेत्र के अनौली गांव निवासी बिजेंद्र सिंह के रूप में हुई है।

बरामद नशीले पदार्थ को पुलिस ने जब्त कर लिया है।इस कार्रवाई के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है।भगवानगंज थाना पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि बिजेंद्र सिंह अपनी खैनी दुकान की आड़ में अवैध रूप से गांजे का कारोबार कर रहा है।इसके बाद पुलिस उसकी गतिविधियों पर लगातार नजर बनाए हुए थी। पुलिस अधिकारियों के अनुसार,आरोपी काफी समय से इस धंधे में लिप्त था।स्थानीय स्तर पर इसकी जानकारी भी सामने आ रही थी। पुख्ता सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम ने योजनाबद्ध तरीके से छापेमारी की और आरोपी को रंगे हाथ पकड़ लिया।

**न्यायिक हिरासत में भेजा गया आरोपीः** गिरफ्तारी के बाद आरोपी को थाना लाकर पूछताछ की गई।मेडिकल जांच के उपरांत उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस अब इस मामले में आरोपी के अन्य साथियों और गांजे की आपूर्ति के स्रोत का पता लगाने में जुटी है।अधिकारियों का कहना है कि इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की पहचान कर जल्द कार्रवाई की जाएगी।पुलिस की इस कार्रवाई से इलाके में सक्रिय नशे के कारोबारियों के बीच दहशत का माहौल है।

## रामभद्रपुर-थलवारा रेलखंड का सीआरएस निरीक्षण संपन्न 120 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से हुआ सफल स्पीड ट्रायल





सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत समस्तीपुर-दरभंगा दोहरीकरण परियोजना में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई है। परियोजना के तहत नवनिर्मित रामभद्रपुर-थलवारा रेलखंड का बुधवार को रेलवे संरक्षा आयुक्त द्वारा निरीक्षण किया गया।

जानकारी के अनुसार गुरू प्रकाश ने 12 किलोमीटर लंबे रामभद्रपुर-थलवारा रेलखंड का निरीक्षण मोटर ट्रॉली के माध्यम से किया। निरीक्षण के दौरान रेलवे ट्रैक, सिग्नल प्रणाली, पुल-पुलियों तथा सुरक्षा मानकों का गहन जायजा लिया गया।

निरीक्षण के बाद थलवारा से रामभद्रपुर स्टेशन के बीच विशेष ट्रेन चलाकर 120 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से सफल स्पीड ट्रायल भी किया गया। ट्रायल सफल रहने के बाद रेलखंड पर ट्रेनों के संचालन का रास्ता लगभग साफ हो गया है।

इस अवसर पर समस्तीपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक ज्योति प्रकाश मिश्रा सहित निर्माण विभाग और समस्तीपुर मंडल के कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने परियोजना को उत्तर बिहार के रेल नेटवर्क के लिए महत्वपूर्ण बताया। रेलवे अधिकारियों के अनुसार 38 किलोमीटर लंबी समस्तीपुर-दरभंगा दोहरीकरण परियोजना के तहत इससे पहले 26 किलोमीटर रेलखंड पर दोहरीकरण कार्य पूरा कर कमीशनिंग की जा चुकी थी। अब रामभद्रपुर-थलवारा रेलखंड का कार्य पूरा होने के साथ ही पूरी परियोजना का दोहरीकरण कार्य संपन्न हो गया है।

## कोरोना नियम उल्लंघन मामले में तेजस्वी को जमानत

### पटना एमपी-एमएलए कोर्ट में किया आत्मसमर्पण, बोले- मजदूरों की आवाज उठाने पर हुआ था फर्जी केस

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**पटना।** कोरोना काल में कोरोना के नियमों का उल्लंघन करने के मामले में राजद नेता तेजस्वी यादव के खिलाफ केस दर्ज किया गया था। आज पटना के एमपी/एमएलए के विशेष न्यायाधीश प्रवीण कुमार मालवीय की अदालत में तेजस्वी ने आत्मसमर्पण कर जमानत की मांग की। अदालत ने तेजस्वी यादव को जमानत दे दिया है। सुनवाई के बाह तेजस्वी यादव बाहर आए और मीडिया के सवालों का जवाब दिया। तेजस्वी यादव ने कहा कि, 'कोविड के समय का पुराना धरना प्रदर्शन का मामला था, जो सरकार धरना प्रदर्शन को लेकर फर्जी केस करती है, वही सब था। जिस समय लोग मजदूर परेशान थे। जिंदगी जा रही थी। इसी जन समस्या को लेकर हम लोगों की ओर से आवाज उठाई गई थी। जिसे लेकर सरकार की ओर से फर्जी मुकदमा किया गया था। इसी सिलसिले में पटना सिविल कोर्ट से जमानत मिली है।

दूसरी तरफ तेजस्वी यादव ने मोदी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा है कि विजन नहीं है। कल को कहेंगे कपड़ा मत पहनिए...समस्याओं के समाधान की जिम्मेदारी प्रधानमंत्री और सरकार की होती है। पहले भी इन्होंने नोटबंदी के समय अपील की थी। लेकिन इसका क्या फायदा हुआ। हम तो जानना चाहते हैं। कई लोगों का नुकसान हुआ। कई लोग बेरोजगार हो गए। स्मॉल और मीडियम इंडस्ट्री बंद हो गई। प्रधानमंत्री इसी तरीके की बात करते रहेंगे, मुद्दे की बात नहीं करेंगे। कोई रोड मैप विजन नहीं है। कोरोना काल में कोविड नियमों के उल्लंघन के मामले में दर्ज केस में तेजस्वी यादव ने गुरुवार को पटना सिविल कोर्ट में आत्मसमर्पण किया। इसके बाद पटना के एमपी/एमएलए के विशेष न्यायाधीश प्रवीण कुमार मालवीय की अदालत में जमानत की अर्जी दाखिल की गई, जिसे कोर्ट ने मंजूर कर लिया।

**'जन समस्याओं की आवाज उठाने पर हुआ केस'**: सुनवाई के बाद कोर्ट परिसर से बाहर निकलते हुए तेजस्वी यादव ने मीडिया से बातचीत में कहा कि यह कोविड काल के दौरान धरना-प्रदर्शन से जुड़ा पुराना मामला था। उन्होंने कहा, "सरकार धरना-प्रदर्शन को लेकर फर्जी केस करती है। उस समय मजदूर परेशान थे, लोगों की जिंदगी जा रही थी। उन्हीं जन समस्याओं को लेकर हम लोगों ने आवाज उठाई थी। इसी वजह से सरकार की ओर से फर्जी मुकदमा किया गया था। अब उसी मामले में पटना सिविल कोर्ट से जमानत मिली है।"

इस दौरान तेजस्वी यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भी हमला बोला। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के पास समस्याओं के समाधान का कोई विजन नहीं है। तेजस्वी ने कहा, "कल को कहेंगे कपड़ा मत पहनिए। समस्याओं के समाधान की जिम्मेदारी प्रधानमंत्री और सरकार की होती है। नोटबंदी के समय भी अपील की गई थी, लेकिन उसका क्या फायदा हुआ?" उन्होंने आरोप लगाया कि नोटबंदी के कारण कई लोगों का नुकसान हुआ, बेरोजगारी बढ़ी और छोटे-मझोले उद्योग बंद हो गए। तेजस्वी यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मुद्दों की बात नहीं करते और देश के सामने मौजूद समस्याओं पर कोई स्पष्ट रोडमैप नहीं है।

## पटना यूनिवर्सिटी में छात्रों को मिलेगी एक साथ दो डिग्री

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**पटना।** अब पटना यूनिवर्सिटी के छात्र एक ही समय में दो अलग-अलग डिग्री हासिल कर सकेंगे। पटना यूनिवर्सिटी में आज सिंडिकेट की बैठक है। इस बैठक में 'डुअल डिग्री कोर्स' पर चर्चा होगी। मंगलवार को एकेडेमिक काउंसिल की बैठक में जिन प्रस्तावों को पास किया गया था, उसे आज सिंडिकेट की बैठक में मंजूरी दी जाएगी। इसके बाद 23 मई को सीनेट की बैठक में इसपर फाइनल मुहर लगेगी। सीनेट से मंजूरी मिलने के बाद इसे राजभवन भेजा जाएगा, जहां फाइनल अनुमति मिलने के बाद इसे लागू किया जाएगा।

**ऑफलाइन-ऑनलाइन कर सकेंगे ड्युअल डिग्री कोर्सः** PU के एकेडमिक काउंसिल हॉल में हुई बैठक में निर्णय लिया गया था कि यूजीसी की गाइडलाइन के अनुसार छात्र अब दो डिग्री प्रोग्राम में एक साथ नामांकन ले सकेंगे। इसके तहत स्नातक के छात्र तीन या चार साल के डिग्री कोर्स के साथ रोजगारपरक कोर्स कर सकते है। उसी तरह पीजी के दो वर्षीय पाठ्यक्रम के साथ छात्र भी वोकेशनल कोर्स कर सकेंगे। इसमें शर्त यह होगी कि एक कोर्स 'ऑफलाइन' में होगा, जबकि दूसरा कोर्स 'ऑनलाइन' में करना होगा। हालांकि, विश्वविद्यालय ने स्पष्ट किया है कि पीएचडी करने वाले छात्र इस ड्युअल डिग्री योजना का लाभ नहीं ले पाएंगे। इसके साथ ही पीयू में सैनिक कल्याण बोर्ड के द्वारा भूतपूर्व सैनिकों के लिए बैचलर ऑफ आर्ट्स इन ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट कोर्स को भी मंजूरी दी गयी थी।

## पटना में गोल इंस्टीट्यूट के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन, सीबीएसई 12वीं परीक्षा में 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाकर बढ़ाया गौरव

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**पटना।** गोल इंस्टीट्यूट के विद्यार्थियों ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की 12वीं परीक्षा में शानदार प्रदर्शन कर संस्थान का नाम रोशन किया है। परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद संस्थान परिसर में खुशी और उत्साह का माहौल देखने को मिला। बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल कर सफलता का नया कीर्तिमान स्थापित किया। संस्थान प्रबंधन के अनुसार इस वर्ष विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों ने विशेष रूप से उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। विद्यार्थियों की सफलता का श्रेय नियमित अध्ययन, अनुशासित शैक्षणिक वातावरण, टेस्ट आधारित तैयारी और अनुभवी शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया गया है।

परीक्षा में लकी कुमारी ने 97.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संस्थान में सर्वोच्च स्थान हासिल किया। वहीं अर्णव विष्णुवृद्धि ने 96.2 प्रतिशत, अमान खान ने 95 प्रतिशत, प्रियश राज ने 94.4 प्रतिशत और माही सिंह ने 93.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इसके अलावा नैंसी शुक्ला और आफरीन सुल्ताना ने 93.4 प्रतिशत, प्रिंस कुमार ने 93.2 प्रतिशत तथा पीयूष राज और केशव कुमार ने 92.6 प्रतिशत अंक हासिल किए। इसी क्रम में आयुषी शर्मा ने 92.4 प्रतिशत, एंजेल ईशा ने 92.2 प्रतिशत, तहसीन शमा और अनुष्का शंकर ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। उत्सव राज, आयुषी भारती और अनुष्का रंजन ने 91.2 प्रतिशत, समीक्षा कुमारी ने 90.6 प्रतिशत तथा अर्चिता कुमारी ने 90 प्रतिशत अंक हासिल कर संस्थान का गौरव बढ़ाया। इसके अतिरिक्त भी कई विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।




संस्थान के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक बिपिन सिंह ने विद्यार्थियों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि गोल इंस्टीट्यूट का उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल अच्छे अंक दिलाना नहीं, बल्कि उन्हें भविष्य की बड़ी प्रतियोगी परीक्षाओं और जीवन की चुनौतियों के लिए तैयार करना है। उन्होंने कहा कि यह सफलता गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और समर्पित तैयारी का परिणाम है। वहीं सहायक निदेशक रंजनय सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों की मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के सतत प्रयास ने यह शानदार परिणाम संभव बनाया है। उन्होंने बताया कि संस्थान बोर्ड परीक्षा के साथ-साथ नीट और जेईई जैसी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर भी विशेष ध्यान देता है।

संस्थान के शैक्षणिक प्रमुख गौरव सिंह ने कहा कि नियमित अभ्यास, टेस्ट प्रणाली और व्यक्तिगत मार्गदर्शन के कारण विद्यार्थियों का आत्मविश्वास मजबूत हुआ, जिसका सकारात्मक असर परीक्षा परिणाम में दिखाई दिया। वहीं अनुसंधान एवं विकास प्रमुख आनंद वत्स ने कहा कि स्मार्ट अध्ययन योजना और निरंतर मूल्यांकन की रणनीति ने विद्यार्थियों को सफलता दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। संस्थान प्रबंधन ने सभी सफल विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि गोल इंस्टीट्यूट आगे भी विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और बेहतर मार्गदर्शन उपलब्ध कराता रहेगा।

# सीसीएल को ग्रीनटेक सीएसआर इंडिया प्लेटिनम अवार्ड से किया गया सम्मानित

एजेंसी। रांची




सेण्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) को उत्कृष्ट कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) पहल के लिए प्रतिष्ठित ग्रीनटेक सीएसआर इंडिया प्लेटिनम अवार्ड से सम्मानित किया गया। सीसीएल की ओर से गुरुवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया गया कि यह सम्मान सीसीएल के हजारीबाग कोयला खनन क्षेत्र में संचालित समग्र सामुदायिक विकास परियोजना के लिए प्रदान किया गया, जिसने आसपास के नौ गांवों के लगभग 5000 परिवारों के जीवन में व्यापक सकारात्मक परिवर्तन लाने का कार्य किया है। नई दिल्ली में आयोजित एक भव्य समारोह में यह पुरस्कार सीसीएल की ओर से महाप्रबंधक (सीएसआर) सिद्धार्थ शंकर लाल के नेतृत्व वाली टीम ने प्राप्त किया। यह सम्मान ग्रामीण विकास, महिला सशक्तिकरण, आजीविका संवर्धन तथा सतत विकास के क्षेत्र में सीसीएल के उल्लेखनीय योगदान की राष्ट्रीय स्तर पर स्वीकृति है। सीसीएल की ओर से संचालित इस परियोजना के अंतर्गत जल संरक्षण, प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए बहुआयामी प्रयास किए गए। परियोजना के तहत गांवों में तालाब निर्माण एवं पुनर्जीवन, वाटरशेड विकास, जैविक खेती को बढ़ावा, पशुधन विकास, सूक्ष्म उद्यमों का सृजन, सौर आधारित पेयजल व्यवस्था तथा सोलर स्ट्रीट लाइट जैसी सुविधाएं विकसित की गईं। परियोजना की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता यह रही कि इसमें महिलाओं की सक्रिय एवं नेतृत्वकारी भागीदारी सुनिश्चित की गई। महिला स्वयं सहायता समूहों एवं ग्रामीण महिलाओं को आजीविका आधारित गतिविधियों से जोड़कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में प्रभावी कार्य किया गया। इसके परिणामस्वरूप प्रत्येक परिवार की औसत वार्षिक आय में वृद्धि दर्ज की गई है। साथ ही, रोजगार एवं आय के स्थानीय अवसर बढ़ने से ग्रामीण क्षेत्रों में होने वाले पलायन में भी उल्लेखनीय कमी आई है। यह परियोजना केवल आधारभूत सुविधाओं के विकास तक सीमित नहीं रही, बल्कि इसने ग्रामीण समुदायों में आत्मनिर्भरता, सामाजिक सहभागिता और पर्यावरणीय संतुलन की भावना को भी मजबूत किया है। जल संरक्षण एवं जैविक कृषि जैसे उपायों ने स्थानीय पर्यावरण को सुदृढ़ करने के साथ-साथ किसानों की उत्पादन क्षमता एवं आय में भी सकारात्मक प्रभाव डाला है। सीसीएल निरंतर शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण एवं ग्रामीण विकास जैसे क्षेत्रों में विभिन्न जनहितकारी योजनाओं का संचालन कर रही है। कंपनी का विश्वास है कि वास्तविक विकास तभी संभव है जब उद्योग और समुदाय साथ-साथ आगे बढ़ें। सीसीएल सदैव समाज के समग्र उत्थान, ग्रामीण आत्मनिर्भरता एवं समावेशी विकास के प्रति प्रतिबद्ध रही है। ग्रीनटेक सीएसआर इंडिया प्लेटिनम अवार्ड कंपनी के इसी जनकेंद्रित दृष्टिकोण एवं सतत विकास की भावना का प्रमाण है। भविष्य में भी सीसीएल अपने खनन क्षेत्रों के आसपास रहने वाले समुदायों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने तथा उन्हें विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेगी।

# बंधुआ मजदूरों के पुनर्वास पर झारखंड हाईकोर्ट का सख्त निर्देश

एजेंसी। रांची



झारखंड उच्च न्यायालय ने बंधुआ मजदूरों को मुआवजा, पुनर्वास और सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने संबंधी जनहित याचिका पर सुनवाई की। मुख्य न्यायाधीश एमएस सोनक और न्यायमूर्ति राजेश शंकर की खंडपीठ ने गढ़वा जिले के डीसी को निर्देश दिया कि वह प्रार्थी द्वारा उपलब्ध कराए गए बंधुआ मजदूर सूची का सत्यापन करें। जिन बंधुआ मजदूर को सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है उन्हें अविलंब लाभ दिलाए। सरकार की ओर से अधिवक्ता गौरव राज ने पक्ष रखा। सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया गया कि बंधुआ मजदूरी प्रणाली (उन्मूलन) अधिनियम के तहत मुक्त कराए गए 300 से अधिक मजदूरों को तत्काल मुआवजा, पुनर्वास और अन्य सरकारी सुविधाएं दिलाया जाए। लेकिन सरकार की ओर से इस दिशा में ध्यान नहीं दिया जा रहा है। सरकार की ओर से कहा गया है कि इससे संबंधित 300 से अधिक लोगों की सूची सरकार को दी गई है। सुनवाई के दौरान गढ़वा डीसी कोर्ट के आदेश के आलोक में आज हाजिर हुए। सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि सोलापुर, महाराष्ट्र से मुक्त कराए गए महिला बधुआ मजदूर को वर्ष 2017 में ही आवास, मनरेगा कार्ड आदि सरकारी सुविधाएं दी गई है। उत्तर प्रदेश के चार जिलों मिर्जापुर, भदोही, कानपुर और प्रयागराज से मुक्त कराए गए बंधुआ मजदूर के बारे में उत्तर प्रदेश के संबंधित जिलों से प्राप्त दस्तावेजों का सत्यापन किया जा रहा है। पूर्व की सुनवाई में कोर्ट ने मौखिक कहा था की बंधुआ मजदूरों को सरकारी लाभ दिया जाना चाहिए। इसे लेकर सरकार को संवेदनशील होना चाहिए। सरकार द्वारा दाखिल जवाब को पूरी तरह संतोषजनक नहीं माना था। कोर्ट ने गढ़वा के वर्तमान और पूर्व उपायुक्त को तलब किया था। कोर्ट ने कहा था कि पूर्व में दिए गए निर्देशों के बावजूद प्रशासनिक स्तर पर मजदूरों को सरकारी लाभ दिलाने की योजना को अमली जामा नहीं पहनाया जा सका है।

## संक्षिप्त समाचार

### हथियार के साथ फरार आरोपित गिरफ्तार



**खूंटी**। पुलिस ने एनडीपीएस मामले में फरार चल रहे एक आरोपित को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान खूंटी थाना क्षेत्र के अलौंदी गांव निवासी राम मुंडा के रूप में हुई है। उसके पास से पुलिस ने एक देसी कट्टा बरामद किया है। गुरुवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में पुलिस अधीक्षक ऋषभ गर्ग ने बताया कि राम मुंडा के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत पूर्व से प्राथमिकी दर्ज है और वह लंबे समय से फरार चल रहा था। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि आरोपित भंडरा क्षेत्र में महुआ शराब का सेवन करने आया हुआ है। सूचना के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए भंडरा चौक के पास छापेमारी की, जहां से आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक देसी कट्टा बरामद हुआ। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित को गुरुवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। इस छापेमारी अभियान में एसडीपीओ वरूण रजक, एनडीपीएस थाना प्रभारी मनीदीप एवं सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### शिक्षा ही राष्ट्र को नई दिशा देने का सबसे सशक्त माध्यम : मुंडा




**खूंटी**। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) खूंटी इकाई की ओर से बिरसा कॉलेज के बहुद्देशीय भवन में दो दिवसीय प्रतिभा सम्मान समारोह सह शिक्षा मेला का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के पहले दिन गुरुवार को मैट्रिक परीक्षा में 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले लगभग 3200 विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। समारोह में विद्यार्थियों, अभिभावक, शिक्षक और सामाजिक कार्यकर्ताओं की बड़ी भागीदारी रही। कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, अभाविप प्रदेश अध्यक्ष डॉ मौसमी पॉल, प्रदेश मंत्री प्रकाश टूटी और बिरसा कॉलेज के प्राचार्य डॉ चंद्रकिशोर भगत ने मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य, शिक्षा और राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की गई। मुख्य अतिथि अर्जुन मुंडा ने परिषद की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि प्रतिभाओं को सम्मानित करने से समाज में सकारात्मक वातावरण बनता है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी देश के भविष्य हैं और शिक्षा ही राष्ट्र को नई दिशा देने का सबसे सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण एवं दूरदराज क्षेत्रों के विद्यार्थियों को प्रेरित करने में ऐसे कार्यक्रमों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। कार्यक्रम के दौरान आयोजित शिक्षा मेले में विभिन्न शिक्षण संस्थानों की ओर से विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम, करियर मार्गदर्शन और उच्च शिक्षा से जुड़ी जानकारी दी गई।

# जनजातीय आवासीय विद्यालय में पानी की भारी किल्लत, गंदे नाले में नहाने को मजबूर बच्चे

एजेंसी। खूंटी



अड़की प्रखंड स्थित जनजातीय आवासीय विद्यालय हूंठ में पेयजल एवं स्नान के पानी की गंभीर समस्या सामने आई है। विद्यालय में पर्याप्त पानी की व्यवस्था नहीं होने के कारण छात्र अपनी जान जोखिम में डालकर लगभग आधा किलोमीटर दूर स्थित गंदे नाले में नहाने को मजबूर हैं। बच्चों की इस स्थिति ने विद्यालय प्रबंधन एवं संबंधित विभाग की व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार विद्यालय में रहने वाले सैकड़ों छोटे छोटे बच्चे प्रतिदिन सुबह और शाम नाले तक पहुंचते हैं। नाले का पानी गंदा एवं अस्वच्छ है, बावजूद इसके बच्चों के पास कोई दूसरा विकल्प नहीं है। बच्चे फिसलन भरे पत्थरों और गहरे पानी के बीच नहाते हैं, जिससे दुर्घटना की आशंका लगातार बनी रहती है। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार छोटे बच्चे पानी के तेज बहाव और गहराई के कारण डूबने जैसी स्थिति में पहुंच चुके हैं। गंदे पानी में लगातार स्नान करने के कारण बच्चों में खुजली, चर्म रोग तथा अन्य संक्रमण फैलने की शिकायत भी सामने आ रही है। अभिभावकों का कहना है कि बच्चों के स्वास्थ्य के साथ गंभीर लापरवाही बरती जा रही है। विद्यालय में रहने वाले छात्रों को स्वच्छ पानी उपलब्ध कराना प्रशासन की जिम्मेदारी है, लेकिन अब तक इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि विद्यालय परिसर में पानी की आपूर्ति व्यवस्था लंबे समय से प्रभावित है। इस संबंध में पूछे जाने पर अड़की के प्रखंड विकास पदाधिकारी गणेश महतो ने कहा कि मामले की जानकारी ली जाएगी। उन्होंने कहा कि यदि विद्यालय में पानी की समस्या है तो इसकी जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी, ताकि बच्चों को परेशानी न हो। इधर, स्थानीय लोगों एवं अभिभावकों ने प्रशासन से जल्द स्थायी समाधान की मांग की है। उनका कहना है कि विद्यालय में तत्काल स्वच्छ पानी की व्यवस्था, खराब उपकरणों की मरम्मत तथा बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए, ताकि किसी बड़ी दुर्घटना से बचा जा सके।

# झारखंड में 17 और 18 को बारिश और आकाशीय बिजली को लेकर ऑरेंज अलर्ट

एजेंसी। रांची



राजधानी रांची सहित राज्य के विभिन्न जिलों में 17 और 18 मई को बारिश होने और आकाशीय बिजली गिरने की संभावना है। साथ ही इस दौरान 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा भी चल सकती है। मौसम विभाग ने इसे लेकर गुरुवार को ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। विभाग की ओर से 17 और 18 मई को राज्य के जिन जिलों में बारिश और आकाशीय बिजली गिरने की संभावना है उनमें उत्तर पूर्वी और इससे सटे मध्यवर्ती जिले शामिल हैं। इनमें धनबाद, हजारीबाग, कोडरमा, बोकारो, रांची और रामगढ़ शामिल है। उल्लेखनीय है की राजधानी रांची सहित राज्य के विभिन्न जिलों में पिछले 15 दिनों से बारिश हो रही है इससे गर्मी में कमी आई है। हालांकि बारिश के कारण सब्जियों के फसल को नुकसान हो रहा है। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य के कई जिलों में बारिश दर्ज की गई। सबसे अधिक बारिश पाकुड़ जिले के अमरपारा में 35 मिलीमीटर रिकॉर्ड की गई। राज्य के जिन अन्य इलाकों में बारिश रिकार्ड की गई उनमें नाला में 27.6 मिलीमीटर, नारायणपुर में 26.6, मझगांव में 26 मिलीमीटर, हरिहरगंज में 25.4, बरही डीवीसी में 25.2, चक्रधरपुर में 25.2, जामताड़ा में 25, कर्माटांड़ में 24.4, पथरगामा में 24.2, चाईबासा में 23.2, तांतगर नगर में 21.2 मिमी, सिमडेगा में 20.2, बुढ़मू में 18.2 और रांची में 14.4 मिलिमीटर शामिल है। वहीं इस दौरान राज्य में सबसे अधिक तापमान डाल्टनगंज में 42 डिग्री और सबसे कम न्यूनतम तापमान लातेहार में 17.3 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। गुरुवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह से मौसम साफ रहा और कड़ी धूप रही। कतम तापमान 34.1 डिग्री और न्यूनतम 19.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। साथ ही जमशेदपुर में अधिकतम 36 डिग्री और न्यूनतम 23.6 डिग्री, डाल्टनगंज में अधिकतम 42 और न्यूनतम 21.5 डिग्री, बोकारो में अधिकतम 34.1 डिग्री और न्यूनतम 21.1 डिग्री एवं चाईबासा में अधिकतम तापमान 36.4 डिग्री और न्यूनतम तापमान 20.6 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

# सीएसआईआर-एनएमएल में कार्यशाला आयोजित

एजेंसी। पूर्वी सिंहभूम

सीएसआईआर-नेशनल मेटलर्जिकल लेबोरेटरी (सीएसआईआर-एनएमएल) में स्वच्छता पखवाड़ा–2026 के तहत "स्वच्छ भारत मिशन की दिशा में तकनीकी हस्तक्षेप" विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। संस्थान में 1 मई से 15 मई तक स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। सीएसआईआर-एनएमएल के निदेशक डॉ. संदीप घोष चौधरी ने कहा कि संस्थान "वेस्ट टू वेल्थ" की अवधारणा को बढ़ावा देते हुए कई महत्वपूर्ण तकनीकों पर कार्य कर रहा है। उन्होंने विशेष रूप से ई-वेस्ट रिसाइक्लिंग तकनीकों का उल्लेख करते हुए कहा कि इस प्रकार की पहल पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ संसाधनों के बेहतर उपयोग और सर्कुलर इकोनॉमी को मजबूत करने में सहायक है। कार्यशाला के संयोजक डॉ. के. गोपाला कृष्णा ने कहा कि स्वच्छ और हरित वातावरण के निर्माण में विज्ञान और तकनीक की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के उद्देश्यों को प्रभावी रूप से हासिल करने के लिए अपशिष्ट प्रबंधन और संसाधन पुनर्प्राप्ति प्रणालियों में टिकाऊ और नवाचार आधारित तकनीकों को शामिल करना आवश्यक है। कार्यक्रम में कृष्ण कुमार मुख्य अतिथि तथा योगेश राणा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि कृष्ण कुमार ने कहा कि स्वच्छता अभियान के तहत छोटे शहरों की श्रेणी में जमशेदपुर ने देश के शीर्ष तीन शहरों में स्थान हासिल किया है। उन्होंने बताया कि झारखंड नोटिफाइड एरिया कमेटी की ओर से शहर में बड़े स्तर पर कचरा प्रसंस्करण संयंत्र स्थापित किए गए हैं।

उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन को सफल बनाने के लिए कचरा उत्पादन कम करने से लेकर रिसाइक्लिंग तक हर स्तर पर जनसहभागिता जरूरी है। विशिष्ट अतिथि योगेश राणा ने टाटा स्टील यूआईएसएल की ओर से शहर को स्वच्छ और हरित बनाने के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। उन्होंने आरआरआर केंद्रों, इन्सिनरेशन प्लांट तथा अन्य टिकाऊ अपशिष्ट प्रबंधन प्रणालियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान सीएसआईआर-एनएमएल के वैज्ञानिक डॉ. एम.के. झा, डॉ. आलोक मेहर और जय शंकर शरण ने विषय से जुड़े विभिन्न तकनीकी पहलुओं पर व्याख्यान प्रस्तुत किए। वहीं, मोंद्रिता चटर्जी ने स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत अपने योगदान और गतिविधियों की जानकारी साझा की। कार्यशाला में सीएसआईआर-एनएमएल के वैज्ञानिकों और कर्मचारियों के साथ बहारागोड़ा पॉलिटेक्निक तथा विमेंस यूनिवर्सिटी जमशेदपुर के छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने भी भाग लिया।


**कार्यालय, उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, पलामू**
**(अनु0जनजाति, अनु0जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण शाखा)**
**E-mail- dwo-palamau@jharkhandmail.gov.in**

वित्तीय वर्ष 2026–27 में पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु आवश्यक सूचना

पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति अन्तर्गत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग के छात्र/छात्राओं के लिए झारखण्ड राज्य पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना नियमावली, 2022 के अनुसार वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए निम्न प्रकार ऑनलाईन आमंत्रित किए जाते है:–

| क्र0 | प्रक्रियात्मक कार्रवाई | कार्यवाही प्रारम्भ की तिथि | कार्यवाही के लिए निर्धारित अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | भौक्षणिक संस्थानों द्वारा ई–कल्याण पोर्टल पर पंजीकरण हेतु आवेदन की अंतिम तिथि | 15.05.2026 | 30.06.2026 |
| 2 | भौक्षणिक सत्र 2026–27 हेतु छात्र/छात्राओं के आवेदन प्रक्रिया की अंतिम तिथि | 20.05.2026 | 31.07.2026 |
| 3 | संबंधित भौक्षणिक संस्थान के Institute Nodal Officer (INO) द्वारा छात्र/छात्राओं के आवेदन का सत्यापन की अंतिम तिथि | 20.05.2026 | 31.08.2026 |
| 4 | संबंधित District Nodal Officer (DNO) द्वारा छात्र/छात्राओं के आवेदन का सत्यापन की अंतिम तिथि | 20.05.2026 | 30.09.2026 |

पलामू जिला अन्तर्गत छात्र/छात्राओं एवं विद्यालय/महाविद्यालय एवं शिक्षण संस्थानों को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त तिथि के अनुसार प्रक्रियात्मक कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे। विद्यालय/महाविद्यालय एवं शिक्षण संस्थानों के INO को सूचित करना है कि अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ी जाति के अध्ययनरत् छात्र/छात्राओं का छात्रवृत्ति का आवेदन का सत्यापन नामांकन पंजी से मिलान कर ही करेंगे। संबंधित छात्र/छात्राओं एवं विद्यालय/महाविद्यालय एवं शिक्षण संस्थानों के लिए दिशा–निर्देश इस प्रकार है:–

1. छात्र/छात्राओं अपना आवेदन करने से पहले आधार को बैंक खाता से सीड (NPCI Mapped) कराने के उपरांत ही आवेदन की प्रक्रिया करेंगे।
2. आय, जाति एवं आवासीय प्रमाण पत्र में Token Number दर्ज होना अनिवार्य है।
3. बोनाफाईड प्रमाण पत्र में वित्तीय वर्ष, पत्रांक/दिनांक, Fee Details दर्ज होना अनिवार्य है।
4. आवेदन में अपलोड प्रमाण पत्र पठनीय होना चाहिए।
5. पूर्व वर्ष का अंक पत्र मूल रूप में उपलोड करना अनिवार्य है एवं छायाप्रति होने की स्थिति में अभिप्रमाणित किया गया प्रमाण पत्र अपलोड का ही सत्यापन करेंगे।
6. छात्र/छात्राओं के द्वारा ऑनलाईन किए गए आवेदन एवं अपलोड किए गए प्रमाण पत्र में समानता होना अनिवार्य है।

जिला कल्याण पदाधिकारी,
पलामू

PR 379789 (District)26-27*D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा**
**सहिजना मोड़, गढ़वा (झारखण्ड) पिन नं0 822114**
**Email :- eedwsd.garhwa1@gmail.com**

ई–प्रोक्योरमेंट अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना
(2nd) Call
निविदा सूचना संख्या–DWSD/GAR-01/2026-27 दिनांक–14-05-2026

कार्य का नाम :– गढ़वा जिला अन्तर्गत विभिन्न प्रखण्डों में 32mm व्यास के I.M-II हैण्ड पम्प के क्षतिग्रस्त राईजर पाईप, सी0आई0 सिलिन्डर एवं कनेक्टिंग रॉड इत्यादि को टर्न–की के आधार पर सम्परिवर्तित कर नलकूप को चालू करने का कार्य (वित्तीय वर्ष 2026–27) :–

| क0 | प्रमंडल का नाम | ग्रुप नम्बर | नलकूपों की संख्या | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा | GAR/RRP-02 | 100 Nos. | 14,59,400.00 | 29,500.00 | 2,500.00 | 02 (दो माह) |
| 2 | | GAR/RRP-03 | 100 Nos. | 14,59,400.00 | 29,500.00 | 2,500.00 | 02 (दो माह) |

| | | |
|---|---|---|
| 3 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 16.05.2026 समय 02:00 बजे अपराहन् तक |
| 4 | निविदा प्राप्ति (ऑनलाईन बिडींग) की अन्तिम तिथि एवं समय | 21.05.2026 समय 05:00 बजे अपराहन् तक |
| 5 | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई0 गवर्नेस,झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.23 के आलोक में विपत्र का मूल्य –एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 21.05.2026 समय 05:00 बजे अपराहन् तक |
| 6 | तकनीकी बिड खोलने की तिथि एवं समय – | 22.05.2026 समय 05.00 बजे अपराहन् |
| 7 | तकनीकी बिड खोलने का स्थान – | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, गढ़वा। |
| 8 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम/पदनाम - | ई0 अजय कुमार सिंह, कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, गढ़वा। |
| 9 | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का टेलिफोन नं0 – | 9431325479 |
| 10 | ई– प्रोक्यूरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन सं0 – | 0651-2480345 |

नोट – 1. निविदा की प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, तत्पश्चात अग्रधन की राशि देय मान्य होगा।
2. केवल ई निविदा ही स्वीकार किये जायेंगे।
3. अधिक जानकारी के लिए वेवसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल,गढ़वा

PR 379811 Drinking Water and Sanitation(26-27).D


# सड़क हादसे में दो युवकों की मौत

**पूर्वी सिंहभूम**। पूर्वी सिंहभूम जिले के कोवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत बेगनाडीह–पोटका मुख्य सड़क पर बुधवार देर रात हुए सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। हादसा टाटा स्टील के कचरा निष्पादन के लिए निर्माणाधीन प्लांट के समीप हुआ, जहां बाइक और कार्य में लगे ट्रैक्टर की जोरदार टक्कर हो गई। मृतकों की पहचान बुकामडीह निवासी जोड़ो माहली उर्फ काला माहुरी तथा काला माहली के रूप में की गई है। बताया जा रहा है कि दोनों युवक एक ही बाइक पर सवार होकर भालकी की ओर से अपने गांव बुकामडीह लौट रहे थे। इसी दौरान निर्माण कार्य में लगे ट्रैक्टर से उनकी बाइक की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। कोवाली थाना प्रभारी मुकेश कुमार साव ने बताया कि दुर्घटना उस समय हुई जब क्षेत्र में नल-जल योजना के तहत पाइप बिछाने का कार्य चल रहा था। कार्य में लगे ट्रैक्टर से बाइक की भिड़ंत हो गई। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को जब्त करने की प्रक्रिया चल रही है। घटना की सूचना मिलते ही मृतकों के परिजनों में कोहराम मच गया। गुरुवार सुबह गांव में मातमी सन्नाटा पसरा रहा। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।


**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय,गढ़वा**

आवश्यक सूचना
(नोटिस)


Court of Ms. Anulica Kumar, J.M.F.C. Garhwa.
Schedule XLIII- High Court (M) 31C. [Old Criminal Process No. 4]
PROCLAMATION REQUIRING THE APPEARANCE OF A PERSON ACCUSED
[ From No. 4 Schedule II Act 2 1974.]
(Section 82 of the Code of Criminal Procedure.)
Process 82 Crpc to Accused
To,
The Officer in Charge,
Ranka Ps.
Ranka Ps. Case No.-127/2025
Accused Rajesh Ram, S/o- Arun Ram,
Vill-Bhouri, P.S-Ranka, Distt-Garhwa
धारा–87/137(2) of B.N.S.
29/05/2026
15/04/2026
J.M.
15/04/2026

नाम–(1) राजेश राम, पिता–अरुण राम, सा0–भौरी, थाना–रंका, जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड आपको सूचित किया जाता है कि आप रंका थाना कांड सं0–127/2025, दिनांक–03.11.2025 धारा–87, 137(2), बी0एन0एस0 के प्राथमिकी अभियुक्त हैं। आप उक्त काण्ड में अबतक फिरार चल रहे हैं। आपके विरुद्ध माननीय न्यायालय, श्रीमती अनुलिका कुमार न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी, गढ़वा, जिला–गढ़वा, झारखण्ड के द्वारा दिनांक–15.04.2026 को इश्तिहार निर्गत किया गया है। दिनांक–16.04.2026 को आपके घर पर उक्त इश्तिहार का विधिवत तामिला किया गया है। परन्तु आप अपने घर से फिरार है। उक्त इश्तिहार में आपको दिनांक–29.05.2026 तक माननीय न्यायालय, श्रीमती अनुलिका कुमार न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी गढ़वा, जिला–गढ़वा, झारखण्ड के न्यायालय में आत्मसमर्पण करने का आदेश दिया गया है। अतः आपको सूचित किया जाता है कि आप दिनांक–29.05.2026 तक माननीय न्यायालय, श्रीमती अनुलिका कुमार न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी, गढ़वा, जिला–गढ़वा, झारखण्ड के न्यायालय में आत्मसमर्पण करना सुनिश्चित करें।

पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा

PR 379781 Police(26-27).D

## संक्षिप्त समाचार

### मुंबई में सभी दुकानों और प्रतिष्ठानों पर मराठी साइनबोर्ड लगाना हुआ अनिवार्य

**मुंबई, एजेंसी।** मुंबई के डिप्टी मेयर संजय घाडी ने बुधवार को दुकानों और पांच सितारा




होटलों व सेलिब्रिटी के स्वामित्व वाले आउटलेट समेत अन्य व्यापारिक प्रतिष्ठानों को एक महीने के भीतर देवनागरी लिपि में मराठी में साइनबोर्ड लगाने का निर्देश दिया है। साथ ही कहा है कि यदि ऐसा नहीं करते तो फिर ' 'शिव सेना स्टॉल' ' में कार्रवाई के लिए तैयार रहें। बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) के दुकानों और प्रतिष्ठानों विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक के बाद पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने जोर देकर कहा कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुसार मराठी साइनबोर्ड अनिवार्य हैं और उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि मुंबई में लगभग नौ लाख दुकानें और प्रतिष्ठान हैं, जिनमें से 5,020 ने अभी तक मराठी साइनबोर्ड प्रदर्शित करने के नियम का पालन नहीं किया है। शिव सेना पार्षद ने कहा कि नगर निकाय ने अब तक 3,114 प्रतिष्ठानों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की है और 1.91 करोड़ रुपये का जुर्माना वसूला है।

### स्कूलों में अभिभावकों की भागीदारी बढ़ाने के लिए शिक्षा निदेशालय के नए नियम

**गुरुग्राम, एजेंसी।** सरकारी और निजी स्कूलों में वर्षों से अभिभावकों की भागीदारी केवल रिकार्ड और बैठकों तक सीमित रहने के आरोप लगते रहे हैं। ऐसे में शिक्षा निदेशालय द्वारा स्कूल मैनेजमेंट कमिटी (एसएमसी) के गठन को लेकर जारी किए गए नए दिशा-निर्देशों ने बदलाव की उम्मीद जरूर जगाई है, लेकिन जमीनी व्यवस्था को देखते हुए कई चुनौतियां भी सामने आ रही हैं। नए नियमों के तहत एसएमसी में 75 प्रतिशत सदस्य छात्रों के अभिभावक या संरक्षक होंगे और हर महीने बैठक आयोजित करना अनिवार्य किया गया है। साथ ही महिला सदस्यों की 50 प्रतिशत भागीदारी और पिछड़े वर्गों के प्रतिनिधित्व की भी शर्त रखी गई है। विभाग का दावा है कि इससे स्कूल प्रबंधन अधिक पारदर्शी होगा और अभिभावकों की भागीदारी बढ़ेगी। हालांकि वास्तविक स्थिति इससे अलग दिखाई देती है। एसएससी के पूर्व सदस्यों के मुताबिक कई सरकारी स्कूलों में पहले से बनी एसएमसी की बैठकें नियमित नहीं हो रहीं। अभिभावकों को कमेटी की भूमिका, अधिकार और जिम्मेदारियों की पूरी जानकारी तक नहीं दी जाती। कई मामलों में बैठक का रिकार्ड केवल औपचारिक दस्तावेज बनकर रह जाता है। निजी स्कूलों में भी अभिभावकों की भागीदारी सीमित दायरे में सिमटी हुई है। फीस वृद्धि, परिवहन शुल्क और अन्य नीतिगत फैसलों में अभिभावकों की राय को अधिक महत्व नहीं मिलने की शिकायतें लगातार सामने आती रही हैं। कई स्कूलों में पीटीए और एसएमसी केवल नियमों की पूर्ति तक सीमित मानी जाती हैं।

### स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के लिए लगेंगे विशेष कैंप, मिलेगी बड़ी राहत

**गाजियाबाद, एजेंसी।** जिले के स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के लिए आज शुक्रवार से विशेष व्यवस्था शुरू होने जा रही है। विद्युत निगम की ओर से स्मार्ट मीटर से जुड़ी शिकायतों के त्वरित समाधान, प्रीपेड से पोस्टपेड मोड में परिवर्तन तथा बिल संशोधन जैसी समस्याओं के निस्तारण के लिए विद्युत कार्यालयों पर विशेष डेडिकेटेड काउंटर और कैंप लगाए जाएंगे। यह अभियान 15 मई से 30 जून तक संचालित किया जाएगा, जिसमें उपभोक्ताओं को एक ही स्थान पर विभिन्न सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।जोन-द्वितीय के मुख्य अभियंता नरेश भारती के अनुसार, स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं की बढ़ती शिकायतों को देखते हुए यह पहल की गई है, ताकि उपभोक्ताओं को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।

# त्रिपुरा सरकार ने लागू किया 50% कर्मचारियों के लिए 'वर्क फ्रॉम होम', पीएम की अपील का दिखा असर

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की देशव्यापी अपील के बाद लिया गया निर्णय

**अगरतला, एजेंसी।** त्रिपुरा सरकार ने सरकारी खर्च को कम करने और ईंधन बचाने के उद्देश्य से एक नया ज्ञापन जारी किया है। यह अहम फैसला पश्चिम एशिया संकट के बीच पेट्रोलियम पदार्थों की खपत को कम करने की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की देशव्यापी अपील के बाद लिया गया है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा 13 मई, 2026 को जारी यह आदेश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उस हालिया अपील के बाद आया है, जिसमें उन्होंने नागरिकों और संस्थानों से ईंधन बचाने और जहां तक संभव हो वर्क फ्रॉम होम अपनाने का आग्रह किया था।

ज्ञापन के अनुसार, सभी विभागाध्यक्षों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है कि ग्रुप सी और ग्रुप डी के केवल 50 प्रतिशत कर्मचारी ही रोजाना कार्यालय आएं, जबकि बाकी बचे 50 प्रतिशत कर्मचारी घर से काम करेंगे।

सभी विभागों को साप्ताहिक ड्यूटी रोस्टर तैयार करने का भी निर्देश दिया गया है, जिससे कर्मचारी एक सप्ताह छोड़कर अगले सप्ताह कार्यालय आ सकें। पहले सप्ताह में उन कर्मचारियों को प्राथमिकता दी जाएगी जिनका घर उनके कार्यस्थल के करीब है।

आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि घर से काम कर रहे कर्मचारियों को हर समय टेलीफोन और इलेक्ट्रॉनिक संचार के अन्य माध्यमों पर उपलब्ध रहना होगा। किसी भी अति-आवश्यक कार्य के लिए बुलाए जाने पर उन्हें तुरंत कार्यालय में रिपोर्ट करना होगा। राज्य सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, स्थानीय निकायों, स्वायत्त व वैधानिक



संगठनों और अधीनस्थ कार्यालयों को भी इसी तरह के उपाय लागू करने की सलाह दी है।हालांकि, यह निर्देश आवश्यक या आपातकालीन सेवाओं में लगे कार्यालयों और कर्मचारियों पर लागू नहीं होगा। यह ज्ञापन तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है और सरकार के अगले आदेश तक प्रभावी रहेगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नागरिकों से सार्वजनिक परिवहन, इलेक्ट्रिक बसों और कारपूलिंग को अपनाकर पेट्रोल और डीजल की खपत में कटौती करने का आग्रह किया था। इसके अलावा, उन्होंने भारत पर आयात के भारी बोझ को कम करने के लिए 'वर्क फ्रॉम होम' को बढ़ावा देने और सोने की खरीदारी को फिलहाल टालने के लिए भी प्रोत्साहित किया था। पीएम मोदी ने अपनी अपील में कहा, 'जिनके पास कार है, उन्हें एक ही वाहन में ज्यादा लोगों को साथ ले जाना चाहिए। डिजिटल तकनीक ने अब बहुत सी चीजों को आसान बना दिया है, इसलिए तकनीक की मदद भी हमारे लिए काफी फायदेमंद साबित होगी। यह बहुत जरूरी है कि सरकारी और निजी दोनों कार्यालयों में वर्चुअल मीटिंग्स और वर्क फ्रॉम होम को प्राथमिकता दी जाए। '

उन्होंने आगे कहा कि देश की एक बहुत बड़ी रकम सोने के आयात के कारण विदेशों में चली जाती है। इसलिए, मैं आप सभी देशवासियों से आग्रह करूंगा कि जब तक स्थिति पूरी तरह सामान्य न हो जाए, तब तक सोने की खरीदारी को टाल दें।

## क्षेत्र के लोगों की आस्था जुड़ी है

# पौराणिक 'बूढ़ बाबू तालाब' खो रहा अपना अस्तित्व, 1.27 करोड़ का प्रोजेक्ट बनने के बजाय बना कूड़ाघर

**दादरी, एजेंसी।** आमका रोड स्थित पौराणिक व धार्मिक आस्था का बूढ़ बाबू तालाब आज अपनी पहचान खोने के कगार तक पहुंच गया है। इसके पीछे बजट की कमी प्रमुख कारण बताया जा रहा है। इसे अमृत सरोवर योजना से संवार कर फाउंटेन लगाकर पर्यटक केंद्र के रूप में



विकसित करना था, लेकिन आलम यह है कि चारदीवारी निर्माण के बाद यहां आज तक नगरपालिका ने झांकने की जहमत नहीं उठाई। यह लोगों के लिए शौच का केंद्र बनकर रह गया है। दरअसल, आमका रोड रोड स्थित बूढ़ बाबू तालाब से क्षेत्र के लोगों की आस्था जुड़ी है। मान्यता है कि इस तालाब के जल में नहाने से चर्म रोग से छुटकारा मिल जाता है। साल 2022 के दिसंबर में दादरी विधायक तेजपाल सिंह नागर ने इस तालाब के सुंदरीकरण कर इसे पर्यटक केंद्र के रूप में विकसित करने की योजना की नींव रखी। इस मौके पर नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी समीर कश्यप, चेयरमैन गीता पंडित, नगर अध्यक्ष सोमेश गुप्ता, नगर महामंत्री विशाल भारद्वाज आदि ने फीता काटा था। नगरपालिका को इसकी जिम्मेदारी सौंपी व करीब 1.27 करोड़ का बजट का प्रविधान कराया। इसके कारण पिछले कुछ सालों से यहां हर साल लगने वाला मेला भी खत्म हो चुका है। तालाब का विकास तो नहीं हुआ, लेकिन मौजूदा समय में यह कचरा डंपिंग ग्राउंड बनकर रह गया। लोगों की मांग है कि तालाब के अस्तित्व को दोबारा लौटाया जाए। इस पर खर्च होने वाले बजट की पूर्ति अमृत सरोवर योजना से की जानी थी। तालाब के एक तरफ घाट, दो तरफ हरित पट्टी के साथ स्ट्रीट लाइट, तालाब के बीच में फाउंटेन लगानी थी। मौजूदा समय में यह बदतर स्थिति में हैं। पानी की बूंदें तो दूर इसे लोगों ने कचरा डालकर डंपिंग ग्राउंड और शौच का स्थान बना लिया है। इस मामले में दादरी अधिशासी अधिकारी शालिनी गुप्ता का कहना है कि बजट की कमी के कारण काम रुक गया था। अब बजट आ गया है। एक माह के अंदर इसके कायाकल्प का काम शुरू कर दिया जाएगा।

# मध्य प्रदेश में मंत्रिमंडल विस्तार के संकेत, मानसून सत्र के पहले हो सकता है विस्तार

**भोपाल, एजेंसी।** लगभग ढाई वर्ष के कार्यकाल के बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की टीम यानी मंत्रिमंडल में विस्तार के संकेत मिले हैं। फिलहाल मंत्रिमंडल विस्तार की समय-सीमा निर्धारित नहीं है लेकिन यह तय है कि जून या मध्य प्रदेश विधानसभा के पावस (मानसून) सत्र से पहले मंत्रिमंडल में बदलाव व विस्तार का काम पूरा कर लिया जाएगा। मोहन मंत्रिमंडल में वर्तमान में मुख्यमंत्री समेत 31 मंत्री हैं, जबकि मंत्रिमंडल में कुल 35 मंत्री हो सकते हैं। अभी चार पद रिक्त हैं। बता दें कि लंबे समय से विस्तार की चर्चाएं चल रही हैं। यह भी बताया जा रहा है कि संतुलन बनाने के लिए कुछ मंत्रियों की छुट्टी भी की जा सकती है। आगामी विधानसभा चुनाव यानी मिशन 2028 को ध्यान में रखते



हुए क्षेत्रीय और जातीय संतुलन साधने के लिए विस्तार किया जाएगा। माना जा रहा है कि विंध्य, महाकोशल और ग्वालियर-चंबल जैसे क्षेत्रों को नया प्रतिनिधित्व मिल सकता है। मध्य प्रदेश और पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़ में एक साथ वर्ष 2023 में विधानसभा चुनाव हुए थे, लेकिन छत्तीसगढ़ में काफी पहले कैबिनेट विस्तार हो चुका है। छग की विष्णु देव साय सरकार ने प्रशासनिक कसावट और क्षेत्रीय समीकरणों को समय रहते दुरुस्त कर लिया है। वहां अगस्त 2025 में ही मंत्रिमंडल का विस्तार कर तीन मंत्रियों को शपथ दिलाई गई थी। मध्य प्रदेश में छत्तीसगढ़ के मुकाबले वरिष्ठ नेताओं, पूर्व मंत्रियों और कई बार के विधायकों की संख्या बहुत अधिक है। महाकोशल, विंध्य, और ग्वालियर-चंबल जैसे अंचलों से कई दिग्गज कतार में हैं, जिसके कारण केंद्रीय नेतृत्व को समीकरण साधने में लंबा समय लगा। पार्टी सूत्रों का कहना है कि कैबिनेट के पुनर्गठन का काम तो आरंभ कर दिया गया है, जून अंतिम या जुलाई के पहले पखवाड़े तक इसे पूरा कर दिया जाएगा। 13 मई को मोहन यादव के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के ढाई साल पूरे हो गए हैं। पार्टी ने अब मिशन 28 की तैयारी भी आरंभ कर दी है।

# बंगाल में गोवंश की हत्या पर सुवेंदु सरकार सख्त, नियम नहीं माने तो जाना होगा जेल

**कोलकाता, एजेंसी।** बंगाल में अब सार्वजनिक स्थानों पर पशु वध करना न केवल धार्मिक या सामाजिक वर्जना है, बल्कि कानूनन एक 'संगीन अपराध' की श्रेणी में आएगा। कलकत्ता हाई कोर्ट के कड़े रुख के बाद, राज्य की नई भाजपा सरकार ने 'पश्चिम बंगाल पशु वध नियंत्रण अधिनियम, 1950' को सख्ती से लागू करने के लिए नई अधिसूचना जारी कर दी है। इस फैसले के साथ ही राज्य में खुले में पशु बलि या वध की परंपराओं और अवैध बूचड़खानों पर लगाम कसने की तैयारी पूरी कर ली गई है। राज्य सरकार द्वारा जारी आठ सूत्रीय अधिसूचना में स्पष्ट किया गया है कि यह कदम हाई कोर्ट के 2018 के ऐतिहासिक फैसले और 2022 के सरकारी दिशा-निर्देशों के अनुपालन में उठाया गया है। सरकार ने साफ कर दिया है कि कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ 'जीरो टालरेंस' की नीति अपनाई जाएगी। सांड, बैल, गाय, बछड़ा, भैंस और भैंस के बछड़ों जैसे किसी भी जानवर का वध तब तक नहीं किया जा सकेगा, जब तक कि उसके लिए आधिकारिक 'फिटनेस सर्टिफिकेट' प्राप्त न कर लिया जाए। नगर पालिका के अध्यक्ष या पंचायत समिति के अध्यक्ष के साथ एक सरकारी पशु चिकित्सक संयुक्त रूप से यह प्रमाण पत्र देंगे। वध की अनुमति तभी मिलेगी जब पशु 14 वर्ष से अधिक आयु का हो, काम करने या प्रजनन के लायक न हो, या गंभीर चोट/बीमारी के कारण स्थायी रूप से अक्षम हो गया हो। केवल निर्धारित वधशालाओं का उपयोगः जिन पशुओं को वध के लिए प्रमाणित किया गया है, उन्हें केवल सरकार



द्वारा चिह्नित नगर पालिका बूचड़खानों या प्रशासन द्वारा निर्धारित स्थान पर ही वध किया जा सकेगा। खुले स्थानों, सड़कों या जन समागम वाले क्षेत्रों में किसी भी पशु का वध करना अब कठोरता से प्रतिबंधित है। निरीक्षण में बाधा डालना अपराधः यदि कोई सरकारी अधिकारी या पशु चिकित्सक बूचड़खानों के निरीक्षण के लिए आता है, तो उसे रोकना कानून का उल्लंघन माना जाएगा। प्रशासन ने इस अधिनियम को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए दंडात्मक प्रावधानों को भी रेखांकित किया है। यदि कोई व्यक्ति इन नियमों बंगाल में सुवेंदु अधिकारी के नेतृत्व में बनी नई सरकार की यह अधिसूचना पशु क्रूरता निवारण और सार्वजनिक स्वास्थ्य की दिशा में एक बड़ा कदम मानी जा रही है।

# साहब पी रहे 'प्योर वॉटर', मरीजों के हलक में उतर रही 'बीमारी'! फरीदाबाद के अस्पतालों का कड़वा सच उजागर

**फरीदाबाद, एजेंसी।** जिले में तीन नंबर स्थित ईएसआइसी अस्पताल और नागरिक अस्पताल में मरीजों को शुद्ध पानी नसीब नहीं हो पा रहा है। जिन अधिकारियों पर नागरिकों की स्वास्थ्य सेवा की जिम्मेदारी है। वहां भी कई जगह पानी में मानकों से अधिक टीडीएस है। गुणवत्ता की कसौटी पर पानी खरा नहीं उतर रहा है। ईएसआइसी अस्पताल, डीन कार्यालय, जिला नागरिक अस्पताल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी तथा ईएसआइ हेल्थ केयर विभाग की सिविल सर्जन डा. पूता भारद्वाज के कार्यालय में पानी के टीडीएस की जांच की गई तो पता चला कि अधिकारी-कर्मचारी शुद्ध पानी पी रहे हैं। मगर आम नागरिक सामान्य से कई गुना टीडीएस वाला पानी पी रहे हैं।

विशेषज्ञ कहते हैं कि शुद्ध पेय जल में स्टैंडर्ड मानकों के अनुसार टीडीएस (टोटल डिसाल्वड सालिडस) की मात्रा 150 से कम होनी चाहिए, मगर यहां तो कई जगह मानकों से अधिक टीडीएस मिला। जन स्वास्थ्य विभाग की ओर से मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय और नागरिक अस्पताल में आपूर्ति किए जा रहे पानी में टीडीएस की मात्रा 534 थी।

तीन नंबर ईएसआइसी मेडिकल कालेज व अस्पताल में आपूर्ति किए जा रहे पानी में टीडीएस 407 मिला। ईएसआइसी मेडिकल कालेज के डीन कार्यालय में उपलब्ध पानी में टीडीएस की मात्रा 68 रही।

पांच नंबर स्थित ईएसआइ डिस्पेंसरी नंबर तीन में पानी की गुणवत्ता के मामले में स्थिति बेहतर मिली। यहीं ईएसआइ हेल्थ केयर विभाग की सिविल सर्जन डॉ. पूजा भारद्वाज का कार्यालय भी है। ईएसआइ डिस्पेंसरी में प्रतिदिन अलग-अलग बीमारियों के लगभग 200 मरीज आते हैं। यहां मरीजों और स्टाफ के लिए एक जैसा पानी उपलब्ध है यहां उपलब्ध पानी




में टीडीएस की मात्रा 56 थी। हम नियमित रूप से महीने में दो बार पानी की जांच करवाते हैं। हमारे यहां मरीजों, स्वजन और सटाफ के लिए गुणवत्ता से परिपूर्ण पानी उपलब्ध है। हम पानी की समय-समय पर जांच करवाते हैं। अब फिर से ईएसआइसी अस्पताल में पानी में टीडीएस की जांच करवा लेते हैं। कमी मिली तो सुधार करवाया जाएगा। पानी में अगर टीडीएस की मात्रा सामान्य है तो ठीक है। अगर सामान्य से अधिक है तो सेहत के हिसाब से ठीक नहीं है। पेट संबंधी बीमारियों की आशंका रहती है। पेट संक्रमण भी हो सकता है। किडनी को भी नुकसान पहुंच सकता है। इसलिए शुद्ध पानी पीना ही बेहतर है।

# पटौदी से चंडीगढ़ का सफर हुआ आसान, झज्जर डिपो ने शुरू की नई बस सेवा

**पटौदी, एजेंसी।** पटौदी क्षेत्र के लोगों के लिए राहतभरी खबर है। अब पटौदी से चंडीगढ़ के लिए एक और बस सेवा शुरू कर दी गई है। झज्जर डिपो की यह नई बस प्रतिदिन दोपहर तीन बजे पटौदी से रवाना होकर झज्जर, रोहतक और पानीपत होते हुए रात 11:30 बजे चंडीगढ़ पहुंचेगी। वापसी में बस सुबह 6:15 बजे चंडीगढ़ से चलकर दोपहर 12:30 बजे झज्जर पहुंचेगी, हालांकि यह बस वापसी में पटौदी नहीं आएगी। बस सेवा शुरू होने के अवसर पर पटौदी बस अड्डे पर खुशी का माहौल देखने को मिला। नगरपालिका के पूर्व अध्यक्ष एवं पार्षद चंद्रभान सहगल, पूर्व उपाध्यक्ष एवं पार्षद राधेश्याम मक्कड़ तथा समाजसेवी रामनिवास पाटोदा ने बस के चालक व परिचालक का फूलमालाओं से स्वागत किया। इस दौरान लोगों में लड्डू बांटकर खुशी का इजहार भी किया गया। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि पटौदी क्षेत्र के लोगों को प्रदेश की राजधानी चंडीगढ़ में विभिन्न प्रशासनिक, न्यायिक



एवं निजी कार्यों के लिए लगातार आना-जाना पड़ता है। रात 8:20 बजे रेवाड़ी से पटौदी होकर जाने वाली चंडीगढ़ की बस में अत्यधिक भीड़ रहती थी। ऐसे में नई बस सेवा शुरू होने से यात्रियों को काफी राहत मिलेगी।

उन्होंने परिवहन विभाग से मांग की कि वापसी में भी बसों को पटौदी मार्ग से चलाया जाए। वक्ताओं ने कहा कि रेवाड़ी डिपो की रात्रिकालीन चंडीगढ़ बस भी वापसी में पटौदी नहीं आती, जिससे यात्रियों को परेशानी उठानी पड़ती है। साथ ही उन्होंने सुबह तीन-चार बजे के बीच भी चंडीगढ़ के लिए बस सेवा शुरू करने की मांग उठाई, ताकि यात्री समय रहते अपने कार्यालयों एवं अन्य कार्यस्थलों तक पहुंच सकें।

# नीट महाघोटाला: 10 राज्यों में बेचा गया लीक पेपर, सीबीआई की रडार पर पूरा सिंडिकेट

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) की जांच में सामने आया है कि नीट का लीक पेपर 10 राज्यों में बेचा गया था। इनमें राजस्थान, महाराष्ट्र, हरियाणा, दिल्ली, केरलम, उत्तराखंड सहित अन्य राज्य शामिल हैं। एसओजी ने सभी राज्यों के नाम आधिकारिक तौर पर नहीं बताएं हैं। एसओजी के अतिरिक्त महानिदेशक विशाल बंसल ने स्वीकार किया कि यह पेपर माफियाओं तक परीक्षा से दो से तीन सप्ताह पहले ही पहुंच गया था। सीकर में ई-मित्र संचालकों तक पेपर पहुंच गया था। कोचिंग संचालकों और एक करियर काउंसलर की भी इसमें भूमिका सामने आई है । एसओजी ने जयपुर, सीकर व गुरुग्राम सहित अन्य शहरों से जिन आरोपितों को पकड़ा है, उनमें जयपुर जिले के जमवारामगढ़ निवासी दो भाई दिनेश बिंवाल और मांगीलाल भाजपा से जुड़े हैं। दिनेश जयपुर जिला भाजपा का पूर्व मंत्री रह चुका है। वह क्षेत्रीय भाजपा विधायक महेंद्र मीणा का विश्वस्त है। सूत्रों के अनुसार सीबीआइ को सौंपी

## दिनेश जयपुर जिला भाजपा का पूर्व मंत्री रह चुका है

गई एसओजी की रिपोर्ट में कहा गया है कि नीट का पेपर नासिक की प्रींटिंग प्रेस से लीक हुआ और फिर




गुरुग्राम के खुरमपुर गांव निवासी एमबीबीएस छात्र यश यादव तक पहुंचा। यश ने राजस्थान सहित विभिन्न राज्यों के लोगों को पेपर बेचा। मांगीलाल एवं दिनेश बिंवाल ने 30 लाख रुपये में यश से पेपर 27 अप्रैल को खरीदा। दिनेश ने सीकर के निजी कोचिंग संस्थान में पढ़ रहे अपने पुत्र रिषी को पेपर दिया और फिर खुद सीकर पहुंचकर 29 अप्रैल को दो से पांच लाख रुपये में कई लोगों को बेच दिया।

पेपर लीक मामले में हिरासत में लिए गए दिनेश एवं मांगीलाल परिवार के चार बच्चों का साल 2024 में नीट में चयन हुआ था। इनमें मांगीलाल का बेटा विकास सवाईमाधोपुर मेडिकल कॉलेज और पुत्री प्रगति दौसा मेडिकल कालेज में पढ़ रहे हैं ।

एक परिवार के चार बच्चों का एक ही साल में एकसाथ चयन कैसे संभव हो सकता है इनके एक अन्य भाई स्व.घनश्याम की पुत्री सानिया मुंबई मेडिकल कॉलेज और पुत्र दिव्य जयपुर स्थित एसएमएस मेडिकल कॉलेज में पढ़ रहे हैं। अब जांच इस बात को लेकर भी की जा रही है कि एक ही परिवार के चार बच्चों का एक ही साल में एकसाथ चयन कैसे संभव हो सकता है। दिनेश की पत्नी रजनी और मां प्रभुदेवी ने कहा कि इस मामले में सच्चाई नहीं है। नीट का पेपर राजस्थान पहुंचने से पहले ही बाहर आ चुका था।

## इंटरनेट मीडिया से पेपर भेजा

इस बीच रिषी ने केरलम में एमबीबीएस कर रहे अपने मित्र को इंटरनेट मीडिया से पेपर भेजा। इस मित्र ने सीकर में हास्टल संचालक अपने पिता को यह पेपर दो मई को देर रात भेजा। जांच और हिरासत में लिए गए लोगों से पूछताछ में सामने आया कि दो मई को सीकर के दो कोचिंग संचालकों एवं एक करियर काउंसलर राकेश मंडावरिया तक पेपर पहुंचा। उन्होंने गैस पेपर बताकर छात्रों को इसे बेचते हुए भरोसा दिया कि नीट की परीक्षा में 99.99 प्रतिशत गैस पेपर जैसे हूबहू सवाल आएंगे। हुआ भी ऐसा ही। रिषी ने अपने साथी छात्रों को करीब तीन सप्ताह पहले ही नीट का पेपर मिलने का आश्वासन दिया था। ऐसे में अब इस बात को लेकर भी पड़ताल की जा रही है क्या दिनेश एवं मांगीलाल के पहले से पेपर लीक माफियाओं से संपर्क है । राजस्थान पेपर लीक का मूल केंद्र नहीं है। पूरा मामला सीबीआइ को सौंप दिया गया है। जांच से जुड़े दस्तावेज एवं हिरासत में लिए गए दो दर्जन लोगों को भी सीबीआइ टीम के हवाले किया गया है। इनमें से चार की जयपुर से गिरफ्तारी हुई है ।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# विचार-मंथन

## संपादकीय

### देश में ऊर्जा में आत्मनिर्भरता! भारत किन रास्तों पर कर रहा विचार?

पेट्रोलियम मंत्रालय ने लोगों से सार्वजनिक परिवहन और ईवी का इस्तेमाल करने की अपील की है, ताकि पेट्रोल-डीजल की खपत कम की जा सके। पश्चिम एशिया में संकट के कारण क्रूड ऑयल की कीमतें बढ़ रही हैं, जिससे रुपये पर दबाव बढ़ रहा है। सरकार ने भरोसा दिया है कि देश में ईंधन की कमी नहीं है।पीएम नरेंद्र मोदी के बाद सोमवार को पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने भी लोगों से सार्वजनिक परिवहन और ईवी का इस्तेमाल करने की अपील की, ताकि पेट्रोल-डीजल की खपत कम की जा सके। यह अपील पश्चिम एशिया में लंबे समय से चले आ रहे संकट का नतीजा है और तय था कि गतिरोध लंबा खिंचने की सूरत में कुछ एहतियाती उपाय तो करने ही होंगे। हालांकि, सरकार ने सिर्फ अपील की है और यह भरोसा भी दिया है कि देश में ईंधन की कमी नहीं है।रुपये पर दबाव- पीएम नरेंद्र मोदी ने पेट्रोल-डीजल के कम इस्तेमाल के साथ एक साल तक सोना न खरीदने और गैस व फर्टिलाइजर की बढ़ती कीमतों पर भी बात की। इन सभी के लिए भारत आयात पर बहुत ज्यादा निर्भर है। संघर्ष शुरू होने के बाद से कीमतें बढ़ रही हैं और देश को अपनी जरूरत के लिए ज्यादा विदेशी मुद्रा खर्च करनी पड़ रही है। इससे रुपये पर दबाव बढ़ रहा है, जो डॉलर के मुकाबले लगातार कमजोर होता जा रहा है। महंगा होता क्रूड- जब अमेरिका-इस्राइल ने ईरान पर हमला किया, तब क्रूड ऑयल 70 डॉलर प्रति बैरल के आसपास था और अब यह 100 के पार है। तेल मार्केटिंग कंपनियों पर हर दिन 1600 से 1700 करोड़ रुपये का अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है, जो अभी तक उपभोक्ताओं पर नहीं आया है। लेकिन, ऐसा लंबे समय तक नहीं चल सकता। जब होर्मुज स्ट्रेट में तनाव जल्द कम होने की उम्मीद नहीं दिख रही, तब विकल्पों की ओर बढ़कर आर्थिक दबाव से निपटा जा सकता है। रिन्यूबल का रेकॉर्ड- कार पूलिंग, वर्क फॉम होम जैसे कदम फौरी तौर पर भले कुछ राहत दें, लेकिन देश को जरूरत है दीर्घकालिक उपायों की। ऊर्जा के लिए आयात पर निर्भरता घटाने के रास्ते तलाशने होंगे। रिन्यूबल एनर्जी और ईवी से इसमें मदद मिलेगी। सौर और पवन ऊर्जा के मामले में भारत तेजी से बढ़ रहा है। कुल बिजली क्षमता में आधे से ज्यादा हिस्सा, 262.7 गीगावॉट अब रिन्यूबल एनर्जी का हो चुका है। लेकिन, सोलर इंडस्ट्री के लिए जरूरी सामानों पर चीन पर निर्भरता है।

*अब कंपनियां केवल परियोजना-आधारित व्यय के बजाय, स्थायी विकास के लक्ष्यों को अपनी मूल व्यावसायिक रणनीतियों में शामिल कर रही हैं। कंपनियां पर्यावरण अनुकूल उत्पादों को अपना रही हैं, ताकि पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभावों को कम किया जा सके। कई संस्थाएं 18 राज्यों में 2,250 गांवों और कस्बों में पांच लाख से अधिक परिवारों को जोड़ते हुए।*

## मेक इन इंडिया से डिजिटल इंडिया तक-कॉरपोरेट सेक्टर की बढ़ती ताकत

**(अजय जोशी)**

निगमित क्षेत्र के इन आयामों से जुड़ी समस्याओं के समाधान की दृष्टि से पुराने श्रम कानून और व्यवसाय शुरू करने तथा उनको चलाने में अत्यधिक दस्तावेजीकरण निवेश को हतोत्साहित करते हैं।देश की अर्थव्यवस्था में निगमित क्षेत्र का महत्त्वपूर्ण योगदान है। यह क्षेत्र अब तेजी से वृद्धि और बदलाव के दौर में है। वर्तमान में यह संरचनात्मक परिवर्तनों, तकनीकी एकीकरण और स्थिरता की दिशा में विकास के चरण से गुजर रहा है। इस क्षेत्र में विनिर्माण क्षेत्र सर्वाधिक अहम है। पिछले कुछ वर्षों से इसकी गति धीमी चल रही थी। मगर अब इसके पुनरुद्धार की दिशा में किए गए प्रयासों से विनिर्माण क्षेत्र में तेज वृद्धि देखी जा रही है। नवंबर 2025 तक विनिर्माण क्षेत्र में 8.0 फीसद की वृद्धि दर्ज की गई है। सरकार की ओर से समय-समय पर जारी आंकड़ों के अनुसार, यह क्षेत्र बेहतर प्रदर्शन कर रहा है। वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में इसमें 7.72 फीसद और दूसरी तिमाही में 9.13 फीसद वृद्धि दर्ज की गई है। सकल घरेलू उत्पाद में विनिर्माण क्षेत्र का योगदान लगभग 17 फीसद रहा है। ताजा संशोधित आंकड़ों के अनुसार, विनिर्माण की वृद्धि दर वर्ष 2025-26 में 11.5 फीसद रहने का अनुमान है। भारत का लक्ष्य सकल घरेलू उत्पाद में विनिर्माण क्षेत्र की हिस्सेदारी को 17 फीसद से बढ़ा कर 25 फीसद करना है। निगमित क्षेत्र में डिजिटल परिवर्तन का दौर भी तेजी से चल रहा है। बैंकिंग, खुदरा व्यवसाय, स्वास्थ्य सेवा और सामग्री प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में कृत्रिम मेधा (एआइ) को तेजी से अपनाया जा रहा है। निगमित क्षेत्र में ब्राडबैंड और इंटरनेट उपयोगकर्ता बढ़ रहे हैं। नवंबर 2025 तक ब्राडबैंड ग्राहकों की संख्या एक सौ करोड़ के पार चली गई, जो एक दशक पहले के 13.15 करोड़ से सात गुना अधिक है। देश के 99.9 फीसद जिलों में 5जी की सुविधा है और 5.18 लाख से अधिक बेस स्टेशन कार्यरत हैं। वहीं यूपीआइ लेन-देन भी तेजी से बढ़ रहा है। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा डिजिटल देश है। देश में डेटा की लागत वर्ष 2014 के 269 रुपए प्रति गीगाबाइट से घट कर वर्ष 2025-26 में 8-10 रुपए प्रति गीगाबाइट रह गई है। डेटा सुरक्षा के लिए डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण नियम- 2025 में लागू हुए, जिसमें बच्चों के डेटा और गोपनीयता के संबंध में सख्त प्रावधान किए गए हैं। अब कारपोरेट क्षेत्र में केवल मुनाफे के बजाय पर्यावरणीय और सामाजिक शासन के मापदंडों पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। इससे हरित ऊर्जा और सतत विकास के क्रियाकलापों में निवेश बढ़ा है। निगमित संस्थाओं में पर्यावरण और समाज के प्रति जिम्मेदारियां बढ़ाई गई हैं। निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व के लिए बने सीएसआर कोष से इसके लिए व्यय लगातार बढ़ रहा है। कंपनियां पर्यावरणीय पहलों जैसे नवीकरणीय ऊर्जा, अपशिष्ट प्रबंधन और जल संरक्षण आदि पर अधिक खर्च कर रही हैं। सीएसआर के तहत प्रमुख कार्यों में भुखमरी, गरीबी और कुपोषण को दूर करना, स्वास्थ्य सेवा, स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी प्रमुखता से प्रयास किए गए हैं। अब कंपनियां केवल परियोजना-आधारित व्यय के बजाय, स्थायी विकास के लक्ष्यों को अपनी मूल व्यावसायिक रणनीतियों में शामिल कर रही हैं। कंपनियां पर्यावरण अनुकूल उत्पादों को अपना रही हैं, ताकि पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभावों को कम किया जा सके। कई संस्थाएं 18 राज्यों में 2,250 गांवों और कस्बों में पांच लाख से अधिक परिवारों को जोड़ते हुए अपने पर्यावरणीय लक्ष्यों के माध्यम से सतत विकास में योगदान दे रही हैं। इनका प्रमुख जोर पर्यावरण संरक्षण और पारिस्थितिकी संतुलन बनाए रखने पर है। भारतीय निगमित जगत ने वित्तीय मजबूती के लिए ऋण में भारी कटौती की है, जो वर्ष 2010 के दशक के 67 फीसद से घट कर 2024 में 48 फीसद पर आ गया है। इससे कंपनियों की वित्तीय स्थिति मजबूत हुई है। एनएसओ द्वारा वार्षिक निगमित सेवा क्षेत्र उद्यम सर्वेक्षण की शुरुआत के साथ, निगमित प्रशासन और डेटा पारदर्शिता में सुधार के प्रयास किए जा रहे हैं। 'मेक इन इंडिया' के तहत रक्षा और रेलवे जैसे क्षेत्रों में विदेशी प्रत्यक्ष निवेश की सीमा को उदार बना कर सौ फीसद तक की अनुमति दे दी गई है। जुलाई 2025 तक विनिर्माण विकास में 5.4 फीसद की वृद्धि देखी गई। 2025 में अप्रैल-अगस्त के दौरान उत्पाद निर्यात 2.52 फीसद से बढ़ कर 184.13 बिलियन अमेरिकी डालर हो गया। देश में आटोमोबाइल उत्पादन 1991-92 के बीस लाख से बढ़ कर 2023-24 में दो करोड़ 80 लाख इकाइयां हो गई हैं। वित्त वर्ष 2024-25 में कोयला उत्पादन 7.12 फीसद से बढ़ कर 370 मीट्रिक टन तक पहुंच गया है। भारत सेमीकंडक्टर मिशन के तहत नई इकाइयों को मंजूरी देकर वैश्विक केंद्र बनने की ओर अग्रसर है। इन नवीन पहलुओं के परिणामस्वरूप, भारतीय निगमित क्षेत्र न केवल घरेलू मांग को पूरा कर रहा है, बल्कि वैश्विक मूल्य शृंखला में भी एक प्रमुख शक्ति के रूप में उभर रहा है। इन सभी के बीच देश के निगमित क्षेत्र में इस समय कई तरह की आर्थिक, ढांचागत और नियामक चुनौतियां हैं। इससे विकास और उत्पादकता प्रभावित होती है। विशेष रूप से लघु और मध्य आकार की कंपनियां अपने कारोबार का विस्तार करने, नई तकनीक अपनाने या उत्पाद शृंखला में विविधता लाने के लिए आवश्यक पूंजी की कमी से जूझ रही हैं। भारत में लाजिस्टिक लागत सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 13-14 फीसद है, जो वैश्विक औसत से अधिक है। खराब परिवहन प्रणाली, अपर्याप्त भंडारण और बिजली की कमी, ये सभी उत्पादन लागत को बढ़ाते हैं। जटिल नियामक ढांचा और नीतिगत अनिश्चितता, भ्रष्टाचार और नियमों में बार-बार बदलाव निवेश को हतोत्साहित करते हैं। अनुसंधान और विकास में कम निवेश के कारण भारतीय उद्योग नवाचार और उद्यमिता के मामले में पीछे हैं। सख्त श्रम कानूनों के कारण भी निजी क्षेत्र को कार्य बल प्रबंधन में चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। विपणन और तकनीक की पुरानी कार्यप्रणालियों के उपयोग, विशेष रूप से लघु उद्योगों में प्रतिस्पर्धा को कम करता है। जीडीपी के मुकाबले निजी ऋण का उच्च अनुपात भी आर्थिक चिंता का विषय है। भारत के निगमित क्षेत्र को विनिर्माण, बुनियादी ढांचे, नौकरशाही और वित्तीय मोर्चों पर कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। इन समस्याओं के समाधान के लिए व्यापक संरचनात्मक सुधारों की आवश्यकता है। निगमित क्षेत्र के इन आयामों से जुड़ी समस्याओं के समाधान की दृष्टि से पुराने श्रम कानून और व्यवसाय शुरू करने तथा उनको चलाने में अत्यधिक दस्तावेजीकरण निवेश को हतोत्साहित करते हैं। एकल खिड़की मंजूरी प्रणाली को मजबूत करना तथा श्रम कानूनों का और सरलीकरण करना जरूरी है। खराब परिवहन से उत्पादन और वितरण लागत बढ़ जाती है।

## आधुनिक दुनिया आभासी जगत की दीवानी होती जा रही

आभासी दुनिया पूरी तरह से आभासी है। उसमें जीवन की रोजमर्रा की मशक्कत या सुख-दुख भी नहीं आते-जाते। आभासी दुनिया एकदम स्थितप्रज्ञ की तरह ही है। आभासी दुनिया न तो प्राकृतिक है, न ही वास्तविक है। मगर वास्तविक या प्राकृतिक दुनिया पर आभासी जगत का प्रभाव बढ़ता ही जा रहा है। वास्तविक दुनिया में रहते हुए भी हम जीवन की मूल प्रकृति या वास्तविकता से लगातार धीरे-धीरे ही सही, पर दूर होते जा रहे हैं और आभासी गतिविधियों को निरंतर जाने-अनजाने अपनाने ही नहीं, प्राण प्रण से मानने भी लगे हैं। आभासी जगत ने हमारे देखने-सुनने और प्रतिक्रिया करने के तौर-तरीकों को बहुत ही गहरे तौर पर बदल दिया है। हममें से कई लोगों की समझ तो यह भी बनने लगी है कि आभासी दुनिया के बिना जीवन जीना अब संभव नहीं रहा है। इसमें कोई शक नहीं है कि आधुनिक दुनिया आभासी जगत की दीवानी होती जा रही है। जिस तेजी से आभासी दुनिया ने हमारी आंखों और कानों को बैठे-बैठे अतिव्यस्त से लेकर इतना अस्त-व्यस्त कर दिया है कि हम हर दिन वास्तविक जीवन की निरंतर चलने वाली प्राकृतिक गतिविधियों और आपाधापी से हर क्षण दूर होते जा रहे हैं। वास्तविकता से परे जीवन को ले जाने में वैसे देखा जाए, तो प्रकृति को कोई दिक्कत नहीं है और प्रकृति अपने अंश मनुष्य को आभासी दुनिया में धंसने या विलीन हो जाने से रोकती भी नहीं है। प्रकृति को मनुष्य के वास्तविक जीवन से छलांग लगा कर आभासी दुनिया में रच-बस जाने में कोई भी दिक्कत या परेशानी महसूस नहीं हो सकती। जो कुछ भी परेशानी या द्वंद्व उठ खड़ा होता है, वह प्राकृतिक मनुष्य के मन और जीवन में होता है। आभासी दुनिया पूरी तरह से आभासी है। आभासी दुनिया एकदम स्थितप्रज्ञ की तरह ही है। आभासी दुनिया जन्म और मृत्यु से परे तो है।

## अब घुसपैठ से मुक्त होगा पश्चिम बंगाल

**(सुरेश हिंदुस्तानी)**

लम्बे समय से पश्चिम बंगाल में जनसंख्या का अप्रत्याशित रूप से बढ़ना कई प्रकार के सवाल खड़ा करता रहा है। इसके पीछे बांग्लादेश से आए घुसपैठिए भी एक बड़ा कारण है। इस समस्या से बंगाल ही नहीं, असम भी प्रभावित है, लेकिन अच्छी बात यह है कि विपक्षी राजनीतिक दलों को यह समस्या दिखाई नहीं देती। पश्चिम बंगाल में अब भारतीय जनता पार्टी की सरकार के तौर पर शुभेन्दु अधिकारी ने शासन की बागडोर संभाल ली है। भाजपा का यह स्पष्ट नारा रहा है कि वह विदेशी घुसपैठियों को देश से बाहर करेगी। इसलिए पश्चिम बंगाल के जनादेश में इस पर अब जनता की मुहर भी लग गई है। कई राजनीतिक विश्लेषकों का यह भी मानना है कि तृणमूल कांग्रेस की नेता ममता बनर्जी ने मुस्लिम तुष्टिकरण को बढ़ावा देकर अपने शासन का संचालन किया। इसमें बांग्लादेश के घुसपैठियों का भी समर्थन भी शामिल रहा। अब भाजपा की सरकार बनने के बाद यह तय हो चुका है कि अब पश्चिम बंगाल की बांग्लादेश से लगी हुई सीमाएं पहले से ज्यादा सुरक्षित होंगी और एक बड़ी समस्या से छुटकारा भी मिलेगा। इससे यह भी आशय निकलता है कि सबका साथ और सबका विकास वाली राजनीतिक अवधारणा को स्वीकार किया जाने लगा है। देश में इसी प्रकार की राजनीति की आवश्यकता है। क्योंकि राजनीतिक दलों ने आज देश में रहने वाले समाज के बीच इतना भेद पैदा कर दिया है कि कई जगह समाज बंधु एक दूसरे के दुश्मन बन गए हैं। हिन्दू और मुसलमान समाज के ही हिस्से हैं, इसलिए इनको अलग अलग देखने की राजनीति नहीं होना चाहिए। इसके विपरीत देश के कुछ राजनीतिक दलों का आधार ही मुस्लिम वोट हैं। जबकि यह भी सही है कि तुष्टिकरण से किसी का भला न तो हुआ है और न ही होगा। लम्बे समय से पश्चिम बंगाल में जनसंख्या का अप्रत्याशित रूप से बढ़ना कई प्रकार के सवाल खड़ा करता रहा है। इसके पीछे बांग्लादेश से आए घुसपैठिए भी एक बड़ा कारण है। इस समस्या से बंगाल ही नहीं, असम भी प्रभावित है, लेकिन अच्छी बात यह है कि विपक्षी राजनीतिक दलों को यह समस्या दिखाई नहीं देती। असम और पश्चिम बंगाल की जनता इस घुसपैठ के विरोध में खड़ी हो गई है, इसलिए इस बार का जनादेश भी बांग्लादेशी घुसपैठियों के विरोध में आया। इसी के चलते असम में भाजपा सरकार का पुनः बनना और पश्चिम बंगाल में एक नए राजनीतिक उदय के साथ सत्तारूढ़ होना इसी बात का परिचायक है कि भाजपा ही नहीं, जनता भी देश से घुसपैठियों को निकालने का मन बना चुकी है। सुनने में यह भी आ रहा है जो बांग्लादेशी नागरिक पश्चिम बंगाल में घुसपैठ करके आए, वे अपने देश वापस जाने का मानस बना चुके हैं। इसलिए यह भी कहा जा रहा है कि अब पश्चिम बंगाल घुसपैठ की समस्या से मुक्त हो जाएगा। भारतीय जनता पार्टी ने पश्चिम बंगाल में प्रारंभ से ही इस बात पर जोर दिया था कि वह विदेशी घुसपैठियों के खिलाफ है। भाजपा के नेताओं के भाषण भी इसी पर केंद्रित रहते थे। इसके अलावा ममता बनर्जी के नेतृत्व में तृणमूल कांग्रेस की सरकार ने जो कार्य किए, वह कहीं न कहीं हिन्दू समाज को नीचा दिखाने वाले ही थे, लेकिन तृणमूल कांग्रेस के नेता शायद इस बात को भूल गए कि बहुसंख्यक समाज को नकारने की राजनीति एक प्रकार से उसके लिए सत्ता से अलग होने की तस्वीर पेश कर सकती है।

## सुडोकू पहेली — क्रमांक- 6092

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 7 | | 9 | | 2 | |
| | | 9 | 2 | 1 | 6 | | | 5 |
| 5 | | | 8 | | 4 | | | |
| | 6 | | | | | 4 | | |
| 3 | 7 | | | 4 | | | 6 | 1 |
| | | 2 | | | | | 5 | |
| | | | 9 | | | | | 3 |
| 7 | | | 3 | 8 | 5 | 2 | | |
| | 3 | | 4 | | 1 | | | |

**नियम :** प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 6091

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 5 | 3 | 2 | 4 | 1 | 6 | 9 | 7 |
| 9 | 4 | 2 | 6 | 5 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 1 | 7 | 6 | 9 | 8 | 3 | 2 | 4 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 4 | 7 | 2 | 1 | 3 | 8 |
| 2 | 3 | 4 | 8 | 1 | 5 | 9 | 7 | 6 |
| 7 | 8 | 1 | 3 | 6 | 9 | 4 | 5 | 2 |
| 6 | 9 | 7 | 5 | 2 | 4 | 3 | 8 | 1 |
| 4 | 2 | 5 | 1 | 3 | 8 | 7 | 6 | 9 |
| 3 | 1 | 8 | 7 | 9 | 6 | 5 | 2 | 4 |

## वर्ग पहेली 6092

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | 4 | | 5 | ■ |
| 6 | | ■ | 7 | | ■ | 8 | 9 |
| ■ | 10 | | ■ | ■ | 11 | | |
| 12 | | ■ | 13 | 14 | | ■ | |
| | ■ | 15 | ■ | 16 | | 17 | ■ |
| 18 | 19 | | 20 | ■ | 21 | | 2 |
| 23 | | ■ | 24 | | | ■ | |
| ■ | 25 | | | ■ | 26 | | |

**संकेतः बाएं से दाएं**

1. 22 सितंबर 1971 को इस भौतिक विज्ञानी और रसायन शास्त्री का निधन हुआ था (7)
6. हिमालय के पर्वतीय क्षेत्र में पाया जाने वाला जंगली बैल (2)
7. संगीत में स्वर का विस्तार (2)
8. आफत, भूत-प्रेम बाधा (2)
10. जूते बनाने का एक उपकरण जिसे चर्मकार इस्तेमाल करते है (2)
11. यह देश सन् 1935 तक फारस देश के नाम से जाना जाता था (3)
12. मयूर, हमारा राष्ट्रीय पक्षी (2)
13. बांस की चटाई को यह कहते है (3)
16. गहन चिंतन करने या अध्ययन करने का भाव (3)
18. ध्वनि को सुरक्षित रखने का यंत्र रिकॉर्ड (4)
21. डोलना, छिलना, विचलित होना (3)
23. न्यायाधीश (2)
24. एक राजनीतिक पार्टी का संक्षिप्त नाम (3)
25. जलाशय,सरोवर (3)
26. महाराष्ट्र की गोदावरी नदी के तट पर बसा एक शहर जिसके समीप पंचवटी वन स्थित है (3)

**ऊपर से नीचे**

1. उत्तरप्रदेश की पूर्व महिला मुख्यमंत्री (सिर्फ नाम), मोहकारिणी शक्ति (2)
2. वचन, प्रतिज्ञा (4)
3. कोमल कांड, सुंदर स्त्री (2)
4. प्रशंसक, पंखा, अंधभक्त (2)
5. वामहस्ती, बायें हाथ से काम करने वाला व्यक्ति (3)
9. भर्त्सना, धिक्कार, लताड़ (3)
11. एक पौराणिक भक्त राजा का नाम जिसने श्रीकृष्ण की बात मान अपना शरीर आरे से चिरवाया था (4)
14. प्रेमकर्ता, आनंदप्रद (5)
15. 1975 की सुपर-डुपर हिट फिल्म जिसके निर्देशक रमेश सिप्पी थे (2)
17. बहुमुल्य रत्न, एक संख्या सूचक अंग (2)
19. अपनापन, निजस्व (3)
20. बुरा, हीन, बिगड़ा हुआ (3)
22. नाम धारण करने वाला, नाम वाला (3)

### वर्ग पहेली 6091 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ब्रि | टे | न | ■ | कृ | ष्ण | कां | त |
| ज | ल | ज | ■ | पा | ■ | जी | ना |
| ■ | र | फ | बु | क | ■ | हा | ■ |
| सा | ■ | ■ | डा | ■ | ■ | उ | स |
| ग | ■ | अ | पे | क्षा | ■ | स | म |
| र | ■ | मा | स्ट | र | ■ | ■ | झ |
| मा | न | व | ■ | क | दा | ■ | दा |
| था | ■ | स्या | म | ■ | ग | ज | र |

## आज का राशिफल

### मेष
आज सफलता आपके कदम चूम सकती है। पुराने दोस्त से मुलाकात आपको भावुक और खुश दोनों कर सकती है। मेहनत का फल धीरे-धीरे मिलना शुरू होगा। संतान की खुशी के लिए कोई नई खरीदारी संभव है। खर्च बढ़ने से थोड़ी चिंता हो सकती है, किसी अनजान व्यक्ति पर आंख बंद करके भरोसा करना नुकसान दे सकता है।

### वृष
आज लाभ और नए अवसर आपके आसपास मंडराते दिखाई देंगे। नया काम शुरू करने का विचार फायदेमंद साबित हो सकता है। रिश्तेदारों के साथ छोटी बहस हो सकती है, लेकिन बड़ों का सहयोग आपको संभाल लेगा। महिला मित्रों से व्यापार में अच्छा लाभ मिलने के संकेत हैं। यात्रा या घूमने के दौरान कोई खास जानकारी मिल सकती है।

### मिथुन
आज का दिन थोड़ी उलझनों के साथ आगे बढ़ सकता है, इसलिए हर फैसला सोच-समझकर लें। परिवार के मुद्दों को प्यार और समझदारी से सुलझाने की जरूरत होगी। प्रॉपर्टी या लोन से जुड़े मामलों में अच्छी प्रगति हो सकती है। सरकारी कामों में थोड़ी देरी से मन निराश हो सकता है।

### तुला
आज आर्थिक मामलों में किस्मत आपका साथ देती नजर आएगी। रुके हुए काम पूरे होने से आत्मविश्वास बढ़ेगा। बिजनेस में पार्टनर के साथ नई योजनाओं पर चर्चा लाभदायक साबित हो सकती है। स्वादिष्ट भोजन और सुख-सुविधाओं का आनंद मिलेगा। निवेश के नए मौके मिल सकते हैं, लेकिन जल्दबाज़ी से बचें।

### वृश्चिक
आज बड़े सपनों को हकीकत में बदलने की शुरुआत हो सकती है। किसी जरूरतमंद की मदद करके आपको आत्मिक खुशी मिलेगी। यात्रा की योजना फिलहाल टालना बेहतर रहेगा। माता-पिता की सलाह आज आपके लिए सफलता की चाबी साबित हो सकती है। संतान के भविष्य को लेकर लिया गया फैसला आगे चलकर गर्व का कारण बनेगा।

### धनु
आज खुशियों की हल्की-हल्की दस्तक आपके दिन को खास बना सकती है। नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को मनचाही खबर मिल सकती है, वहीं सिंगल लोगों की किसी खास इंसान से मुलाकात दिल की धड़कन बढ़ा सकती है। परिवार और रिश्तेदार हर कदम पर आपका साथ देंगे। बेवजह के विवादों से दूरी बनाकर रखें, तभी मन की शांति बनी रहेगी।

### कर्क
आज अधूरी इच्छाएं पूरी होने के संकेत हैं और मेहनत रंग लाती दिखाई देगी। बॉस आपकी कार्यशैली से खुश रहेंगे। समाज सेवा या परोपकार के कार्यों से आपकी प्रतिष्ठा बढ़ सकती है। किसी पुरानी गलती से मिली सीख आज काम आएगी। कार्यक्षेत्र में कोई आपकी छवि खराब करने की कोशिश कर सकता है, इसलिए सतर्क रहें।

### सिंह
आज मन में चल रहा संशय आपको थोड़ा उलझन में डाल सकता है। कोई महत्वपूर्ण डील आखिरी समय में अटक सकती है, इसलिए धैर्य बनाए रखें। कार्यक्षेत्र में कुछ लोग तनाव बढ़ा सकते हैं। नई नौकरी के अवसर आपकी जिंदगी में नई उम्मीद लेकर आ सकते हैं। जीवनसाथी के साथ बहस से बचें और सेहत का खास ध्यान रखें।

### कन्या
आज सतर्कता ही आपकी सबसे बड़ी ताकत होगी। विरोधी आपको परेशान करने की कोशिश कर सकते हैं, लेकिन समझदारी से आप हर स्थिति संभाल लेंगे। मन की कोई बड़ी इच्छा पूरी होने के संकेत हैं। आय बढ़ाने का नया मौका हाथ लग सकता है।

### मकर
आज परिवार और सेहत दोनों पर खास ध्यान देने की जरूरत है। जीवनसाथी के साथ छोटी नोकझोंक हो सकती है, लेकिन प्यार से बात करेंगे तो रिश्ता और मजबूत होगा। बिजनेस में आपकी मेहनत रंग लाएगी और बड़े ऑर्डर मिलने के योग बन रहे हैं। वाहन चलाते समय सावधानी बेहद जरूरी रहेगी। खर्चों को कंट्रोल में रखना आपके लिए फायदेमंद रहेगा।

### कुंभ
आज आपका प्रभाव और सम्मान दोनों बढ़ते नजर आएंगे। घर में किसी शुभ या मांगलिक कार्यक्रम से खुशियों का माहौल बनेगा। सरकारी कामों में प्रगति मिलने की संभावना है। दूर रहने वाले किसी प्रियजन की याद मन को भावुक कर सकती है। संतान के करियर को लेकर लिया गया फैसला भविष्य में बड़ा बदलाव ला सकता है। दोस्तों के साथ पार्टी या घूमने-फिरने की योजना दिन को और मजेदार बना सकती है।

### मीन
आज मन किसी बात को लेकर थोड़ा बेचैन रह सकता है, लेकिन आपकी मेहनत आर्थिक स्थिति को मजबूत करने में मदद करेगी। पैसों से जुड़ी बातें किसी से शेयर करने से बचें। शेयर मार्केट में सोच-समझकर कदम बढ़ाना फायदेमंद रहेगा। कोई करीबी अचानक मिलने आ सकता है, जिससे पुरानी यादें ताजा होंगी।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा सोमांक प्रिंटर्स, बी-17 और बी-18 (भाग), ग्रोथ सेंटर जसोइया, औरंगाबाद, बिहार - 824101 में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, समाचार संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/03009



### कोहली ने पाकिस्तानी खिलाड़ी साहिबजादा फरहान समेत 4 बैटर का यह रिकॉर्ड तोड़ा

# ध्वस्त किया गेल का वर्ल्ड रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** विराट कोहली ने आईपीएल 2026 के 57वें मैच में केकेआर के खिलाफ गजब की पारी खेली और शतक (नाबाद 105 रन) लगाया।

केकेआर के खिलाफ पहले दो मैचों में डक पर आउट होने वाले कोहली ने क्या गजब की वापसी की और अपने आईपीएल करियर का 9वां शतक लगा दिया। यही नहीं ये कोहली को टी20 क्रिकेट करियर का 10वां शतक भी रहा। कोहली ने इस शतकीय पारी के दम पर पाकिस्तानी खिलाड़ी साहिबजादा फरहान समेत 4 बैटर्स का यह रिकॉर्ड तोड़ा जबकि क्रिस गेल के वर्ल्ड रिकॉर्ड को भी ध्वस्त कर दिया।

### टी20 क्रिकेट में 14,000 रन भी पूरे किए

कोहली ने केकेआर के खिलाफ अपनी नाबाद 105 रन की पारी के दौरान टी20 क्रिकेट में 14,000 रन भी पूरे किए। वो अब टी20 प्रारूप में सबसे कम पारियों में 14 हजार रन बनाने वाले बैटर बने। उन्होंने क्रिस गेल का रिकॉर्ड तोड़ दिया। गेल ने ये कमाल 423 पारियों में किया था जबकि कोहली ने ऐसा सिर्फ 409 पारियों में किया।

### कोहली ने डेविड वॉर्नर की बराबरी कर ली जिन्होंने टी20 में 10 शतक लगाए थे

कोहली ने केकेआर के खिलाफ जो शतक लगाया ये उनके टी20 करियर का 10वां शतक रहा। उन्होंने साहिबजादा फरहान, अभिषेक शर्मा, क्विंटन डिकॉक और रिली रोसो को पीछे छोड़ दिया जिन्होंने टी20 क्रिकेट में अब तक 9-9 शतक लगाए हैं। कोहली ने डेविड वॉर्नर की बराबरी कर ली जिन्होंने टी20 में 10 शतक लगाए थे और इस प्रारूप में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में वॉर्नर के साथ संयुक्त रूप से तीसरे नंबर पर आ गए।

### सबसे कम पारियों में 14 हजार रन

- 409 पारी - विराट कोहली
- 431 पारी - डेविड वॉर्नर
- 505 पारी - एलेक्स हेल्स
- 423 पारी - क्रिस गेल
- 468 पारी - जोस बटलर
- 633 पारी - कीरोन पोलार्ड

### कोहली ने रोहित की कर ली बराबरी

केकेआर के खिलाफ नाबाद 105 रन की पारी खेलने वाले कोहली को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। आईपीएल में ये उनका 21वां प्लेयर ऑफ द मैच खिताब रहा और उन्होंने रोहित शर्मा की बराबरी कर ली। इस लीग में वो अब रोहित के साथ सबसे ज्यादा बार ये खिताब जीतने वाले भारतीय खिलाड़ियों की लिस्ट में पहले नंबर पर आ गए। दूसरे नंबर पर एमएस धोनी हैं।

### सबसे ज्यादा बार प्लेयर ऑफ द मैच खिताब जीतने वाले भारतीय

21 - विराट कोहली
21 - रोहित शर्मा
18 - एमएस धोनी
17 - रवींद्र जडेजा
17 - केएल राहुल
16 - यूसुफ पठान



### आईपीएल में 9वें शतक के साथ विराट कोहली ने लगाई रिकॉर्ड्स की झड़ी

आईपीएल 2026 के 57वें मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को 6 विकेट से हराया। आरसीबी की इस जीत के नायक विराट कोहली रहे, जिन्होंने 105 रनों की नाबाद पारी खेली। कोहली ने अपनी इस शतकीय पारी के साथ रिकॉर्ड्स की झड़ी लगाई। कोहली ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 60 गेंदों की अपनी पारी में 175 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 11 चौके और 3 छक्के लगाए। उन्होंने देवदत्त पडिक्कल के साथ मिलकर दूसरे विकेट के लिए 59 गेंदों में 92 रनों की अहम साझेदारी निभाई। आईपीएल में यह कोहली का 9वां शतक है। विराट ने केकेआर के खिलाफ यह आईपीएल में दूसरा शतक लगाया।



कोहली ने इस लीग में एक टीम के खिलाफ सर्वाधिक शतक लगाने के मामले में जोस बटलर की बराबरी कर ली है। बटलर ने केकेआर और आरसीबी के खिलाफ दो-दो शतक लगाए हैं। आईपीएल में रनों का पीछा करते हुए विराट कोहली संयुक्त रूप से सर्वाधिक शतक लगाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। चेज करते हुए विराट ने यह तीसरा शतक लगाया। कोहली के अलावा यह कारनामा सिर्फ जोस बटलर ही कर सके हैं। विराट टी20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में संयुक्त रूप से तीसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। कोहली के बल्ले से टी20 क्रिकेट में यह 10वां शतक निकला। विराट आईपीएल में सर्वाधिक शतक लगाने वाले बल्लेबाज हैं।

## महिला टी-20 वर्ल्ड कप का वॉर्म-अप शेड्यूल जारी

### कार्डिफ में इंग्लैंड और वेस्टइंडीज से भिड़ेगी टीम इंडिया, 6 जून से शुरू होंगे अभ्यास मैच




**नईदिल्ली (एजेंसी)।** आईसीसी ने महिला टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के वॉर्म-अप मैचों का शेड्यूल जारी कर दिया है। मुख्य टूर्नामेंट से पहले सभी 12 टीमें 6 से 10 जून के बीच अभ्यास मैच खेलेंगी। भारतीय महिला टीम अपने दोनों वॉर्म-अप मैच कार्डिफ में खेलेगी। टीम इंडिया का सामना इंग्लैंड और वेस्टइंडीज से होगा। टूर्नामेंट 12 जून से एजबेस्टन में शुरू होगा। भारत अपना पहला ग्रुप मैच 14 जून को पाकिस्तान के खिलाफ खेलेगा। टीम इंडिया 8 जून को वेस्टइंडीज और 10 जून को इंग्लैंड से भिड़ेगी भारतीय महिला टीम के लिए ये वॉर्म-अप मैच अहम होंगे। भारत 8 जून को वेस्टइंडीज के खिलाफ पहला अभ्यास मैच खेलेगा।इसके बाद 10 जून को टीम इंडिया का सामना मेजबान इंग्लैंड से होगा। दोनों मैच कार्डिफ में खेले जाएंगे। भारतीय खिलाड़ियों के पास इंग्लैंड की परिस्थितियों और पिचों को समझने का अच्छा मौका होगा।

**कार्डिफ, डर्बी और लॉफबरो में खेले जाएंगे 12 मैच–** आईसीसी ने अभ्यास मैचों के लिए इंग्लैंड के डर्बी, लॉफबरो और कार्डिफ को चुना है। 6 जून से शुरू होने वाले वॉर्म-अप मैचों के पहले दिन आठ टीमें मैदान पर उतरेंगी।

## 36 साल के मनीष पांडे ने पकड़ा हैरतअंगेज कैच

- **विराट कोहली ने खास अंदाज में की सराहना**

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 के 57वें मैच में आरसीबी और केकेआर के बीच रोमांचक भिड़ंत देखने को मिली। इस मैच में 36 वर्षीय मनीष पांडे ने पॉइंट पर टिम डेविड का ऐसा हैरतअंगेज कैच पकड़ा जिसे देख हर कोई हैरान था। गेंदबाज को खुद भरोसा नहीं था कि ऐसा कैच हो गया। बल्लेबाज, डगआउट में बैठे खिलाड़ी और नॉन स्ट्राइकिंग एंड पर खड़े विराट कोहली भी इस कैच से हैरान थे। विराट ने खास अंदाज में इसकी सराहना भी की।

यह वाकिया था आरसीबी की पारी के 18वें ओवर का जब गेंदबाजी कार्तिक शर्मा कर रहे थे और टिम डेविड






बल्लेबाज थे। डेविड ने कट करने का प्रयास किया और पॉइंट पर खड़े मनीष पांडे ने अपनी बाईं ओर किसी पक्षी की तरह उड़ते हुए छलांग लगाई और एक हाथ से हैरतअंगेज कैच पकड़ लिया। इसके बाद रिप्ले में दिखाया गया कि विराट कोहली ने खास अंदाज में उन्हें सराहा। विराट कोहली और मनीष पांडे कुछ चुनिंदा खिलाड़ियों में से हैं जो 2008 से लगातार आईपीएल का हिस्सा हैं। यही कारण है कि दोनों की दोस्ती और आपस में सम्मान का नजारा इस मैच में देखने को मिला। मनीष के शानदार कैच के बाद विराट कोहली ने उन्हें सराहा और हाथ मिलाते हुए औपचारिक तौर पर गले भी लगाया। सोशल मीडिया पर आग की तरह मनीष के कैच का वीडियो फैल गया और लोगों ने जमकर तारीफ की।

**आरसीबी बनी नंबर एक टीम–** इस मैच में आरसीबी ने केकेआर को 6 विकेट से हराकर अंकतालिका में नंबर 1 पोजिशन पर कब्जा किया और प्लेऑफ की दावेदारी को मजबूत कर लिया।

### इटेलियन ओपन

## लुसियानो डार्डेरी ने राफेल को हराकर सेमीफाइनल में बनाई जगह

**रोम (एजेंसी)।** Luciano Darderi ने इटेलियन ओपन में शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में जगह बना ली है। रोम में खेले गए देर रात के रोमांचक क्वार्टरफाइनल मुकाबले में डार्डेरी ने युवा स्पेनिश खिलाड़ी Rafael Jodar को 7-6(5), 5-7, 6-0 से हराया। करीब तीन घंटे आठ मिनट तक चले इस मुकाबले में कई उतार-चढ़ाव देखने को मिले। मैच रात 2:02 बजे खत्म हुआ। इस जीत के साथ 24 वर्षीय डार्डेरी ओपन एरा में रोम के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले आठवें इतालवी खिलाड़ी बन गए।



**सेमीफाइनल में कैस्पर रूड से भिड़ेंगे –** अब डार्डेरी का सामना सेमीफाइनल में Casper Ruud से होगा। मैच जीतने के बाद डार्डेरी ने कहा, 'मुझे लगता है कि यह मेरे करियर की सबसे बेहतरीन जीत है। रोम की भीड़ और यहां का माहौल शानदार था। पहली बार यहां सेमीफाइनल में पहुंचना किसी सपने जैसा है।' उन्होंने युवा खिलाड़ी जोडार की भी तारीफ करते हुए कहा, 'राफा कमाल के खिलाड़ी हैं। वह सिर्फ 19 साल के हैं और उन्होंने शानदार टेनिस खेला। दूसरे सेट में उन्होंने जबरदस्त वापसी की, लेकिन मैं लगातार लड़ता रहा।'

### पहले सेट में डार्डेरी का दबदबा

मुकाबले की शुरुआत से ही डार्डेरी आक्रामक नजर आए और उन्होंने जल्दी 3-1 की बढ़त बना ली। हालांकि जोडार ने शानदार वापसी करते हुए बेसलाइन से दमदार शॉट लगाए और मुकाबले को बराबरी पर ला दिया। पहले सेट के दौरान कोपा इटालिया फुटबॉल फाइनल के कारण स्टेडियम के पास धुआं फैल गया, जिसकी वजह से मैच कुछ समय के लिए रोकना पड़ा। खेल दोबारा शुरू होने के बाद डार्डेरी ने शानदार खेल दिखाया और टाईब्रेक में पहला सेट अपने नाम कर लिया।

## भारत के खिलाफ खेला आखिरी टेस्ट, इंग्लैंड के स्टार ऑलराउंडर डॉसन ने अचानक लिया संन्यास

**लंदन (एजेंसी)।** डॉसन ने फर्स्ट-क्लास क्रिकेट से तत्काल प्रभाव से संन्यास लेने का ऐलान कर दिया है। इंग्लैंड के अनुभवी ऑलराउंडर ने यह फैसला अपने व्हाइट-बॉल करियर को लंबा करने के लिए लिया। डॉसन ने आखिरी बार 2025 में भारत के खिलाफ एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के दौरान टेस्ट क्रिकेट खेला था। इंग्लैंड द्वारा न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज के लिए टीम घोषित किए जाने के दिन ही डॉसन ने रेड-बॉल क्रिकेट छोड़ने का फैसला सुनाया।

**'यह फैसला आसान नहीं था'** – 36 वर्षीय डॉसन ने बयान जारी कर कहा, 'मैंने फर्स्ट-क्लास क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला किया है। यह आसान फैसला नहीं था, लेकिन मुझे लगता है कि अपने व्हाइट-बॉल करियर को लंबा करने के लिए यही सही समय है।' उन्होंने आगे कहा, 'हैम्पशायर के लिए 200 से ज्यादा मैच खेलना मेरे लिए गर्व की बात है। इतने सालों में खिलाड़ियों के साथ कई शानदार यादें जुड़ी हैं। मैं अब भी हैम्पशायर के लिए व्हाइट-बॉल क्रिकेट खेलने और टीम की सफलता में योगदान देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हूं।'

**फैंस को कहा धन्यवाद** – डॉसन ने अपने प्रशंसकों और क्लब सदस्यों का भी आभार जताया। 'सालों से मुझे समर्थन देने वाले सभी फैंस और सदस्यों का मैं दिल से धन्यवाद करता हूं। हैम्पशायर हमेशा मेरा घर रहेगा और मैं जल्द ही यूटिलिटा बाउल में फिर




खेलते हुए नजर आऊंगा।'

**टेस्ट करियर रहा छोटा** – इंग्लैड क्रिकेट टीम के लिए लियाम डॉसन ने 2016 में टेस्ट डेब्यू किया था, लेकिन एक दशक लंबे करियर में उन्हें सिर्फ चार टेस्ट मैच खेलने का मौका मिला। उन्होंने चार टेस्ट में 54.75 की औसत से 8 विकेट लिए, जिसमें एक पारी में चार विकेट शामिल रहे। बल्लेबाजी में उन्होंने 7 पारियों में 110 रन बनाए, जिसमें नाबाद 66 रन की पारी भी शामिल है।

**हैम्पशायर के दिग्गज खिलाड़ियों में शामिल** – हालांकि फर्स्ट-क्लास क्रिकेट में डॉसन का रिकॉर्ड बेहद शानदार रहा। हैम्पशायर काउंटी क्रिकेट क्लब के लिए वह इतिहास के तीसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले और चौथे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले खिलाड़ी हैं। 211 मैचों में उन्होंने 34.17 की औसत से 10,424 रन बनाए, जिसमें 17 शतक और 54 अर्धशतक शामिल हैं। वहीं बाएं हाथ के स्पिनर के तौर पर उन्होंने 32.36 की औसत से 361 विकेट झटके, जिसमें 14 बार पांच विकेट लेने का कारनामा शामिल रहा।

**हैम्पशायर क्रिकेट ने दी भावुक विदाई–** हैम्पशायर के क्रिकेट डायरेक्टर गिल्स व्हाइटस ने कहा, 'लियाम हैम्पशायर क्रिकेट के शानदार खिलाड़ी रहे हैं। इस काउंटी के लिए 200 से ज्यादा फर्स्ट-क्लास मैच खेलना उनकी मेहनत और गुणवत्ता को दिखाता है।' उन्होंने आगे कहा, 'उनकी कमी टीम में साफ महसूस होगी। आधुनिक दौर में वह हैम्पशायर के इकलौते खिलाड़ी हैं जिन्होंने क्लब के लिए 200 से ज्यादा फर्स्ट-क्लास मैच खेले, जो बेहद खास उपलब्धि है।'




## सीएसके को प्लेऑफ की रेस के बीच बड़ा झटका

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 के 57 मुकाबले हो चुके हैं और प्लेऑफ की रेस रोचक भी रोचक हो चुकी है। उसी बीच चेन्नई सुपर किंग्स जिसके लिए प्लेऑफ का समीकरण काफी दिलचस्प है उसे बड़ा झटका लगा है। टीम शुरू से ही इंजरी की समस्याओं से जूझ रही है। अब सीजन के अहम मोड़ पर टीम के धाकड़ खिलाड़ी जेमी ओवरटन जांघ में चोट के कारण अपने देश लौट गए हैं। ओवरटन ने इस सीजन चेन्नई के लिए बेहतरीन प्रदर्शन किया है। जेमी ओवरटन ने सीजन के 10 मैचों में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए 136 रन बनाए और 14 विकेट झटके हैं। ऐसे में जब प्लेऑफ के टिकट के लिए उठापटक जारी है, उस समय ओवरटन का टीम से बाहर होना, पांच बार की चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स के लिए किसी बड़े झटके से कम नहीं है। इससे पहले टीम खलील अहमद को भी बीच सीजन इंजरी के कारण गंवा चुकी हैं और इन फॉर्म युवा खिलाड़ी आयुष

# खिलाड़ियों का पैसा अफसरों की खेल सुविधाओं पर खर्च

### स्विमिंग पूल और टेनिस कोर्ट बनाए; ओलिंपिक मेडलिस्ट तैयार करने बना था एनएसडीएफ

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जिस पैसे से ओलिंपिक मेडल जीतने वाले खिलाड़ियों को ट्रेनिंग मिलनी थी, उससे दिल्ली के बड़े अधिकारी अपने रिहायशी इलाकों में स्विमिंग पूल और टेनिस कोर्ट चमका रहे हैं। यह खुलासा मीडिया की एक रिपोर्ट में हुआ है। इसके अनुसार नेशनल स्पोर्ट्स डेवलपमेंट फंड (एनएसडीएफ) का करोड़ों रुपया ब्यूरोक्रेट्स की सोसायटियों और क्लबों में डाइवर्ट किया गया। दावा है कि खेल फैसिलिटी के लिए आवंटित इस फंड का एक हिस्सा सिविल सेवा संस्थानों और नौकरशाहों की दिल्ली स्थिति कॉलोनियों के स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खर्च हुआ है। इतना ही नहीं, राजस्थान और



छत्तीसगढ़ की ऋस्र से जुड़ी 2 संस्थाओं और एशिया व कैरेबियाई क्षेत्र के कुछ छोटे क्रिकेट बोर्ड पर भी पैसा खर्च किया गया।

**एनएसडीएफ से टॉप्स जैसी स्कीम चलती हैं** – एनएसडीएफ भारत सरकार का विशेष फंड है, जिसका उद्देश्य खेलों को बढ़ावा देना और प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को फाइनेंशियल सपोर्ट देना है। इसकी स्थापना नवंबर 1998 में हुई थी। एनएसडीएफ से टारगेट ओलिंपिक पोडियम स्कीम जैसी स्कीम चलाई जाती हैं। एनएसडीएफ फंड का संचालन केंद्रीय खेल मंत्री की देखरेख में 12 मेंबर्स की काउंसिल करती है। हालांकि, अनुदान प्रस्तावों को मंजूरी खेल मंत्रालय की 6 अधिकारियों की कमेटी देती है। यानी उसी सिस्टम के लोग इन अनुदानों से लाभान्वित होते हैं।

**न्यू मोती बाग में टैम्परेचर-कंट्रोल्ड स्विमिंग पूल बना** – लुटियंस दिल्ली के न्यू मोती बाग जैसे पॉश इलाकों में एनएसडीएफ के पैसे से टैम्परेचर-कंट्रोल्ड स्विमिंग पूल और आलीशान टेनिस कोर्ट बनाए गए हैं। स्पोर्ट्स अथॉरिटी के डॉक्यूमेंट्स के मुताबिक 2021 से 2025 के बीच 6.7 करोड़ रुपए सेंक्शन किए गए। इनमें से 6.2 करोड़ सिविल सर्विस ऑफिसर्स इंस्टीट्यूट, सिविल सर्विसेस कल्चरल एंड स्पोर्ट्स बोर्ड और न्यू मोती बाग रेजिडेंशियल कॉम्प्लेक्स में खर्च हुए।

### 2019 में खेलो इंडिया योजना का 2.8 करोड़ खर्च हुआ था

रिकॉर्ड्स के मुताबिक, 2024 में ह्रस्ष्स्न अनुदान आवेदनों की जांच करने वाली 6 मेंबर्स की कमेटी के पास एक प्रस्ताव पहुंचा। यह प्रस्ताव कई सीनियर ब्यूरोक्रेट्स की रिहायशी कॉलोनी के लिए था। कॉलोनी दिल्ली के बीचोंबीच स्थित है, कड़ी सुरक्षा में रहती है और 100 एकड़ में फैली है। यह पहली बार नहीं था जब खिलाड़ियों का पैसा न्यू मोती बाग में खर्च हुआ हो। इससे पहले 31 जुलाई 2019 को साई ने खेलो इंडिया योजना के तहत न्यू मोती बाग कॉम्प्लेक्स में खेल सुविधाएं विकसित करने के लिए 2.8 करोड़ रुपए मंजूर किए थे।

## न्यूज बाइट्स

### आंधी-तूफान से डब्ल्यूपीयू भवन की छत उड़ी, कचरा प्रबंधन व्यवस्था पर संकट

**ओबरा (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** ओबरा प्रखंड की रतनपुर ग्राम पंचायत में बुधवार रात आए तेज आंधी-तूफान ने भारी नुकसान पहुंचाया। तेज हवाओं और बारिश के कारण पंचायत क्षेत्र में कचरा प्रबंधन के लिए निर्मित वेस्ट प्रोसेसिंग यूनिट (डब्ल्यूपीयू) भवन की छत पूरी तरह उड़ गई, जिससे भवन को गंभीर क्षति पहुंची है। जानकारी के अनुसार, देर रात अचानक मौसम बदल गया और तेज आंधी के साथ बारिश शुरू हो गई। हवाएं इतनी तेज थीं कि डब्ल्यूपीयू भवन की छत पर लगा पूरा करकट उड़कर दूर-दूर तक बिखर गया। घटना के समय भवन परिसर में कोई मौजूद नहीं था, जिससे बड़ा हादसा टल गया। पंचायत की मुखिया मंजू देवी ने बताया कि डब्ल्यूपीयू भवन का निर्माण पंचायत में स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत करने और कचरा प्रबंधन को व्यवस्थित ढंग से संचालित करने के उद्देश्य से किया गया था। इसी भवन के माध्यम से पंचायत क्षेत्र से निकलने वाले कचरे का निष्पादन किया जाता था। उन्होंने कहा कि आंधी-तूफान के कारण भवन को लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। मुखिया ने प्रखंड पंचायती राज विभाग से क्षति का जल्द आकलन कर मरम्मत कार्य शुरू कराने की मांग की है।

### पिकअप और बाइक की टक्कर, युवक और बच्ची हुई घायल

**ओबरा (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** ओबरा प्रखंड के कारामोड़ के समीप गुरुवार को एक सड़क दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार एक युवक और एक बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गए। पिकअप वाहन और मोटरसाइकिल की जोरदार टक्कर में तरार गांव निवासी सुमित कुमार (18 वर्ष) और अंजलि कुमारी (8 वर्ष) जख्मी हुए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर इतनी भीषण थी कि मोटरसाइकिल पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में सुमित कुमार की नाक गंभीर रूप से कट गई, जबकि बच्ची अंजलि कुमारी की दाहिनी जांघ बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घटना के बाद मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। स्थानीय मुन्ना कुमार और मनोज कुमार ने तुरंत दोनों घायलों को ओबरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।

बारात की खुशियां मातम में बदलीं, पिकअप ने बाइक में मारी टक्कर

# दूल्हे के पिता की सड़क हादसे में मौत मातम के माहौल में पूरी हुई शादी

निज संवाददाता | नवीनगर (औरंगाबाद)



जिले के नवीनगर थाना क्षेत्र में बुधवार की देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे ने शादी की खुशियों को मातम में बदल दिया। बेटे की बारात निकलने के कुछ ही देर बाद दूल्हे के पिता की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। एक तरफ बेटा शादी की रस्में निभा रहा था, तो दूसरी तरफ पिता जिंदगी और मौत से जूझ रहे थे। बाद में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव और परिवार में शोक की लहर दौड़ गई। मृतक की पहचान नवीनगर थाना क्षेत्र के बारा गांव निवासी 45 वर्षीय जीतन राम के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, उनके पुत्र योगेंद्र कुमार की बारात कुटुंबा थाना क्षेत्र के चपरा गांव जा रही थी। घर में शादी का उत्सव था, परिजन और रिश्तेदार बारात की तैयारियों में जुटे थे। देर रात बारात गांव से रवाना हुई। इसी दौरान जीतन राम अपने भाई संतन कुमार के साथ बाइक से बारात के पीछे-पीछे जा रहे थे।

बताया जाता है कि जब वे तामसी गेट के पास पहुंचे, तभी एक तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि जीतन राम गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े, जबकि उनके भाई को भी चोटें आईं। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। पीछे आ रहे बाराती और स्थानीय लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और दोनों घायलों को इलाज के लिए रेफरल अस्पताल कुटुंबा पहुंचाया। रेफरल अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने जीतन राम की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें सदर अस्पताल रेफर कर दिया। परिजनों का आरोप है कि सदर अस्पताल में भी उन्हें समय पर समुचित इलाज नहीं मिल सका। हालत बिगड़ने पर डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए गया रेफर कर दिया, लेकिन गया ले जाने के दौरान रास्ते में ही जीतन राम ने दम तोड़ दिया। इधर, पिता की मौत की सूचना मिलते ही शादी वाले घर में कोहराम मच गया। जिस घर में कुछ घंटे पहले तक शादी की खुशियां और बैंड-बाजे की आवाज गूंज रही थी, वहां अचानक मातम छा गया। परिजन दहाड़ मारकर रोने लगे। गांव के लोगों ने बताया कि सामाजिक और पारिवारिक परिस्थितियों को देखते हुए देर रात किसी तरह शादी की रस्में पूरी कराई गईं। दूल्हा भारी मन से शादी की रस्में निभाता रहा। शादी के बाद दुल्हन की विदाई भी हुई, लेकिन जब नई नवेली बहू ससुराल पहुंची तो वहां स्वागत की खुशियां नहीं, बल्कि शोक का माहौल था।

गुरुवार को पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पोस्टमार्टम के बाद शव को अंतिम संस्कार के लिए बारा गांव लाया जा रहा था। इसी दौरान आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने तामसी मोड़ के पास शव वाहन रोककर सड़क जाम कर दिया। परिजन मुआवजे की मांग को लेकर प्रदर्शन करने लगे। सड़क जाम होने से कुछ देर तक आवागमन प्रभावित रहा। घटना की सूचना मिलने पर कुटुंबा थाना अध्यक्ष इमरान आलम पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाने-बुझाने का प्रयास किया। पुलिस अधिकारियों ने परिजनों को उचित कार्रवाई और सरकारी सहायता दिलाने का आश्वासन दिया। मृतक के बेटे उपेंद्र कुमार ने अस्पताल प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि यदि समय पर बेहतर इलाज मिलता तो शायद उनके पिता की जान बच सकती थी। उन्होंने मामले की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

## औरंगाबाद शहर को मिलेगा नया और आधुनिक स्वरूप सौंदर्यीकरण व यातायात सुधार कार्यों की समीक्षा

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



शहर को अधिक स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित बनाने की दिशा में जिला प्रशासन लगातार कार्य कर रहा है। इसी क्रम में जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने गुरुवार को शहर में चल रहे सौंदर्यीकरण, स्वच्छता और यातायात व्यवस्था से जुड़े विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा की। बैठक में शहर को आधुनिक और आकर्षक स्वरूप देने के लिए चल रही योजनाओं की प्रगति का जायजा लिया गया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में शहर की यातायात व्यवस्था को बेहतर और सुचारू बनाने के उद्देश्य से छह प्रमुख स्थानों पर आधुनिक ट्रैफिक लाइट लगाने के कार्य की समीक्षा की गई। प्रशासन का मानना है कि ट्रैफिक लाइट लगने से सड़क सुरक्षा मजबूत होगी और बढ़ते यातायात दबाव को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी। इसके अलावा रमेश चौक सब्जी मंडी के समीप आयरन फेंसिंग लगाने का कार्य भी कराया जा रहा है। इसका उद्देश्य अतिक्रमण पर नियंत्रण करना और सड़क पर यातायात व्यवस्था को अधिक सुगम बनाना है। शहर के विभिन्न डिवाइडरों और प्रमुख गोलंबरों के सौंदर्यीकरण पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। प्रशासन की योजना के तहत आकर्षक पौधारोपण, रंग-रोगन और आधुनिक डिजाइनिंग के माध्यम से शहर को नया और बेहतर स्वरूप दिया जाएगा।

स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए ठोस अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली को भी सुदृढ़ किया जा रहा है। बैठक में ट्रांसफर स्टेशन निर्माण कार्य की समीक्षा की गई, जिससे कचरा निष्पादन की प्रक्रिया अधिक प्रभावी और व्यवस्थित बनाई जा सके। जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने सभी संबंधित अधिकारियों और कार्य एजेंसियों को निर्देश दिया कि सभी विकास कार्यों को निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि "स्वच्छ, सुंदर, सुरक्षित और व्यवस्थित औरंगाबाद" का निर्माण जिला प्रशासन की प्राथमिकता है और इसके लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

## सड़क हादसे में मजदूर की मौत, ट्रैक्टर ट्रॉली नहर में पलटी

**गोह (औरंगारबाद)(नि.सं.)।** औरंगाबाद जिले के गोह थाना क्षेत्र में गुरुवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक मजदूर की मौत हो गई, जबकि एक अन्य मजदूर घायल हो गया। घटना मलहद-दरधा मुख्य पथ पर सोसुना मोड़ के पास करीब डेढ़ बजे हुई। हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और मृतक के परिवार में मातम छा गया। नकारी के अनुसार, गोह थाना क्षेत्र के डिहुरी गांव से कुछ मजदूर टेंट हाउस का सामान खाली कर ट्रैक्टर से अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान सोसुना मोड़ के पास अचानक ट्रैक्टर चालक का संतुलन बिगड़ गया। संतुलन बिगड़ते ही ट्रैक्टर की ट्रॉली सड़क किनारे नहर में पलट गई, जिससे उसमें सवार मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में मलहद गांव निवासी 45 वर्षीय राजेश पासवान की मौके पर ही मौत हो गई। वह मानकी पासवान के पुत्र थे। वहीं उनके साथ मौजूद गांव के ही योगेंद्र दास घायल हो गए, जिन्हें मामूली चोटें आई हैं। घटना के बाद आसपास मौजूद ग्रामीण मौके पर पहुंचे और घायलों को तत्काल इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। अस्पताल में चिकित्सकों ने जांच के बाद राजेश पासवान को मृत घोषित कर दिया।

## जनगणना 2027 : जिलाधिकारी आवास का हुआ मकान सूचीकरण



एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

जनगणना 2027 के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं आवास गणना कार्य के तहत गुरूवार को औरंगाबाद की जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा के सरकारी आवास का मकान सूचीकरण कार्य संपन्न किया गया। इस दौरान प्रगणक द्वारा जिला पदाधिकारी के स्व-गणना आईडी के आधार पर निर्धारित प्रपत्र में आवश्यक जानकारियां दर्ज की गईं। इस मौके पर जिला पदाधिकारी ने कहा कि जनगणना राष्ट्र निर्माण की एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। उन्होंने कहा कि सटीक आंकड़े विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने आम लोगों से अपील करते हुए कहा कि सभी नागरिक जनगणना कार्य में सहयोग करें और सही एवं पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराएं। कार्यक्रम के दौरान जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी श्वेता प्रियदर्शी, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी सुशील कुमार, नगर परिषद औरंगाबाद के सहायक चार्ज अधिकारी सहित प्रगणक योगेंद्र कुमार पाल एवं सुपरवाइजर अंजना कुमारी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि जनगणना 2027 के तहत मकान सूचीकरण कार्य में औरंगाबाद जिला पूरे बिहार में बेहतर प्रदर्शन कर रहा है। वर्तमान में जिला राज्य स्तर पर तीसरे स्थान पर है। अब तक कुल 5189 एचएलबी (एचएलबी) में से 745 एचएलबी को पूर्ण किया जा चुका है।

## औरंगाबाद सांसद की गाड़ी विवाद पर सियासत तेज जदयू विधायक प्रमोद सिंह ने प्रशासन को घेरा

- अभय कुशवाहा पर अपने ही वोटरों की नाराजगी बढ़ी : प्रमोद कुमार सिंह

निज संवाददाता | रफीगंज (औरंगाबाद)



रफीगंज के जदयू विधायक प्रमोद कुमार सिंह ने औरंगाबाद सांसद अभय कुशवाहा की गाड़ी पर कथित हमले के मामले को लेकर जिला प्रशासन और पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। प्रेस विज्ञप्ति जारी कर विधायक ने कहा कि मंगलवार की रात हुई घटना और उसके बाद पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई कई संदेह उत्पन्न करती है। उन्होंने कहा कि प्रथमदृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि पुलिस ने निष्पक्ष कार्रवाई करने के बजाय सांसद के दबाव में कदम उठाया। विधायक के अनुसार जिस मामले में थाने स्तर पर ही समाधान संभव था, उसमें सांसद ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए पुलिस अधीक्षक और जिलाधिकारी पर दबाव बनाया। इससे न केवल औरंगाबाद पुलिस की साख को ठेस पहुंची है, बल्कि सरकार की पारदर्शी कार्यशैली भी कटघरे में खड़ी हो गई है। प्रमोद कुमार सिंह ने आरोप लगाया कि पुलिस स्वयं इस बात को स्वीकार कर रही है कि गाड़ी को आगे-पीछे करने को लेकर विवाद उत्पन्न हुआ था। ऐसे में सवाल यह उठता है कि जिस व्यक्ति को अभियुक्त बनाया गया, वह किस सामाजिक वर्ग से आता है। विधायक ने कहा कि यही वह वर्ग है जिसके समर्थन से सांसद चुनाव जीतने में सफल हुए थे, लेकिन अब उनके अपने कोर वोटर ही उनसे नाराज दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि सांसद की कार्यशैली से आम समर्थकों में असंतोष बढ़ा है और यही कारण है कि सांसद अब "दूसरा ठिकाना" तलाशने की कोशिश कर रहे हैं। विधायक ने सांसद के उस बयान को भी "हास्यास्पद" बताया, जिसमें उन्होंने इस घटना को अपनी हत्या की साजिश से जोड़ने की आशंका जताई थी। जदयू विधायक ने जिला प्रशासन से यह भी सवाल किया कि जब सांसद क्षेत्र में मौजूद नहीं थे, तब उनकी गाड़ी पर सांसद का बोर्ड लगाकर कोई अन्य व्यक्ति खुलेआम कैसे घूम रहा था। उन्होंने इसे संविधान के अनुच्छेद-18 की भावना के विरुद्ध बताते हुए कहा कि यदि इस प्रकार कोई भी व्यक्ति सांसद, विधायक, डीएम, एसपी या अन्य प्रशासनिक अधिकारियों का बोर्ड लगाकर घूमे, तो वह किसी भी आपराधिक घटना को अंजाम दे सकता है।

विधायक ने आरोप लगाया कि अधिकारियों ने सांसद से मेल-मिलाप के कारण गंभीर चूक की है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि इस पूरे मामले को शीघ्र ही मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री के समक्ष रखा जाएगा तथा जरूरत पड़ने पर सदन में भी उठाया जाएगा।

## एनडीपीएस केस में इस्तेखार आलम दोषी करार, 18 मई को होगी सजा पर सुनवाई



एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

औरंगाबाद व्यवहार न्यायालय के एडीजे-4 अमोदित सिंह की अदालत ने नरारी कला खुर्द थाना कांड संख्या-27/23 में अभियुक्त इस्तेखार आलम को एनडीपीएस एक्ट की धारा 22(सी) के तहत दोषी करार दिया है। अदालत ने दोषसिद्धि का फैसला सुनाते हुए मामले में सजा के बिंदु पर अगली सुनवाई की तिथि 18 मई 2026 निर्धारित की है। विशेष लोक अभियोजक परवेज अख्तर ने बताया कि मामला 5 मई 2023 का है। तत्कालीन थाना प्रभारी वीरेंद्र सिंह को गुप्त सूचना मिली थी कि शहनवाज बिगहा निवासी इस्तेखार आलम अपने घर में मादक पदार्थों का कारोबार कर रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने सशस्त्र बल के साथ घर की घेराबंदी कर छापेमारी की।

तलाशी के दौरान पुलिस ने 10 किलो 100 ग्राम अफीम, 3 किलो 500 ग्राम डोडा तथा 1 लाख 20 हजार रुपये नगद बरामद किए थे। इसके अलावा एक मोबाइल फोन भी जब्त किया गया था। छापेमारी के दौरान सीओ उदय प्रताप उपाध्याय की मौजूदगी में इस्तेखार आलम को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया था। अभियुक्त घटना के दिन से ही जेल में बंद है। मामले के विचारण के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से कुल आठ गवाहों को अदालत में प्रस्तुत किया गया। वहीं बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता इस्तियाक अंसारी ने पैरवी की। अभियुक्त ने भी अदालत में अपना पक्ष रखा।

बी. फार्मा छात्रों की समस्या लेकर पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह से मिले छात्र

## जिला मुख्यालय में परीक्षा केंद्र बनाने की मांग

- पूर्व सांसद ने स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव से दूरभाष पर बात की।
- छात्रों ने कहा कि परीक्षा के लिए दूसरे स्थानों पर जाने में परेशानी होती है।

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



भाजपा के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह के आवासीय कार्यालय सिंह कोठी पर जिले के बी. फार्मा में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं का एक समूह अपनी समस्या को लेकर पहुंचा। इस दौरान छात्रों ने पूर्व सांसद को बताया कि परीक्षा देने के लिए उन्हें दूसरे जिलों या दूरस्थ स्थानों पर जाना पड़ता है, जिससे काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। छात्रों ने मांग की कि बी. फार्मा का परीक्षा केंद्र जिला मुख्यालय औरंगाबाद में ही निर्धारित किया जाए, ताकि उन्हें सुविधा मिल सके। छात्रों की समस्याओं को गंभीरता से सुनने के बाद पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने बिहार स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव से दूरभाष पर बातचीत की और छात्रों की समस्याओं से अवगत कराया। पूर्व सांसद ने बताया कि प्रधान सचिव के साथ उनकी सकारात्मक और सार्थक बातचीत हुई है। उन्होंने कहा कि प्रधान सचिव ने छात्र-छात्राओं के हितों को ध्यान में रखते हुए हरसंभव प्रयास करने का आश्वासन दिया है।

पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने कहा कि छात्रों की सुविधा और भविष्य को ध्यान में रखते हुए परीक्षा केंद्र जिला मुख्यालय में होना आवश्यक है, ताकि विद्यार्थियों को अनावश्यक परेशानी और अतिरिक्त खर्च का सामना न करना पड़े।

बताया जाता है कि पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह अपने आवासीय कार्यालय सिंह कोठी पर नियमित रूप से जनता दरबार लगाकर लोगों की समस्याएं सुनते हैं। लोकसभा क्षेत्र सहित विभिन्न जिलों से आने वाले लोग अपनी निजी एवं सार्वजनिक समस्याएं लेकर उनसे मिलते हैं। पूर्व सांसद संबंधित विभागों के अधिकारियों से बातचीत कर समस्याओं के समाधान का प्रयास करते हैं। इस मौके पर पूर्व सांसद ने कहा कि जनता की सेवा करना उनका परम कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि परिस्थिति चाहे जैसी भी हो, वह हमेशा लोगों के बीच रहकर जनसेवा करते रहेंगे।

कामा बीघा की आस्था राज बनी डीएवी की साइंस टॉपर

## 91.8% अंक लाकर बढ़ाया जिले का गौरव

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



जिले के कामा बीघा निवासी कमल कुमार और मीनू देवी की पुत्री आस्था राज ने सीबीएसई 12वीं परीक्षा में शानदार सफलता हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है। आस्था ने डीएवी पब्लिक स्कूल, दयानंद विहार, औरंगाबाद से साइंस स्ट्रीम में 91.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल टॉपर बनने का गौरव हासिल किया है। साधारण परिवार से आने वाली आस्था के पिता कमल कुमार एक व्यवसाई हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद आस्था ने मेहनत, अनुशासन और नियमित अध्ययन के दम पर यह उपलब्धि हासिल की। उन्होंने प्रतिदिन 6 से 7 घंटे तक पढ़ाई कर अपनी सफलता की मजबूत नींव तैयार की। आस्था का सपना मेडिकल क्षेत्र में जाकर समाज सेवा करने का है।

रिजल्ट घोषित होते ही कामा बीघा गांव और स्कूल में खुशी का माहौल बन गया। ग्रामीणों, शुभचिंतकों और शिक्षकों ने आस्था के घर पहुंचकर उन्हें और उनके परिवार को बधाई दी। स्कूल प्राचार्य ने आस्था की सफलता की सराहना करते हुए कहा कि यह उपलब्धि साबित करती है कि प्रतिभा कभी संसाधनों की मोहताज नहीं होती। अपनी सफलता पर आस्था राज ने कहा कि यह उपलब्धि उनके माता-पिता और गुरुजनों के मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने अन्य विद्यार्थियों को संदेश देते हुए कहा कि पढ़ाई में निरंतरता और सेल्फ स्टडी सबसे महत्वपूर्ण होती है। असफलता से घबराने के बजाय लगातार मेहनत करते रहना चाहिए।

## आम उपभोक्ताओं को बेहतर गैस आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन सख्त, समीक्षा बैठक आयोजित

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



औरंगाबाद में एलपीजी गैस आपूर्ति और पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) कार्यों में आ रही समस्याओं को लेकर जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। गुरुवार को जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में एलपीजी गैस आपूर्ति एवं पीएनजी कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में गैस आपूर्ति की स्थिति, लंबित रिफिल बुकिंग और पीएनजी कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान बताया गया कि जिले में कुल 4 लाख 94 हजार 52 एलपीजी उपभोक्ता हैं। प्रतिदिन औसतन 6,951 सिलेंडरों की मांग रहती है, जबकि प्रतिदिन 6,782 सिलेंडरों की आपूर्ति की जा रही है। जिले में कुल 28,226 रिफिल बुकिंग लंबित हैं और औसतन चार दिन का बैकलॉग चल रहा है।

बैठक में बीपीसीएल से जुड़ी कई गैस एजेंसियों में गंभीर आपूर्ति समस्याएं सामने आईं। कुमार गैस एजेंसी, जम्होर में 658 बुकिंग लंबित पाई गईं, जहां 6.4 दिन का बैकलॉग है। वहीं प्रकाश भारत गैस एजेंसी, दाउदनगर में 2,230 लंबित बुकिंग और 5.6 दिन का बैकलॉग दर्ज किया गया। उर्मिला गैस एजेंसी में भी 3,310 बुकिंग लंबित हैं और 5.4 दिन का बैकलॉग पाया गया। इस स्थिति पर जिला पदाधिकारी ने नाराजगी जताते हुए अनुमंडल पदाधिकारी दाउदनगर और अनुमंडल पदाधिकारी सदर को नियमित निगरानी का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि आम उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की अनावश्यक परेशानी नहीं होनी चाहिए। साथ ही आवश्यकता पड़ने पर संबंधित मामलों में प्राथमिकी दर्ज करने का भी निर्देश दिया गया।

बैठक में पीएनजी कार्यों की धीमी प्रगति पर भी जिला पदाधिकारी ने गहरी नाराजगी व्यक्त की। समीक्षा में बताया गया कि जिले में अब तक 4,102 पीएनजी निबंधन हुए हैं, जिनमें से केवल 1,693 मामलों में कार्य प्रारंभ हो पाया है, जबकि 2,409 मामले अभी लंबित हैं। इसके अलावा 314 मीटर स्थापित किए जा चुके हैं, जबकि 493 मीटर स्थापना लंबित हैं। 583 उपभोक्ताओं ने अब तक सुरक्षा राशि जमा नहीं की है। वहीं 127 मामलों में दस्तावेज त्रुटिपूर्ण पाए गए और 892 मामलों में सत्यापन एवं निरीक्षण लंबित है। जिला पदाधिकारी ने संबंधित एजेंसियों और अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित किया जाए और आम नागरिकों को बेहतर एवं सुगम गैस सुविधा उपलब्ध कराई जाए। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी सदर संतन कुमार सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी अमित राजन, जिला आपूर्ति पदाधिकारी श्वेतांक लाल तथा विभिन्न गैस एजेंसियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## नीट पेपर लीक के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन, प्रधानमंत्री का फूंका पुतला



एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

औरंगाबाद में गुरुवार को नीट परीक्षा में कथित पेपर लीक और परीक्षा में धांधली के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। पूर्व विधायक सह कांग्रेस जिला अध्यक्ष आनंद शंकर सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन कर केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। कांग्रेस कार्यकर्ता अनुग्रह स्मारक के समीप एकत्रित हुए, जहां से उन्होंने पैदल मार्च निकाला। नारेबाजी करते हुए कार्यकर्ता रमेश चौक पहुंचे। इस दौरान "पेपर माफिया पर कार्रवाई करो", "युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ बंद करो", "नरेंद्र मोदी मुर्दाबाद" और "धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा दो" जैसे नारे लगाए गए। बाद में रमेश चौक पर प्रधानमंत्री का पुतला फूंका गया। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक आनंद शंकर सिंह ने आरोप लगाया कि भाजपा शासित राज्यों में लगातार पेपर लीक की घटनाएं सामने आ रही हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं के संरक्षण में परीक्षा से पहले प्रश्न पत्र लीक किए जा रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि नीट जैसी महत्वपूर्ण परीक्षा में धांधली से करीब 22 लाख छात्रों और उनके परिवारों का भविष्य प्रभावित हुआ है।

## जाखिम रेलवे स्टेशन के पास अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी

- पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की।
- मृतक की उम्र लगभग 60 वर्ष बताई जा रही है।
- खबर लिखे जाने तक शव की पहचान नहीं हो सकी।
- पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है।

निज संवाददाता | फेसर (औरंगाबाद)

जाखिम रेलवे स्टेशन के समीप एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। गुरुवार को स्थानीय लोगों ने रेलवे स्टेशन के पास शव पड़े होने की सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष शम्भू कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। मृतक की उम्र लगभग 60 वर्ष बताई जा रही है। हालांकि खबर लिखे जाने तक उसकी पहचान नहीं हो सकी थी। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर मृतक की शिनाख्त करने का प्रयास कर रही है। वहीं घटनास्थल की भी जांच की जा रही है, ताकि मौत के कारणों का पता लगाया जा सके।

आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा। फिलहाल मामले की जांच जारी है।

## 14 फुटबॉल खिलाड़ियों का एकलव्य सेंटर के लिए चयन, सम्मान समारोह आयोजित

निज संवाददाता | दाउदनगर(औरंगाबाद)



दाउदनगर की 14 फुटबॉल खिलाड़ियों का चयन बिहार सरकार द्वारा संचालित एकलव्य सेंटर समस्तीपुर और नरकटियागंज के लिए हुआ है। चयनित खिलाड़ी अंडर-14 वर्ग में प्रशिक्षण प्राप्त करेंगी। खिलाड़ियों के एकलव्य सेंटर रवाना होने से पहले कादरी मध्य विद्यालय में सम्मान समारोह आयोजित कर उन्हें सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुरेंद्र प्रसाद ने सभी खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह में उपस्थित लोगों ने तालियों के साथ खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस उपलब्धि को दाउदनगर क्षेत्र के लिए गौरवपूर्ण माना जा रहा है। मां शारदे फुटबॉल क्लब की इन खिलाड़ियों का चयन अप्रैल माह में आयोजित ट्रायल के आधार पर किया गया। ट्रायल में क्लब की कुल 15 खिलाड़ियों ने भाग लिया था, जिनमें से 14 खिलाड़ियों का चयन हुआ। चयनित खिलाड़ियों में स्नेहा कुमारी, खुशी कुमारी, काजल कुमारी, प्रतिज्ञा कुमारी, नेहा कुमारी, सलोनी कुमारी, जूही कुमारी, आरुषि कुमारी, ज्योति कुमारी, सकीना महनूर, अलीशा कुमारी, अंजली कुमारी, कुमकुम कुमारी और मोनी कुमारी शामिल हैं।

एकलव्य सेंटर में खिलाड़ियों को निःशुल्क आवास, भोजन, पढ़ाई और खेल प्रशिक्षण की सुविधा मिलेगी। यहां आधुनिक सुविधाओं और विशेषज्ञ प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में उन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए तैयार किया जाएगा। इन खिलाड़ियों ने मां शारदे फुटबॉल क्लब, दाउदनगर में नियमित अभ्यास और मेहनत के बल पर यह सफलता हासिल की है।

## लूटी गई बाइक बनतारा जंगल से बरामद

**गोह (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** गोह थाना क्षेत्र में देवकुण्ड पुलिस ने बनतारा जंगल से कांड संख्या 67/25 से संबंधित लूटी गई एक बाइक बरामद की है। यह जानकारी थाना प्रभारी मनीष कुमार ने गुरुवार को दी। पुलिस ने इस मामले में दुलार विगहा निवासी अमन कुमार को रिमांड पर लिया था। एक सप्ताह पूर्व उसके घर पर इश्तेहार भी चिपकाया गया था। कड़ाई से पूछताछ के दौरान अमन ने बताया कि लूटी गई बाइक बनतारा जंगल में छिपाई गई है। अमन की निशानदेही पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए बाइक को जंगल से बरामद कर लिया। इस मामले में पहले ही पांच अन्य युवक जेल जा चुके हैं। पुलिस ने इस घटना का पर्दाफाश करते हुए बाइक की बरामदगी और एक आरोपी की गिरफ्तारी सुनिश्चित की है।